डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 12

श्रवण कृष्ण पक्ष 15, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 04 अगस्त 2024, वर्ष-30, अंक-287, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

संसेक्स 80,981.95 -885.59

डॉलर 83.791 +0.061

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 69,730
01 किलो 82,670



एससी आरक्षण में उप-समूह बनाने के फैसले...

# अबकी बरस सावन में, कोयल नदी उफान पर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर/मोहम्मदगंज।** दो दिनों से कभी कम कभी झमाझम लगातार बारिश से कोयल नदी उफान पर आ गया। जबकि काशीसोत, राजबारा सहित अन्य पहाड़ी नदियों में कई वर्षों बाद तेज जलप्रवाह देखा गया। खेतों में पानी जमा होने से धनरोपनी का दृश्य नयनाभिराम लगा। कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश के अनुसार भीम बराज में जलस्तर काफी बढ़ जाने से इसके 40 में से 38 गेट को करीब 3 मीटर खोल दिया गया है। इससे नदी के डाउन स्ट्रीम में शाम 4 बजे तक 1.24 लाख क्यूसेक जलप्रवाह दर्ज किया गया। जबकि मुख्य नहर में जलप्रवाह को पूरी तरह से रोक दिया गया है। उधर कोयल नदी में उफान की वजह से इसके नीचले भाग में स्थानीय श्मशानघाट के पास गाइड बांध के कटे होने से इससे होकर मैदानी इलाकों में पानी के तेज बहाव और कोयल-काशीसोत संगम पर दबाव से बड़े भूभाग में बाढ़ के पानी समा जाने से करीब 20 से अधिक एकड़ में लगी धान, मक्का व अन्य भदई फसलों को नुकसान पहुंचा। जिन किसानों ने सिंचाई के वैकल्पिक साधन से धनरोपनी कर जमा पूंजी को भगवान भरोसे जमीन में डाला था, उनकी उम्मीदों पर उनके आशीर्वाद की झमाझम बारिश से हरियाली और खुशी देखने को मिली। कोयल नदी की गोद में बसे तटवर्ती सहारबिहरा में बाढ़ का पानी के समाने से बड़े पैमाने पर धान की फसल को नुकसान पहुंचने की बात कही गई है। वर्षों बाद ऐसी वर्षा और बाढ़ लोगों के लिए कौतूहल का विषय बना रहा। काफी संख्या में लोगों ने घरों से बाहर निकल कर प्राकृतिक के इस मंजर का अवलोकन किया। मौसम पूवार्नुमान में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी होने की स्थिति में एसपी के निदेर्शानुसार थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी नेकादलकुर्मी, मोहम्मदगंज, भजनियां, कोल्हुआ, बीरधवर, सहारबिहरा, गाजीबिहरा आदि गांवों में ध्वनि विस्तारक यंत्र से लोगों से नदी किनारे नहीं जाने और सेल्फी लेने की कोशिश नहीं करने की लगातार अपील की। इसे लेकर पुलिस गश्त भी जारी रखा। बराज कंट्रोल रूम में प्रतिनियुक्त कनीय अभियंता विनोद राम ने बताया कि बराज में अभी और जलस्तर बढ़ने की संभावना के मद्देनजर कोयल नदी के डाउन स्ट्रीम किनारे के गांव के लोगों को बाढ़ लेकर सावधानी के प्रति आगाह कर दिया गया है।

- कोयल नदी में बाढ़ की वजह से बराज के 38 फाटक खोले, डाउन स्ट्रीम में 1.24 लाख क्यूसेक तेज जलप्रवाह
- कोयल-काशीसोत संगम पर 20 से अधिक एकड़ में लगी फसलों को नुकसान, सहारबिहरा में पानी समाया फसलों की क्षति पहुंची
- पुलिस और जलसंसाधन विभाग नदी किनारे के लोगों को अलर्ट किया
- बराज कंट्रोल रूम ने जलप्रवाह और बढ़ने की संभावना जताई
- मैदानी इलाकों में धनरोपनी करने वाले किसानों में खुशी

## एक नजर

### मां छिन्नमस्तिका मंदिर में घुसा बाढ़ का पानी



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में पिछले 48 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। जिसकी वजह से नदियों में बाढ़ आ गई है। दामोदर और भैरवी नदी का जलस्तर अचानक से बढ़ गया है। भैरवी नदी में बाढ़ आने की वजह से रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका के मंदिर में भी पानी घुस गया है। वहां श्रद्धालुओं के लिए मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया है। दूसरे द्वारा से श्रद्धालुओं को प्रवेश कराया जा रहा है। भैरवी नदी का पानी बली स्थल तक पहुंच गया है। साथ ही अन्य रास्तों में भी पानी घुस गया है, जिसकी वजह से लोगों को परेशानी हो रही है।

कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

## वैश्विक भूख और कुपोषण दूर करने में भारत निभा सकता है अहम भूमिका : मोदी




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत ने एक मजबूत कृषि क्षेत्र के साथ फूड सरप्लस देश के रूप में अपनी पहचान बनाई है। भारत जलवायु परिवर्तन की चुनौती के बावजूद विश्व स्तर पर भूख और कुपोषण की समस्या का समाधान करने में मदद करने के लिए अपने अनुभव को साझा करने के लिए तैयार है। पीएम मोदी ने कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत ने देश के किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए विभिन्न फसलों के लिए 1,900 से ज्यादा नई जलवायु-अनुकूल किस्मों के बीज विकसित किए गए हैं, जिनमें चावल की वे किस्में भी शामिल हैं जिन्हें 25 प्रतिशत कम पानी की जरूरत होती है। इस सम्मेलन में 75 देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने काले चावल और बाजरा जैसे 'सुपरफूड्स' की एक बास्केट (टोकरी) भी विकसित की है। देश इसे दुनिया के साथ साझा करने के लिए तैयार है, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ को लाभ पहुंचाने के लिए। शेष पृष्ठ 11 पर

**1,900** से ज्यादा विभिन्न फसलों के नई जलवायु-अनुकूलबीज विकसित किए गए हैं

**25** प्रतिशत कम पानी की जरूरत वाली धान बीच की किस्में भी विकसित किए गए हैं

## अयोध्या गैंगरेप के आरोपी मोईद खान की बेकरी शॉप पर चला बुलडोजर, जमींदोज

**एजेंसी**



**उत्तरप्रदेश।** अयोध्या में 12 साल की बच्ची के साथ गैंगरेप मामले में आरोपी मोईद खान के बेकरी पर बुलडोजर कार्रवाई हुई है। जिला प्रशासन ने उसकी बेकरी पर बुलडोजर चला दिया है। इस मामले में योगी सरकार एक्शन मोड में आ गई है। शनिवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने आरोपी मोईद खान की बेकरी पर छापा मारा है। अधिकारियों ने बेकरी में बन रहे सामानों को जब्त कर इसे जांच के लिए भेज दिया है। वहीं, बेकरी को सील कर दिया गया है। बच्ची के साथ इसी बेकरी में उस पर गैंगरेप करने का आरोप लगा था। मालूम हो कि महिला सुरक्षा को लेकर यूपी की योगी सरकार काफी गंभीर है। योगी आदित्यनाथ ने 12 साल की बच्ची के साथ गैंगरेप मामले में सपा नेता मोईद खान का मुद्दा विधानसभा में भी उठाया था। उन्होंने समाजवादी पार्टी को घेरते हुए कहा था कि अब तक सपा नेता पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। योगी ने कहा था कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। इधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पीड़ित के परिजनों से मुलाकात की। उन्हें भरोसा दिलाया कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे। सीएम के इस भरोसे के बाद से ही मोईद खान पर कार्रवाई शुरू हो गई शेष पृष्ठ 11 पर

रांची में लगातार दूसरे दिन हाई प्रोफाइल मर्डर से दहशत

## स्पेशल ब्रांच के सब इंस्पेक्टर की कांके में गोली मारकर हत्या

- मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने रोड के किनारे शव पड़ा देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। लूट-छिनतई-चोरी तो छोड़िए रोज प्रभावशाली लोगों की हत्याएं हो रही हैं। अभी शुक्रवार को अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की दिनदहाड़े हत्या की बात ठंडी भी नहीं पड़ी थी कि शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात स्पेशल ब्रांच में पदस्थापित हाई प्रोफाइल पुलिस सब-इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की कांके थाना क्षेत्र के रिंग-रोड में हत्या कर दी गई। दरोगा अनुपम कच्छप का शव शनिवार सुबह शहर के कांके इलाके में रिंग रोड के पास से बरामद किया गया है। वह पुलिस की स्पेशल ब्रांच में पोस्टेड थे। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने रोड के किनारे शव पड़ा देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि अनुपम शुक्रवार रात कांके रिंग रोड में एक ढाबे पर अपने कुछ दोस्तों के साथ पार्टी करने गए थे। उनके दोस्त कार से लौटे, जबकि वह बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी गोली मारकर हत्या की गई। उन्हें दो गोलियां मारी गईं। वारदात की शेष पृष्ठ 11 पर




### एसआईटी ने शुरू की जांच, 14 हिरासत में

**रांची।** स्पेशल ब्रांच में पदस्थापित पुलिस सब-इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की कांके थाना क्षेत्र के रिंग-रोड में हुई हत्या की घटना को लेकर एसआईटी टीम ने अनुंसधान शुरू कर दिया है। मामले में पुलिस ने 14 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में दो डीएसपी, आठ इंस्पेक्टर और पांच सब-इंस्पेक्टर को एसआईटी टीम में शामिल किया गया है। मालूम हो कि घटना के बाद रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने शेष पृष्ठ 11 पर

### भाई की हत्या हुई है, आरोपियों को बख्शेंगे नहीं : डीजीपी

**रांची।** स्पेशल ब्रांच में पदस्थापित पुलिस सब-इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की हत्या से डीजीपी अनुराग गुप्ता काफी दुखी दिखे। शनिवार को उन्होंने कहा भाई की हत्या हुई है दोषियों को बख्शेंगे नहीं। रांची के समाहरणालय पुलिस के वरीय अधिकारियों व थानेदारों के साथ बैठक में डीजीपी ने साफ कहा कि बेहतर पुलिसिंग करें। यदि पुलिस वाले बेहतर काम करेंगे, तो राज्य में पुलिस पर जनता का विश्वास बढ़ेगा। यदि कोई पुलिस वाला किसी विवाद में पड़ता है या फिर जमीन के विवाद में उसका नाम आता है तो उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। डीजीपी ने कहा कि वह एंटी करप्शन ब्यूरो के भी डीजी हैं। जमीन मामले में पुलिसकर्मियों की संलिप्तता सामने आएगी तो उन पर एसीबी भी कार्रवाई करेगी।

### हेमंत सरकार में गुंडे-अपराधी छोड़ कोई सुरक्षित नहीं : मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को राज्य में बढ़ते अपराध की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराया। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार में गुंडों और अपराधियों को छोड़कर कोई भी सुरक्षित नहीं है। यहां तक की जनता को सुरक्षा देने वाली पुलिस भी सुरक्षित नहीं है। शेष पृष्ठ 11 पर

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें


1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

आज | कल




इंडिया

## दुश्मनी आसान दोस्ती कठिन पर असंभव नहीं



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

कहावत है दुश्मनी करना आसान है पर दोस्ती निभाना कठिन। आज जब हम सिर्फ सफलता और संपत्ति के पीछे दौड़ रहे हैं तो प्राचीन भारतीय शास्त्र या पूरा भारतीय वाङ्मय सामने आता है जिसमें सभी कुछ कथाओं या प्रसंगों के माध्यम से वर्णित है और नीतियों के माध्यम से बताया गया है कि जब संविधान नहीं थे तब इन्हीं कंठाग्र शास्त्रों के माध्यम से बताया जाता था कि उचित अनुचित क्या है और हमारे सुख या दुःख के कारक क्या हैं ।धीरे धीरे नैतिक शिक्षा को पाठ्यक्रम से हटाया गया और पूरे भारतीय नीति शास्त्र को ही अप्रासंगिक या वैज्ञानिक बताकर पश्चिमी मॉडल को अपनाया गया जो सफलता के साथ स्वार्थी भी बनाता है जहां संबंधों से अधिक व्यक्तिगत उपलब्धि और धनोपार्जन को महत्व देकर कॉर्पोरेट कल्चर नाम दिया गया। पर इन सबके बीच मित्रता का प्राकृतिक भाव कभी समाप्त नहीं हुआ। मैत्रीभाव आज के सोशल मीडिया के आभासी दुनिया में जितना दिखता है वास्तव में होता नहीं है जिस कारण दिवस मनाने की आवश्यकता हुई। संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2011 में 30 जुलाई को फ्रेंडशिप डे घोषित किया और यह तिथि विश्व स्तर पर मनाई जाती है। इस महत्त्वपूर्ण आयोजन के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र पृथ्वी पर सभी लोगों के बीच समझ, सहयोग और एकजुटता को बढ़ावा देता है। यह सभी पृष्ठभूमियों, जातियों और देशों की मित्रता का सम्मान करने का दिन है ।जबकि अगस्त के पहले रविवार को कई देश मित्रता दिवस मनाते हैं, विशेषकर भारत में। यह प्रथा, जो ग्रीटिंग कार्ड व्यवसाय से उत्पन्न हुई थी, समय के साथ अविश्वसनीय रूप से लोकप्रिय होती गई। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 2011 में अंतरराष्ट्रीय मैत्री दिवस की घोषणा इस विचार के साथ की गई थी कि लोगों, देशों, संस्कृतियों और व्यक्तियों के बीच मित्रता शांति प्रयासों को प्रेरित कर सकती है और समुदायों के बीच सेतु का निर्माण कर सकती है। प्रस्ताव में युवाओं को भावी नेताओं के रूप में सामुदायिक गतिविधियों में शामिल करने पर जोर दिया गया है, जिसमें विभिन्न संस्कृतियां शामिल हों और अंतरराष्ट्रीय समझ और विविधता के प्रति सम्मान को बढ़ावा मिले। 'अंतरराष्ट्रीय मैत्री दिवस विभिन्न पृष्ठभूमि, देशों और संस्कृतियों के लोगों के बीच मित्रता को बढ़ावा देता है। मनुष्य सामाजिक प्राणी माने जाते हैं, इसलिए मित्रता सामान्य सौहार्द को बढ़ावा दे सकती है, अकेलेपन को कम कर सकती है, तथा भावनात्मक समर्थन प्रदान कर सकती है। यह दिन लोगों को एक साथ आने और विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है, जो मित्रता, एकजुटता और समझ को बढ़ावा देते हैं। यह दिन विश्व की संस्कृतियों और दृष्टिकोणों की विविधता के साथ-साथ मानवीय संबंधों की गहराई का उत्सव मनाता है। युवाओं को मैत्री-निर्माण गतिविधियों में शामिल करके यह दिन भविष्य के के विकास को बढ़ावा देता है, जो विश्व शांति और नागरिकता के लिए समर्पित हैं।' सौहार्दपूर्ण संबंधों को संचित करके और विश्वास के मजबूत संबंधों को विकसित करके हम उन मूलभूत बदलावों में योगदान दे सकते हैं, जो स्थायी स्थिरता प्राप्त करने के लिए तत्काल आवश्यक हैं, एक सुरक्षा जाल बुन सकते हैं, जो हम सभी की रक्षा करेगा और एक बेहतर दुनिया के लिए जुनून पैदा करेगा, जहां सभी लोग व्यापक भलाई के लिए एकजुट होंगे।' भारत में कृष्ण सुदामा मैत्री को आदर्श माना जाता है और द्रुपद द्रोणाचार्य को युद्ध और विध्वंस का उदाहरण। आज अहंकार का त्याग,एक दूसरे का सम्मान मुस्कान और सहयोग सीख जाएं तो विश्व की बड़ी समस्याओं का अंत हो जाएगा। मानवता की रक्षा के लिए यही उचित भी है।

### विश्व मैत्री दिवस



### अगले 48 घंटे तक तेज बारिश के आसार

**रांची।** मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि उत्तरी झारखंड और उसके आसपास के इलाकों में बना दबाव पिछले छह घंटों के दौरान पांच किलोमीटर प्रति घंटे की गति से पश्चिम की ओर बढ़ा। शनिवार सुबह सुबह 3 बजे से साढ़े पांच बजे तक यह उसी क्षेत्र में केंद्रित रहा, जो गया (बिहार) से लगभग 70 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपश्चिम और डालटनगंज (झारखंड) से 60 किलोमीटर पूर्व-उत्तरपूर्व में है। अगले 48 घंटों के दौरान यह उत्तर-पश्चिम झारखंड, दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश और उससे सटे उत्तरी छत्तीसगढ़ में पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ सकता है। बारिश से तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है।

# बरसात में एनएच-39 की ब्रहमोरिया गांव की सड़क यात्रियों को बढ़ा रही मुश्किलें

नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार।** बारिश की पहली पानी में ब्रहमोरिया गांव में नवनिर्मित एनएच 39 फोरलेन का सड़क का आधा हिस्सा धंस गया है। वहीं कई जगहों पर दरार पड़ गई। ब्रहमोरिया-चेचरिया गांव के मध्य से गुजरने वाली सड़क को लगभग 8-10 फीट हाइट मिट्टी आदि की फीलिंग कर कालीकरण किया गया है। इस बारिश में सड़क के आधा हिस्सा खिसक गए। जो दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। आते-जाते भारी वाहनों को यह डर सदैव बना है कि सड़क कब और कहां धंस जाएगा। निर्माण कर रही कंपनी की खराब निर्माण कार्य को लेकर कई लोगों पर इनके द्वारा प्राथमिकी भी कराई जा चुकी है। सड़क निर्माण के क्रम में मौरंग व फ्लाई ऐश डस्ट का उपयोग जरूरत के अनुसार हाइट देने में किया जाना था। जिस पर पानी का बहाव करते हुए दो-तीन लेयर जीएसबी डालते हुए हाई प्रेशर मशीन से दबाया जाना है। जिससे सड़क को बरसात में भी किसी तरह की तकनीकी खराबी न आए। भारी वाहनों के परिचालन से सड़क क्षतिग्रस्त ना हो इसे देखते हुए उसके क्षमता के अनुकूल दबाव देकर निर्माण कार्य पूरा कराई जाती है। लेकिन ऐसा कहीं भी कंपनी के द्वारा नहीं किया गया। बरसात के पूर्व ही भारी वाहनों की आवागमन के कारण सड़कों पर दरार पड़ गई है।

**कंपनी की लापरवाही से घरों व दुकानों में घुसा बरसाती पानी :** ब्रहमोरिया मोड़ एनएच 39 पर फोरलेन निर्माण कार्य करा रही कंपनी भारतीय वाणिज्य इस्टर्न लिमिटेड कंपनी की लापरवाही के कारण ब्रहमोरिया मोड़ सड़क किनारे अवस्थित सभी घरों दुकानों में बरसाती पानी घुस गया है। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घरों-दुकानों के अंदर रखे सामान पानी से खराब हो गया है। डॉ. सुजीत कुमार, विजय प्रसाद, राजीव गुप्ता, मंदीश गुप्ता आदि ने कहा कि बताया कि ब्रहमोरिया मोड़ पर फ्लाईओवर का निर्माण कराया गया है। जिसपर आवागमन बहाल करने के लिए मिट्टी भर दिए गए। पूर्व से बने कलभट जिससे पानी का निकास होता था, उसे भी बंद कर दिया गया। जिसके कारण बरसाती पानी घरों दुकानों में घुस रहे है। लोगों ने बताया कि कंपनी के कर्मी जबरन निर्माण कार्य करा रहे हैं। अधिग्रहित जमीन व घर में किसी का मुआवजा नहीं मिला है। जबरन घर के दरवाजे तक मिट्टी डालकर परेशान किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील करते हुए कहा है कि वैकल्पिक व्यवस्था कर पानी निकासी की सुविधा बहाल हो। ताकि बरसाती पानी घरों दुकानों में न घुसे।

फ्लाईओवर निर्माण के क्रम में मिट्टी डाले जाने के कारण ब्रहमोरिया मोड़ पर घरों में घुसा पानी



### प्रशासन तकनीकी निर्माण कार्य की जांच करा कार्रवाई करें : पंसस

नावाबाजार पंसस हरिशंकर दुबे ने कहा कि कंपनी के द्वारा कहीं भी नियमानुसार कार्य नहीं कराया गया है। केवल औपचारिकता पूरी कर जैसे-तैसे निर्माण कार्य को गति दी गई है। रैयतों को मुआवजा के रुप में एक रुपए का भी भुगतान नहीं किया गया। पहली बरसात की पानी में सड़क के आधे हिस्से का खिसक जाना घटिया निर्माण कार्य का साक्ष्य है। इसके पहले भी कई जगह बरसात पूर्व हीं फट गया है। प्रशासन इसकी तकनीकी निर्माण कार्य की जांच कराते हुए कार्रवाई करें।

## एक नजर

### बारिश से मकान का छत गिरने से एक महिला घायल

**नौडीहा बाजार।** लगातार मूसलाधार बारिश से जल जीवनव्यस्त नौडीहा प्रखंड के सरईडीह अंतर्गत कर्मडीह में कच्चा मकान की छत गिरने से योगेंद्र यादव के पत्नी 30 वर्षीय सरिता देवी घायल हो गई। परिजन घायल महिला का इलाज निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। बता दे की ग्रामीण को झारखंड राज्य सरकार ने गरीब असहाय लोगों के लिए विभिन्न योजना का मुहायिया चलाई गई है। जैसे की अबुवा आवास योजना पारित की गई है। लेकिन इस योजना से लाभ लेने से वंचित हैं।

### आपसी समनवय बनाकर काम करें : प्रशासन

**पाटन।** पाटन प्रखंड में मूसलधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बारिश होने की वजह से सगुना पंचायत के खरोंधा गांव के कुछ लोगों द्वारा बरसात के पानी को रोकने का काम किया। वहां के लोगों ने जानाकारी बीडीओ,सीओ व पाटन थाना प्रभारी को दी। मौके पर पहुंचे बीडीओ अमित कुमार झा सीओ प्रवीण कुमार सिंह थाना प्रभारी लालजी ने लोगों को समझाते हुए बरसात का पानी निकालने को प्रेरित किया। अधिकारी ने लोगों को आपसी समन्वय बनाकर चलने की बात कही हैं।

### मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना शिविर का आयोजन

**नौडीहा बाजार।** प्रखण्ड अंतर्गत डगरा पंचायत सचिवालय में ग्राम महिला सेविका के द्वारा झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत जो की 21 वर्ष से 50 वर्ष तक के महिला के लिए शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें डगरा पंचायत के विभिन्न गांव क्षेत्र के ग्रामीण महिला अपनी अपनी कागजात उपलब्धता के साथ लेकर पहुंचे, लेकिन इंटरनेट नहीं चलने के कारण सभी महिलाओं को घर वापस जाना पड़ा। वहीं सेविका मंदोदरी देवी ने बताया कि सभी जितने भी महिला अपने अपने फॉर्म लेकर जो आई थी, लेकिन उन सभी महिलाओं का फॉर्म जमा ले लिया गया है।

### पाटन में मंईयां सम्मान योजना के 2024 आवेदन प्राप्त हुए

**पाटन।** मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत 3 से 10 अगस्त तक हर पंचायत भवन में विशेष कैम्प आयोजित किया जा रहा है। कैम्प में महिलाओं के भीड़ देखी जा रही है। हर पंचायत मे लगे कैम्प का घूम घूम कर निरीक्षण बीडीओ अमित कुमार झा, सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने किया। इस योजना के तहत सभी पंचायत को मिलाकर 2024 आवेदन प्राप्त हुए। इस निरीक्षण के क्रम में बीडीओ व सीओ ने बताया कि किसी प्रकार की कोई त्रुटि हो तो उन्हें सूचित करें।

## कादलकुर्मी में बारिश से मकान क्षतिग्रस्त



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** दो दिनों की बरसात में कच्चे मकान के भी क्षतिग्रस्त होने की खबरें सामने आई हैं। फिलहाल जानकारी मिली है कि अंचल अंतर्गत कादल कुर्मी गांव निवासी चंदन कुमार का एस्बेस्टस और खपरैल के मकान के एक हिस्सा दो दिन से हो रही लगातार बारिश से क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे इस परिवार की परेशानी बढ गई है। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, जिला पार्षद अंजू देवी और युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख अर्चना देवी, उपप्रमुख नगीना सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह,कांग्रेस, राकांपा और झामुमो प्रखंड अध्यक्ष नदीम खान, रुद्र प्रताप सिंह, रामवचन बैठा व 20-सूत्री समिति उपाध्यक्ष अजीत सिंह ने सभी पंचायतों में बरसात से क्षतिग्रस्त मकानों का सर्वेक्षण कराकर प्रभावित परिवार को सरकारी योजना का लाभ पहुंचाने की मांग की है।

## मुख्यमंत्री से मिला वित्त रहित इंटर कॉलेज स्कूलों के शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल

नवीन मेल संवाददाता



**हैदरनगर।** एसबीएस कॉलेज जपला के वित रहित शिक्षा संयुक्त शिक्षकों के साथ एक प्रतिनिधिमंडल विधायक अनूप कुमार सिंह, कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के नेतृत्व में वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के कई सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधानसभा कक्ष में मिलकर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया। इनकी मांगों में शिक्षक व कर्मियों को राज्यकर्मी का दर्जा देने, अनुदान की राशि 75 प्रतिशत वृद्धि के विभागीय प्रस्ताव को मंत्री परिषद में भेजने व राशि सीधे शिक्षक, कर्मचारियों के खाते में देने, इंटरमीडिएट मे पूर्व निर्धारित सीट को रखने, स्कूल, इंटर कॉलेज में बच्चों के पोषक, छात्रवृत्ति, किताब, साइकिल देने आदि शामिल है। मुख्यमंत्री ने राज्यकर्मी का दर्जा देने, समान काम के समान वेतन देने के सदन में दिए गए आश्वासन पर कार्रवाई करने का आश्वासन मोर्चा को दिया है। अनुदान की राशि सीधे शिक्षक कर्मचारियों के खाते में भेजने के मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सभी मांग जायज है। साथ ही कहा कि शीघ्र ही इस पर निर्णय लिया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने नए राज्यपाल से भी बात करने की बात कही है। इस बीच शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम भी मोर्चा की मांगों का समर्थन मुख्यमंत्री से किया। उन्होंने कहा कि इनकी मांगों पर कार्रवाई भी चल रही है। कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, बंधु तिर्की ने मुख्यमंत्री से कहा कि इनकी मांग काफी दिनों से लटका है। मुख्यमंत्री ने मोर्चा के ज्ञापन पर आवशयक कार्रवाई के लिए आप्त सचिव को आदेश भी दिया।प्रतिनिधि मंडल में रघुनाथ सिंह,अरविंद।कुमार सिंह, संजय कुमार ,मनीष कुमार, हरिहर प्रसाद कुशवाहा, प्राचार्य संजय कुमार सिंह, पीके सिंह थे।

## आसेहार पंचायत से कांवर यात्रा के लिए बस रवना



नवीन मेल संवाददाता

**सगालिम।** पांकी प्रखंड क्षेत्र के आसेहार से कांवर यात्रियों का एक जथा बाबा धाम के लिए रवाना हुआ। सभी कांवरियों ने आसेहार देवी मंडप और शिव मंदिर में पूजा अर्चना किए उसके बाद मुख्य अतिथि आसेहार मुखिया देवसागर राम और आप नेता कौशल किशोर बच्चन के द्वारा फीता काट कर कांवरिया बस को रवाना किया गया। सभी ने मंगल यात्रा की शुभ कामना दिया। सभी कांवरिया ने आसेहार से विन्ध्याचल, काशी विश्वनाथ, तारा चंडी, सासाराम, बोधगया, सुल्तान गंज, देवघर, बसुकीनाथ, राजगीर, भद्रकाली मंदिर, रजरपा मंदिर, नगर भगवती मंदिर, को दर्शन करते हुए आसेहार वापसी लौटेंगे। मौके पर मुख्य अतिथियों ने कहा कि शिव की भक्ति में अपार शक्ति होती है। बाबा धाम भगवान शिव का सबसे पवित्र स्थल माना जाता है। बाबा धाम मंदिर में जाने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। इसलिए मंदिर में स्थापित शिवलिंग को कामना लिंग के नाम से भी जाना जाता है। आसेहार से शिव भक्त आदर्श कुमार, लड्डू राज, विनोद विश्वकर्मा, विकाश कुमार, संतोष चंद्रवंशी, नवीन कुमार, पिंटू गुप्ता, संतोष कुमार, भोलन राम, सबिता देवी, रामस्वरूप राम, सनोज कुमार, अयोध्या प्रसाद, सनी, बिकू आदि ने बाबा भोले नाथ पर जल चढ़ाने के लिए रवाना हुए।

## मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के शिविर में ग्रामीणों के बीत गए दिन

### कहीं भी साइट नहीं खुलने से एक भी आवेदन ऑनलाइन नहीं हो सका अपलोड



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** राज्य सरकार और जिला प्रशासन के निर्देश पर शनिवार से प्रखंड के सभी 12 पंचायतों में मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना से महिलाओं को आच्छादित करने को शिविर का आयोजन शुरू किया गया है। यह शिविर लगातार 10 अगस्त तक चलेगा। इस शिविर की शत प्रतिशत सफलता प्राप्त करने के लिए बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. अजय जयसवाल, मुखिया सुदर्शन राम जितेंद्र सिंह, कमल कुमार पासवान, नाजमा खातून, उपमुखिया पवन कुमार के साथ संबंधित पंचायतों में जायजा लिया। किन्तु सुबह दस बजे से शुरू इस शिविर में उपस्थित लोगों में निराशा अपराह्न तीन बजे छा गई। जब इस समय तक लंबी प्रतिक्षा के बाद भी साइट नहीं खुला। हैदरनगर पूर्वी पंचायत सचिवालय एकमात्र आवेदन ऑनलाइन अपलोड किए गए। जबकि कुल 76 आवेदन ऑफलाइन लिए गए हैं। इसके लिए गत पांच दिनों से व्यस्त संबंधित महिला लाभुकों का फॉर्म ऑनलाइन नहीं जमा होने से असंतोष भी है।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की सफलता को लेकर निजी अस्पताल संचालकों के साथ बैठक, दिए कई निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में शनिवार को आगामी 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन अभियान कार्यक्रम के लिए सभी निजी अस्पतालों के संचालकों के साथ बैठक हुई। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. दीपक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बताया कि विभागीय निर्देशानुसार सभी संचालक अभियान के दौरान दवा के प्रतिकूल प्रभाव से पीड़ित लोगों का इलाज निः शुल्क करेंगे। इलाजरत लोगों का जो भी विपत्र होगा, उसका भुगतान स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किया जायेगा। साथ ही अस्पताल संचालक भी अपने स्तर से कार्यक्रम का प्रचार प्रसार करेंगे, ताकि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाया जा सकें। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के अलावा प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता, विंध्यवासिनी हॉस्पिटल, केके हॉस्पिटल, न्यू वनांचल हॉस्पिटल, उपकार आई हॉस्पिटल, आस्था हॉस्पिटल, आदर्श हॉस्पिटल आदि के संचालक मौजूद थे। इसी सन्दर्भ में सोमवार को सभी धर्म गुरुओं व मीडिया के साथ भी बैठक हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के सभागार में सुनिश्चित हुआ है।

## अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण

# इसीआरकेयू की पहल पर जपला में खुलेगा रेल हॉस्पीटल : मिथलेश

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** एआईआरएफ एवं पूर्व मध्य रेलवे से मान्यता प्राप्त एक मात्र रेल संगठन ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की पहल पर जपला, हैदरनगर, कोशियारा, मोहम्मदगंज, सतबहिनी, उंटारी रोड,करकटा, सिगसिगी, कजरात नावाडीह, नबीनगर, बड़की सलैया अकोढ़ा, बाघा बिशनपुर एवं सोन नगर फ्लाईओवर रेलवे स्टेशन में कार्यरत हजारों रेल कर्मियों एवं उनके आश्रितों के लिए बहुत जल्द जपला में रेलवे हॉस्पिटल खुलेगी। जिससे इन तमाम 14 स्टेशनों पर कार्यरत रेल कर्मियों एवं उनके आश्रितों को सीधे स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। झमाझम बारिश के बीच जपला स्टेशन पर रेल



हॉस्पिटल खोलने को लेकर अधिकारियों व कर्मचारी यूनियन की एक टीम ने स्थल का निरीक्षण किया। जिसमें डीडीयू रेल मंडल के चीफ मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉक्टर केशव चंप्रमनारी, सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरदीप कुमार सिंह, सहायक मंडल अभियंता जपला संतोष कुमार, ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष बीरेंद्र पासवान, सचिव एसपी सिंह, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (कार्य) संजीव कुमार, स्टेशन प्रबंधक संजय सिंह, यातायात निरीक्षक अजय कुमार शामिल थे। जपला स्टेशन पर ही हॉस्पिटल के लिए स्थल चयन के बाद टीम ने सहायक मंडल अभियंता जपला के कार्यालय में बैठक की एवं यथाशीघ्र मंडल रेल प्रबंधक के अनुमोदन के उपरांत हॉस्पिटल खोलने पर सहमति जताई। बैठक की जानकारी देते हुए एआईआरएफ के केन्द्रीय नेता व डीडीयू रेल मंडल के पीएनएम प्रभारी मिथलेश कुमार एवं इसीआरकेयू अध्यक्ष बीरेंद्र पासवान ने बताया कि बीडी सेक्शन के रेल कर्मचारियों और उनके आश्रितों को स्वास्थ्य चेकअप या अन्य चिकित्सा सुविधा के लिए डेहरी रेलवे हॉस्पिटल आना-जाना पड़ता था। जिसे रेलकर्मियों को काफी दिक्कत होती थी। इसी के मध्य नजर कर्मचारियों के हित में यूनियन और फेडरेशन ने महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल एवं मंडल रेल प्रबंधक डीडीयू संग हुई यूनियन की स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक में यूनियन ने मामले को काफी गंभीरता से उठाया था। जिसके कारण जपला में रेलवे हॉस्पिटल खुलने की उम्मीद जगी है।

## न्यूज बॉक्स

### जल सहिया प्रीति गुप्ता को आईएएस अजय नाथ झा ने स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**सतबरवा।** ट्रांसफॉर्म रुलर इंडिया के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम होटल चाणक्य बीएनआर रांची में अच्छा कार्य के लिए सतबरवा की जल सहिया प्रीति गुप्ता को आईएएस अजय नाथ झा ने स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर आईएएस अजय नाथ झा ने कहा कि हमारे सामुदायिक चैंपियंस के असाधारण काम को पहचानना, जिन्होंने परिवर्तन लाने वालों के रूप में काम किया है। उनके समुदायों के भीतर सकारात्मक विकास को बढ़ावा देना सर्वोपरि है। उनके समर्पण और प्रभावशाली प्रयासों ने महत्वपूर्ण अंतर पैदा किया है। अपना आभार व्यक्त करने के लिए, टीआरआई इन चैंपियंस को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, उपहार देकर सम्मानित किया।

### 12 घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति बंद, लोग परेशान

**हुसैनाबाद।** मूसलाधार बारिश के दौरान 11 हजार वोल्ट बिजली तार में फॉल्ट हो जाने के कारण बिजली की आपूर्ति शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 12 घंटे से अधिक समय तक व शनिवार दोपहर तक ठप है। जानकारी के अनुसार लगातार हो रही बारिश के कारण जपला से देवरी बिजली सब स्टेशन के बीच मुख्य लाइन में कहीं फॉल्ट होने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई हैं। बारिश के कारण इसे दुरुस्त करने में विलंब होना बताया जा रहा है। बिजली की आपूर्ति ठप रहने से लोगों को काफी परेशानी हुई। लोगों की दिनचर्या पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। पानी के लिए लोगों को चापाकल का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति बंद रहने के कारण त्राहिमाम की स्थिति है। इससे हर वर्ग के लोगों को मोबाइल चार्ज करने के लिए भी परेशान रहे। जपला विद्युत कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि बिजली की नियमित आपूर्ति के लिए काम हो रहा है। बारिश के कारण आई खराबी से बिजली आपूर्ति में परेशानी हुई थी। 11 हजार वोल्ट तार में आई खराबी को ठीक किया जा रहा है। ठीक होने के बाद निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति करने के लिए वे प्रयासरत है।

### राज्य की हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल : राजीव

**हरिहरगंज।** भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने शनिवार को शहर के सब्जी मंडी स्थित नयन होटल में प्रेसवार्ता कर राज्य सरकार की विफलताओं को बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना चुनाव को देखकर लाया गया है। वह लॉलीपॉप है। सरकार ने चुनाव के पूर्व जो वादा किया था कि पांच लाख युवाओं को रोजगार देंगे। बेरोजगारी भत्ता मिलेगी। सहायक शिक्षक को स्थायी करेंगे। सेविका, सहायिका, रसोईया व जल सहिया बहनों तथा कृषक मित्रों को सपना दिखाकर भ्रमित किया गया। इसके साथ ही हेमंत सरकार की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पहले ही विफल हो चुका है। सरकार ने चुनाव के पूर्व जो वादा किया था, उसे पूरा करने में पूरी तरह से विफल है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले सरकार को जनता सबक सिखाएगी। प्रेस वार्ता में संजय जायसवाल, विजय प्रजापति, दिनेश स्वर्णकार, किशोर मेहता आदि मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर कैंप का पहला दिन

**मोहम्मदगंज।** झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का लाभ लेने को लेकर शनिवार को भारी वर्षा के बावजूद प्रखंड क्षेत्र के 8 पंचायतों में निर्धारित कैंप में अहर्त्ता धारक युवतियों और महिलाओं में काफी उत्साह दिखा। उन्होंने आवेदन तो जमा किया, मगर नेटवर्क के सर्वर के काम नहीं करने के कारण उनके फॉर्म के ऑनलाइन नहीं होने से उनमें बेचैनी दिखी। स्थानीय सामुदायिक भवन में आयोजित कैंप में शिलापर के एकमात्र महिला मनोज मेहता की पत्नी प्रमिला देवी का ही फॉर्म एप पर अपलोड किया जा सका। बाकी के भी सर्वर की गति सामान्य होने पर उनके फॉर्म अपलोड करने के प्रति आश्वस्त किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी ने बताया कि उक्त योजना के तहत पहले दिन विभिन्न शिविरों से कुल 886 आवेदन प्राप्त हुए हैं। मगर सर्वर धीमी होने के कारण मात्र 5 आवेदकों का फॉर्म ऑनलाइन पूर्ण हो पाया है।इसके बाद भी सभी आवेदकों के फॉर्म को ऑनलाइन करनेवाले की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

### मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का लगा शिविर



**हरिहरगंज।** मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत फॉर्म भरकर जरूरी दस्तावेज के साथ जमा करने का कार्य 3 अगस्त से पंचायतों तथा नगर पंचायत के चयनित स्थान में प्रारंभ कर दिया गया है। सभी पंचायत भवनों अथवा नगर पंचायत के चयनित स्थानों पर आवेदन जमा करने हेतु महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिला। खराब मौसम के बावजूद महिलाएं अपने-अपने केंद्र पहुंची। बिजली कटौती की समस्या के वजह से जरूरी दस्तावेजों की महिलाओं को छाया प्रति करने वाली महिलाओं को भारी दिकतों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा सर्वर में खराबी की वजह से ऑनलाइन आवेदन जमा कम हो पाया। जबकि ऑफलाइन कार्य ज्यादा हुआ। हरिहरगंज बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया ने बताया कि इस योजना के तहत करीब साढ़े चार सौ से अधिक आवेदन जमा लिए गए। वहीं उन्होंने बताया कि आगामी 10 अगस्त तक आवेदन लेने का कार्य होगा। इस मौके पर महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी सेविका, ब्लॉक कमी व नगर पंचायत कर्मी के अलावे बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### आदिम जनजाति परहिया गांव पहुंचे बीडीओ व थाना प्रभारी

**पाटन।** पाटन के नावाजयपुर में आदिम जनजाति परहिया जाति के लोगों को सरकारी योजना का लाभ उन तक पहुंचाने के लिए पाटन बीडीओ अमित कुमार झा व नावाजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय के पहल पर गुरुवार को होमिया गांव पहुंचे। वहां के लोगों का समस्या का हाल जाना। बीडीओ व थाना प्रभारी ने परहिया जाति के गरीब और नागें पाव वाले बच्चों के बीच 100 चप्पल, बिस्कुट, टॉफी का वितरण किया। बच्चों के स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया। पाटन बीडीओ ने बताया कि होमिया गांव सुदूर क्षेत्र होने के कारण यहां के लोगों को विकास के मामले में काफी पीछे है। जिला प्रशासन द्वारा वहां के सभी गरीब पिछड़े हुए सभी वर्गों के लोगों को हर संभव विकास की ओर ले जाने का प्रयास कर रही है। जागरूकता के अभाव में वहां के लोगों के पास आधार कार्ड से कई का आदमी डॉक्यूमेंट नहीं है, जिसे प्रशासन द्वारा व लगाकर उन्हें आवश्यक डॉक्यूमेंट बनाने का कार्य किया जाएगा।

# कोयल नदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने अलर्ट जारी किया



## तेज बारिश के बाद कोयल, अमानत, औरंगा उफान पर नगर निगम ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

- बारिश होने से कोयल नदी के तटवर्तीय इलाकों में लोग भयभीत
- कोयल नदी में बाढ़ के पानी को देखने के लिए सुबह से ही लगी रही भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीननगर।** पलामू जिले में शुक्रवार रात से शुरू हुई मूसलाधार बारिश से जिले की प्रमुख नदियां कोयल, अमानत, औरंगा काफी सालों के बाद उफान पर है। तीनों नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। नदी के दोनों तरफ पानी का बहाव काफी तेज है। तटीय क्षेत्र में मौजूद निचले इलाकों में पानी भर गया है। इस कारण लोगों की परेशानी बढ़ी है। शहर के कोयल नदी में बाढ़ का पानी देखने के लिए सुबह से ही भीड़ लगी थी। बारिश में भींगते हुए लोग कोयल नदी के बाढ़ के साथ सेल्फी लेते नजर आ रहे थे। नगर निगम द्वारा लोगों को पानी के नजदीक जाने से मना किया जा रहा था। आयुक्त भी कोयल नदी पहुंचकर लोगों को पानी के नजदीक जाने से मना कर रहे थे। बारिश होने से कोयल नदी के तटवर्तीय इलाकों में लोग भयभीत है। कोयल नदी का जलस्तर अचानक से बढ़ जाने से शहर के लोग पूरे परिवार के साथ कोयल नदी में बढ़े जल स्तर को देखने के लिए पहुंच रहे थे। बता दें मौसम विभाग की ओर से शनिवार को भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई थी। मौसम विभाग के अनुसार पलामू से करीब 120 किलोमीटर दूर निम्न दबाव का क्षेत्र बना है। इस कारण अभी बारिश होने की संभावना है।

### 24 घंटे में 90 मिलीमीटर बारिश

जिले में तेज बारिश के कारण कहीं भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। प्रशासन की ओर से किसी भी तरह केआपदा होने पर इमरजेंसी नंबर भी जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार पलामू की इलाके में पिछले 24 घंटे में 90 मिलीमीटर से भी अधिक बारिश हुई है। कोयल नदी काफी सालों के बाद अपने उफान पर है। लोग बड़ी संख्या में कोयल नदी के किनारे प्रकृति का नजारा देखने को दिन भर पहुंच रहे थे।

### नगर निगम अंतर्गत विभिन्न आपदाओं को लेकर कर्मियों का हेल्पलाइन नंबर जारी

जिले में भारी वर्षा को देखते हुए मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने नगर निगम अंतर्गत कहीं भी किसी प्रकार का आपदा के तहत पेड़ गिरना, बिजली का तार,पानी का बहाव, किसी व्यक्ति को आश्रय व अन्य प्रकार की आपदा के निदान करने को लेकर विभिन्न कर्मियों की नियुक्ति करते हुए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। मेदनीनगर नगर निगम अंतर्गत बस पड़ाव या रेलवे स्टेशन में फंसे नागरिकों को आश्रय लेने में किसी प्रकार की समस्या आ रही है तो वह राहुल कुमार के 9801919158 व राजन सिंह से 9661383622 पर संपर्क कर सकते हैं। विद्युत आपूर्ति से संबंधित शिकायत होने पर कनीय अभियंता से 9431707421, सामुदायिक भवन स्टेशन रोड के पास आश्रय लेने के लिए सुशील कुमार से 6206096989,सामुदायिक भवन आबादगंज में किसी प्रकार की समस्या को लेकर रूपेश कुमार से 6202704794 संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह पंपूकल हेल्थ सेंटर में आश्रय को लेकर चंदेश्वरराम से 9661182094, रेड़मा पंचायत भवन के पास आश्रय को लेकर राकेश कुमार से 7033970810,चैनपुर पंचायत भवन के पास आश्रय को लेकर आर्यन कुमार से 7667528681, पेड़ गिरने, जल जमाव की स्थिति में दीपक कुमार से 8789588022 व प्रदीप कुमार से 9570073050 पर संपर्क किया जा सकता है।

## एक नजर

### राकेश के जिला अध्यक्ष बनने पर लोजपा नेताओं ने दी बधाई

**मेदिनीनगर।** लोजपा (रामविलास) के जिला का जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के बनने पर लोजपा के प्रदेश व जिला स्तर के पदाधिकारियों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में प्रदेश उपध्यक्ष उमेश पासवान, प्रदेश महासचिव अमरनाथ जायसवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष धनंजय प्रसाद सिंह, पंकज तिवारी, दिलीप पासवान, उपेंद्र कुमार,नवीन मुकेश, इश्वरी पासवान, विक्रम सिंह, शशि रंजन दुबे के नाम शामिल हैं।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज बन जाने के बावजूद शुरू नहीं हुई पढ़ाई

**मेदिनीनगर।** पलामू के नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड अंतर्गत बसौरा गांव में वर्षों पूर्व स्थापित हुए राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान का भवन निर्माण पूरा होने के बावजूद अब तक उसमें पढ़ाई शुरू नहीं हो पाई है। पॉलिटेक्निक संस्थान में पढ़ाई नहीं होने के कारण यहां के छात्र उच्च तकनीकी शिक्षा हेतु 10वीं और 12वीं के बाद रांची जमशेदपुर समेत दूसरे जिले में पॉलिटेक्निक संस्थान में दाखिला लेते हैं। अगर यहां पॉलिटेक्निक कॉलेज में एडमिशन होना शुरू हो जाता तो जिले के बच्चे यहां दाखिला लेकर आसानी से अपनी पढ़ाई पूरी कर लेते।बताते चलें कि इसके साथ ही स्थापित होने वाला गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज को सुचारू रूप से चलाया जा रहा है जिसमें लगभग सौ विद्यार्थी भी नामांकित हैं। झारखंड बनने के बाद पहला तथा बीआईटी सिंदरी के बाद राज्य का दूसरा सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज पलामू में स्थापित की गई थी। इंजीनियरिंग कॉलेज के कैंपस में ही करोड़ो की लागत से पॉलिटेक्निक संस्थान का भवन निर्माण किया गया है। भवन का प्रयोग नहीं होने के कारण भवन में लगे खिड़की के शीशे आदि टूट चुके हैं।पांकी विधानसभा के विधायक शशिभूषण मेहता ने शीतकालीन सत्र में सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा था कि सरकार इस दिशा में ध्यान दे क्युकी इस करोड़ों रुपए की लागत से बने भवन का निर्माण तो कराया गया परंतु उसमें पढ़ाई शुरू नहीं होने के कारण छात्र हल्कान हैं।

## सांसद ने लघु उद्योगों की वर्तमान स्थिति पर की चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के मंत्री जीतन राम मांझी से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र सहित झारखंड राज्य के विकास कार्यों एवं लघु उद्योगों की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। सांसद ने बताया कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिलें पलामू, गढ़वा में टेक्निकल सेंटर खोलने व एमएसएमई के अंतर्गत आने वाली योजनाओं का कार्यान्वित कराने का अनुरोध किया। इस पर मंत्री ने विभाग के पदाधिकारियों से उक्त संबंध में आज ही चर्चा कर पूरी कार्रवाई करते हुए 16-17 अगस्त को रांची में प्रस्तावित बैठक में जानकारी देने की बात कही।

## जिले में मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का विधिवत शुरूआत

# पदाधिकारियों ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** टाउन हॉल में शनिवार को मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का पलामू जिले में विधिवत शुरूआत की गयी। मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, जिले के उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,सदर भूमि सुधार उप समाहर्ता प्यारेलाल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक विक्रम आनंद व समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान भी उपस्थित थी। टाउन हॉल में लगाये गये शिविर में आये महिलाओं को मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना से लाभान्वित करने का कार्य प्रारंभ किया गया। टाउन हॉल में नगरनिगम के वार्ड 22,24,29 व 30 के लाभुकों के लिए टाउन हॉल में शिविर लगाया गया है। यहां युवतियों व महिलाओं के बीच योजना से आच्छादित होने की खुशी देखते ही बन रही थी। शहर में भारी वर्षा के बीच उपरोक्त वार्डों में रहने वाले महिलाएं टाउन हॉल पहुंचकर अपना आवेदन समर्पित कर कंप्यूटर पर अंगूठा लगाकर ऑनस्पॉट एंट्री करवा रही थी। नगर आयुक्त व सदर अंचलाधिकारी के तरफ से पर्याप्त मात्रा में काउंटर व काउंटरों पर कर्मियों की नियुक्ति की गई थी। कार्यक्रम की शुरूआत करने के बाद सभी पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के जागरूकता रथ को रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों के गांवों में जाकर महिलाओं को इस योजना के प्रति जागरूक करेगी। शनिवार को पलामू में भारी वर्षा के बावजूद युवतियां व महिलायें अपने-अपने पंचायत में जाकर इस योजना से लाभान्वित होने के लिए उत्साहित दिखी। सभी निर्धारित स्थलों पर मेला जैसा माहौल नजर आया।

### इन्हें मिलेगा योजना का लाभ

युवती व महिला झारखंड राज्य का निवासी हो। आवेदन के समय महिला 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी हो तथा 50 वर्ष से कम आयु की हो।आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता हो। जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसम्बर 2024 तक उठा सकतीं हैं। मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड हो। आवेदिका का परिवार झारखण्ड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना (पीला राशन कार्ड), पूर्ववित्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी राशन कार्ड)/केरोसिन ओइल राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड)/हरा रंग का पृथक राशन कार्ड धारी हो।

## विधायक ने मानसून सत्र में अधिवक्ता कल्याण से संबंधित अल्पसूचित प्रश्न पूछे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव अजय कुमार पांडेय ने कहा की विधान सभा में अधिवक्ता संघ की समस्याओं को विधायक ने उठाया है। आने वाले दिनों में पलामू अधिवक्ता भवन से संबंधित मामले को उठाने के लिए और गति प्रदान की जायेगी। अधिवक्ता संघ के महासचिव अजय पांडेय ने बताया कि झारखंड विधानसभा सदस्य और पांकी विधानसभा के बीजेपी विधायक डॉ. कुशवाहा शशि भूषण मेहता द्वारा मानसून सत्र 2024 के अंतिम दिन के सत्र में अधिवक्ता कल्याण से संबंधित कई अल्पसूचीत प्रश्न पूछा। उनमें क्या यह बात सही है कि देश के अन्य राज्यों में अधिवक्ताओं के कल्याण हेतु अधिवक्ता कल्याण कोष का गठन एवं मेडिक्लेम इंश्योरेंस की सुविधा प्रदान की गई है। देश के कई राज्यों ने अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू किया है। यह बात सही है कि पलामू जिला अधिवक्ता संघ का गठन 1892 में हुआ है, परंतु आज भी संघ का अत्याधुनिक सुविधाओं, शौचालय एवं पार्किंग सहित अपना भवन नहीं है। यदि उपयुक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अन्य राज्यों के तर्ज पर कल्याण हेतु अधिवक्ता कल्याण को कोष का गठन, मेडिक्लेम इंश्योरेंस, अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने के साथ पलामू अधिवक्ता संघ की सुविधा के लिए अत्याधुनिक भवन बनाने का विचार रखती है। तब कब तक, नहीं तो क्यों? विधायक शशि भूषण मेहता द्वारा वकीलों से संबंधित उठाए गए प्रश्नों के क्रमवार उत्तर प्रस्तुत किए गए जो इस प्रकार है।

# पलामू पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल लुटेरा गिरफ्तार, जेजेएमपी का सदस्य रहा है अपराधी

- पुलिस मुठभेड़ में घायल अपराधी गिरफ्तार
- नक्सली संगठन जेजेएमपी का सदस्य रहा है
- पूछताछ में पुलिस को कई अहम सुराग मिले



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के खुरा में पुलिस व अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में घायल एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की गोली से घायल अपराधी की पहचान विशाल कुमार चौधरी के रूप में हुई है। घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। पुलिस की देख रेख में फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। बता दें कि शुक्रवार को चैनपुर थाना क्षेत्र में कुख्यात सोना लुटेरा मोनू सोनी व पुलिस के बीच मुठभेड़ के बाद पुलिस सर्च अभियान में पलामू और गुमला पुलिस की टीम शामिल थी। सर्च अभियान में पुलिस और सोना लुटेरों के बीच मुठभेड़ खबर सामने आई थी। मुठभेड़ में मोनू सोनू को गोली लगने की बात कही जा रही थी, लेकिन यह गोली विशाल कुमार चौधरी नाम के युवक को लगी। विशाल प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद का सदस्य रहा है। वह 15 दिन पहले जेल से छूटा था। जेल से छुटने के बाद मोनू सोनी के साथ आपराधिक घटनाओं में शामिल साथ मिलकर अंजाम दे रहा था। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विशाल चौधरी मोनू सोनी के साथ था। उसी ने हथियार से फायरिंग भी की थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सुरक्षा में उसका इलाज चल रहा है। विशाल पूर्व जेजेएसपी का पूर्व सहयोगी रहा है। गोली लगने के बाद विशाल जंगल में छिप गया था। देर रात उसे इलाज के लिए एमएमसीएच में परिजनों ने भर्ती कराया था जहां से पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है।

## न्यूज बॉक्स

### खास महाल सहित सभी समस्याओं से जल्द मिलेगी राहत: राजेंद्र सिन्हा



**मेदिनीनगर।** झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने मुख्यमंत्री सोरेन से रांची विधानसभा में मुलाकात कर उन्हें पलामू की समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री उनकी मुलाकात काफी सकारात्मक रही। साथ ही मुख्यमंत्री ने उनकी बातों को ध्यान पूर्वक सुना और समस्याओं के जल्द समाधान की बात कही। मौके पर पलामू जिला के सचिव सन्नू सिद्धिकी भी मौजूद थे। जिला अध्यक्ष ने बताया मेदिनीनगर नगर निगम के खास महाल बहुत ही परेशानी का कारण है। गरीबों के लिए मुश्किल तो है ही साथ ही व्यापारी वर्ग भी इससे काफी परेशान हैं। मुख्यमंत्री ने इसे जल्द सुलझाने का वादा किया है। सोकरा यात्री सेड, कुई खैराहा होते हुए कोड़कहीं आरईओ रोड तक तीन किलोमीटर, जिलेबिया मोड़ आरईओ रोड से बसरिया खुर्द होते हुए बसरिया कला आरईओ रोड तक 5 किलोमीटर रोड की मांग काफी समय से हो रही थी, जिसे मुख्यमंत्री को बताया। साथ ही मेदिनीनगर में पेयजल की समस्या विकराल रूप लेते जा रही है। मुख्य रूप से बस स्टैंड के सुंदरीकरण के साथ पलामू के विभिन्न मुलभूत समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया है। मुख्यमंत्री ने ध्यान पूर्वक पलामू की जनसमस्याओं को सुना और उसे जल्द पूरा करने के लिए पदाधिकारियों को आदेश दिया है। मुख्यमंत्री का ध्यान पलामू पर हमेशा बना रहता है। उन्होंने अपने इस कार्यकाल में कई बार दौरा भी किया है और पलामू के लोगों को कई सौगात पहले भी दिया है। जबकि झामुमो का विधायक सांसद नहीं है फिर भी मुख्यमंत्री ने इसकी कमी कभी महसूस नहीं होने दी है।

### भाजपा प्रदेश कमेटी के विभिन्न मोर्चों में दायित्व मिलने पर जताया हर्ष

**मेदिनीनगर।** पलामू भाजपा के ऊजार्वान कार्यकर्ताओं को भाजपा झारखंड प्रदेश के विभिन्न मोर्चों में संगठात्मक दायित्व दिए जाने पर पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व सभी मोर्चो के प्रदेश अध्यक्ष को बधाई दी है। जिला अध्यक्ष ने नवनियुक्त सभी मोर्चो के पदाधिकारी रूपा सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, लवली गुप्ता प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, विश्वजीत पाठक प्रदेश मंत्री भाजपा युवा मोर्चा, प्रभात रंजन प्रदेश मंत्री भाजपा किसान मोर्चा, लूडू खान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा को बधाई व शुभकामनाएं दी है। कहा किपार्टी की विचारधारा व कार्यक्रमों के साथ नवनियुक्त सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं, आमजनों से संवाद कर संगठनात्मक मजबूती के साथ समाज,राष्ट्र के बेहतरी के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन

# निगम का भारत में दूसरा स्थान आना शहर के लिए गौरव: अरुणा शंकर

- इस योजना के तहत निगम क्षेत्र में 3273 फुटपाथी व्यवसाईयों को लाभ दिया गया था



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूर्व महापौर अरुणा शंकर ने भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के अंतर्गत सत्र 23-24 में मेदिनीनगर निगम द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारत में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए निगम कार्यालय जाकर नगर आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन को बुके एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने नगर आयुक्त को सम्मानित करते हुए कहा इस योजना की शुरूआत 2020 में फुटपाथ विक्रेताओं को आर्थिक स्वालंबन एवं सुदृढ़ता प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं में एक महत्वपूर्ण योजना थी। इस महत्वाकांक्षी योजना को निगम के पदाधिकारी व कर्मियों के अथक प्रयास से कैंप लगाकर फुटपाथी व्यवसाईयों को प्रथम किस्त 10000 द्वितीय किस्त 20000 एवं तृतीय किस्त 50000 तक की राशि ससमय मुहैया कराई थी। इस योजना के तहत निगम क्षेत्र में 3273 फुटपाथी व्यवसाईयों को लाभ दिया गया था। योजना को डे एनयुएलएम के अंतर्गत संचालित किया गया था। उन्होंने निगम के इस मिशन को अथक प्रयास कर पूरा करने के लिए नगर आयुक्त के साथ-साथ नगर नगर मिशन प्रबंधक सतीश कुमार, अभिषेक कुमार, सामुदायिक संगठनकर्ता रिंपी कुमारी, राजन सिंह, सामुदायिक संसाधन सेविका सावित्री कुमारी, ज्योति देवी, सुनीता देवी, चांदनी देवी, सोनम देवी, सुषमा देवी को भी बधाई दी, जिनके बिना यह मिशन संभव नहीं था। उन्होंने कार्यालय के पदाधिकारियों व कर्मियों से मिलते हुए उन्हें भी शहर को गौरवान्वित करने के लिए बधाई दी।

## आज से चैनपुर-नेउरा मार्ग का होगी मरम्मत

### पूर्व मेयर ने कई समस्याओं से नगर आयुक्त को कराया अवगत

प्रथम महापौर ने नगर आयुक्त से मिल कर चैनपुर नेउरा मार्ग को जब तक रोड पीडब्ल्यूडी नहीं बनाता तब तक अविलंब मरम्मत कराने का अनुरोध किया। नगर आयुक्त ने तत्काल जन समस्या को देखते हुए रविवार से निगम की सीमा बोर्ड तक निगम के एसडीओ को अच्छे से मरम्मति का काम लगाने का आदेश दिया। पूर्व महापौर ने भट्ठी मुहल्ला के नाला जाम, पहाड़ी मुहल्ला की खराब स्थिति पर भी चर्चा की। उन दोनों मुहल्लों में अविलंब इस पर काम की आवश्यकता बताया। चैनपुर नेउरा रोड पर गाड़ियां पलट रही वहीं दोनों मोहल्लों का जीवन नारकीय व अस्त-व्यस्त हो चुका है।

### मूसलाधार बारिश ने मचाई तबाही

**पांकी।** प्रखंड में लगातार मूसलाधार बारिश होने के कारण जगह जगह पर आम आवाम लोगों को समस्या बढ़ गया है। वही पांकी अमानत नदी में पानी इतना बढ़ गया है कि नदी के आस पास के गांव में निवास कर रहे लोगों को काफी परेशानी बढ़ गया है। बताते चलें कि नदी के सटे निवास कर रहे पांकी प्रखण्ड के डूब पंचायत अन्तर्गत ग्राम चंद्रपुर निवासी सीता राम प्रजापति, राजेंदर प्रजापति, पूनम कुंवर, रंधीर प्रजापति को नदी में अधिक पानी होने से काफी परेशानी बढ़ गई है। सीता राम प्रजापति ने बताया कि हमलोग नदी के किनारे पूर्वज से ही रहते आ रहे हैं, कई बार नदी में अधिक पानी बढ़ा है और हमलोग को समश्या का सामना करना पड़ा है। उन्होंने ने बताया कि बरसात के दिनों में हमलोग संकोच में रहते हैं कि कब अचानक नदी में पानी बढ़ जाएगा कि हमलोग की पूरे परिवार की जिन्दगी कब तहस नहस हो जाएगा हमलोग को कोई पता नहीं है।

## एक नजर

### रंका को अनुमंडल बनाना मेरा दायित्व : गिरिनाथ सिंह

**गढ़वा।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह का परिवर्तन यात्रा रंका प्रखंड में लगातार जारी है। पूर्व मंत्री ने अपने कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि हमने पूल, पुलिया, स्वस्थ, शिक्षा पर काम किया था। वह मेरा कर्तव्य था। मैंने कोई एहसान नहीं किया। रंका को अनुमंडल बनाना मेरा दायित्व था। रंका प्रखंड का विकास जितना होना चाहिए था पिछले 15 सालों में जस का तस पड़ा है। आज भी लोग सड़क, बिजली, पानी सहित अन्य मूलभूत समस्यायो से बंचित है। आज का दौरा मुख्यतः पंचायत खपरो के गांव सोनपुरवा, लीदीकंडा, खपरो का किया गया। परिवर्तन यात्रा में मुख्य रूप से सुलपानी सिंह, रामलखन यादव, सुनील माली, आदम अंसारी, वकील अंसारी, इसरफील अंसारी, हसनैन अंसारी, मोरसीम अंसारी, आलमगीर अंसारी, सदरुदिन अंसारी सहित सैकड़ो कि संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे श्री वंशीधर नगर



**श्री बंशीधर नगर।** एक मुलाकात अपनों के साथ कार्यक्रम के तहत कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने अपने दो दिवसीय दौरे के क्रम में शनिवार को श्री बंशीधर नगर पहुंचे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं एवं उनके परिजनों के साथ मुलाकात कर संगठन के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस अभियान के दौर में उनके साथ मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मानस सिन्हा, झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान भी शामिल थे। इस क्रम में उन्होंने नगर ऊंटारी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला के वरीय उपाध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, सगमा प्रखंड अध्यक्ष देवचंद यादव, धुरकी प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, रमना प्रखंड अध्यक्ष मंसूर अंसारी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष धुरकी निवासी ओवैदुल्लाह हक अंसारी, डंडई प्रखंड अध्यक्ष क्याम अंसारी सहित अन्य नेताओं एवं कार्यकताओं से मुलाकात कर संगठन के संदर्भ में चर्चा कर उनके विचारों एवं क्षेत्र में जनता के साथ हो रही समस्याओं से अवगत हुए।

### भाजपा दंगा फसाद कराने वाली पार्टी : ठाकुर

**डंडई।** झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुरशनिवार देर शाम डंडाई गांव पहुंचे। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष भोलाराम, 20 सूत्री अध्यक्ष कैमुद्दीन अंसारी, जफर इकबाल, फिरोज अंसारी इत्यादि कार्यकताओं ने गर्म जोशी के साथ उनका स्वागत और अभिनंदन भी किया । एक मुलाकात अपनों के साथ कार्यक्रम के तहत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ डंडाई पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकताओं के साथ साथ उनके परिजनों से भी मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना । साथ ही प्रखंड के संगठन इकाई के बारे में भी उन्होंने विस्तृत ढंग से जानकारी हासिल किया । उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता सजगता के साथ तैयार रहें। उन्होंने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को मजबूत करने को लेकर प्रखंड अध्यक्ष को निर्देश भी दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सिर्फ दंगा फसाद करने वाली एक पार्टी बनकर रह गई है । उसके पास हिंदू और मुसलमान छोड़कर दूसरा कोई और नारा ही नहीं बच गया है। उन्होंने स्थानीय विधायक भानू प्रताप शाही पर भी हमला बोला और कहा कि उनके द्वारा आज तक जनता के हित में न तो सदन के अंदर जमीन पर सोने का काम किया गया और न हीं सदन के बाहर। जब चुनाव आया तो वे उनके नाम पर सिर्फ घड़ियाल आंसू बहाना शुरू कर दिए।

# सरकारी आदेश के बाद भी शनिवार को खुला रहा स्कूल

**◀◀ विद्यार्थी ने कहा कि हम लोगों में किसी से भी विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा शनिवार को विद्यालय नहीं आने की बात बताई गई थी**






**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडाई।** प्रखंड क्षेत्र के निजी विद्यालय के संचालक नहीं मानते विभागीय प्राधिकारी और सरकार का निर्देश। उनके आगे उक्त दोनों का निर्देश कोई काम नहीं आता है। रोकने के बाद भी उनके द्वारा बेबाक रूप में अपने-अपने विद्यालयों का संचालन करने का काम किया जाता है। मामला प्रखंड क्षेत्र स्थित रारो गांव में संचालित एक निजी विद्यालय ब्राइट फ्यूचर स्कूल से जुड़ा है। विद्यालय को पूर्व की तरह शनिवार को भी नियत समय पर संचालित होते देखा गया ।विद्यालय में सैकड़ो से भी अधिक बच्चे शनिवार के दिन पठन-पाठन करते देखे गए। उसके बाद जब छुट्टी हुई तो बारिश की पानी में ही सभी बच्चे भींगते हुए अपने-अपने घर लौट गए । इस दौरान बारिश की पानी में भींगकर अपने घर जा रहा विद्यालय के वर्ग 2 का छात्र प्रयांश कुमार ने बताया कि कल शुक्रवार को भी मैं अपने विद्यालय ब्राइट फ्यूचर स्कूल में पढ़ने आया था और आज शनिवार को भी आया हूं। उन्होंने कहा कि मेरे अलावा बहुत ज्यादा बच्चे भी शनिवार को विद्यालय में पढ़ने आए थे। प्रयांश ने कहा कि हम लोगों में किसी से भी विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा शनिवार को विद्यालय नहीं आने की बात बताई गई थी। जबकि मौसम के पूवार्नुमान को लेकर विद्यार्थियों के हित में प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा 3 तारीख शनिवार को राज्य के सभी कोटि के विद्यालयों को बंद करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन वह विद्यालय अपने नियत समय के अनुसार शनिवार को भी संचालित होते रहा ।उधर शनिवार को दिनभर हुई मूसलाधार बारिश से जन जीवन पूरी तरह हस्त व्यस्त हो गया। लोग सुबह से शाम तक अपने-अपने घरों में दुबके रहे। मामले में विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार ने बताया की किसी भी स्तर से जानकारी नहीं मिलने के कारण वह अपने विद्यालय को शनिवार के दिन भी नियमित रखा था । उन्होंने कहा कि जैसे ही मुझे मुख्यमंत्री के निर्देश की जानकारी मिली वह बिना देर किए विद्यालय बंद कर बच्चों को छोड़ दिया।

**छात्र-छात्राओं के बने आई कार्डो पर बना है यू डाइस कोड**

विद्यालय का यू डाइस कोड 20011 202009 है। यह विद्यालय के दीवारों पर लगे फ्लेक्स बोर्ड में नहीं बल्कि सिर्फ छात्र-छात्राओं के बने आई कार्डो पर देखा जाता है। जबकि इसे आम तौर पर विद्यालय के नाम से बने फ्लक्सबोर्ड पर लिखा हुआ होना चाहिए था। यह यू डायस कोड विद्यालय के नाम पर बने फ्लेक्स बोर्ड के बजाय बच्चों के आई कार्ड पर लिखा हुआ क्यों है कहना बड़ी मुश्किल है। जांच के बाद ही मामले का खुलासा हो सकता है।

## धन रोपनी कर लौट रहे पति पत्नी की छलका में डूबने से मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** गढ़वा-भंडरिया स्थित शिठुआ नाला में बहने से पति-पत्नी की मौत होने का मामला सामने आया है। विगत दो दिनों से क्षेत्र में हो रहे मूसलाधार बारिश के कारण मजदूरी कर लौट रहे भंडरिया निवासी निर्मल मुंडा उम्र 58 वर्ष व उसकी पत्नी संजोया देवी 52 वर्ष शुक्रवार के साम दोनों पति-पत्नी गांव के हीं किसान के खेत से धन रोपनी कार्य कर अपने घर लौट रहे थे। लौटने के क्रम में शिठुआ नाला में बने छलका को पार करने के दौरान पानी के तेज बहाव के चपेट में आ गए। मृतक के पुत्र पिन्टू मांझी ने बताया की संजय मांझी के खेत में माता-पिता कार्य करने गए थे। भंडरिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह व सब इंस्पेक्टर बिनोद सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में ले अंतपरीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया।

## पंडा, डोमनी नदी पूरे उफान पर, बारिश से जनजीवन अस्त -व्यस्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड में लगातार 48 घंटे से तेज हवा मूसलाधार बारिश होने से किसानों को राहत मिल रही है। लेकिन कई गरीब परिवार परेशान दिख रहे हैं। बताते चले कि प्रखंड में कई ऐसे गांव हैं जिसमें किसी तरह गरीब परिवार अपना मिट्टी का घर या झोपड़ी बनाकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। लेकिन लगातार 48 घंटे से बारिश होने से कई लोगों का मिट्टी का घर व झोपड़ी ध्वस्त होने के कगार पर आ गया। वहीं ढिलुवासोती जंगल मे रह रहे मुसहर परिवार के लोग प्लास्टिक के बने झोपड़ी में रह रहें हैं। इस मुसलाधार बारिश में किसी तरह अपने नन्हे मुन्हे बच्चों के साथ अपना जीवन यापन कर रहे हैं। साथ ही लगातार बारिश होने से खरौंधी बाजार सहित अन्य इलाकों में पूरा सन्नाटा पसरा दिखा ।शनिवार को खरौंधी में साप्ताहिक बाजार लगता है लेकिन पूरा बाजार बारिश की बजह से सन्नाटा पसरा हुआ था जबकि



शनिवार को साप्ताहिक बाजार के दिन चलना मुश्किल हो जाता है ।प्रखंड के सीमावर्ती क्षेत्र से खरौंधी बाजार में साप्ताहिक बाजार करने के लिए तीन राज्यों से लोग इस बाजार में खरीदारी व बिक्री करने आते हैं। जिसमें साप्ताहिक बाजार शनिवार के दिन पूरा बाजार भरा हुआ दिखता है। शनिवार को मूसलाधार बारिश होने से बाजार में पूरा सन्नाटा पसरा देखने को मिला। वहीं बाजारों में कुछ-कुछ दुकान खुले मिले लेकिन दुकानदारों ने बताया कि लगातार बारिश होने से कुछ भी बिक्री नहीं हो रहा है पूरे दिन में सिर्फ एक दो ग्राहक आ रहे हैं ।खेतो में पानी भर जाने से किसान भी खेतो में कार्य करने नही गए लोग घरों में ही दुबके रहे ।लगातार इसी तरह बारिश होती रही तो धान का बिचड़ा भी खराब हो सकता है ।लगातार बारिश की बजह से मवेशियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ।पूरा जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है ।सरकार ने शनिवार को विद्यालयों में अवकाश घोषित कर बहुत अच्छा निर्णय लिया है नही तो तेज हवा एवं अत्यधिक बारिश से स्कूली बच्चों को बहुत परेशानी उठानी पड़ती ।वही प्रखंड के लाइफलाइन नदिया पंडा, डोमनी, आदि पूरे उफान पर है।

# 45 दिनों में सर्पदंश के 76 मरीज अस्पताल पहुंचे

## बारिश व उमस से सांप काटने का मामला बढ़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला में सांप काटने के मामले में बेतहाशा वृद्धि देखने की मिल रही है। हर दिन अलग-अलग प्रखंडो से सदर अस्पताल में सांप काटने का मामला आ रहा है। 45 दिनों में 76 सांप काटने का मामला सामने आया है। सभी को परिजनों द्वारा गढ़वा सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। कई लोग स्वस्थ्य होकर घर चले गए। सदर अस्पताल में बढ़ते मरीज की संख्या के बाद स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में तैयार है। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने सभी प्रभारियों को अलर्ट कराया है। कहा कि सांप काटने का इलाज को लेकर अलर्ट रहें। अपने-अपने क्षेत्र में खासकर जलजमाव वाले इलाके को लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। अगर सर्पदंश का केस उनके क्षेत्र में आता है तो तत्काल ही प्राथमिक उपचार कर उसे सदर अस्पताल में भर्ती करायें। प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सीएचसी में होना अनिवार्य है। इसमे किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें। गम्भीर मामलों में तो किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जाएगी।




**सदर अस्पताल में सांप काटने के चार मरीज हैं इलाजरत**

सदर अस्पताल में अभी सर्पदंश के 4 मरीज भर्ती हैं। लगातार बारिश और जलजमाव के कारण सर्पदंश का मामला बढ़ता जा रहा है। इससे लोग काफी भयभीत हो चुके है। बताया जा रहा है कि अब तक जिला के कई गांव मेराल, रमना, डंडा, भवनाथपुर, केतार, धुरकी, बंशीधर नगर, मझिआंव, भंडरिया, बरगड के गांव से सर्पदंश के सैकड़ो से ऊपर केस सदर अस्पताल पहुंचे हैं। जबकि अब तक इस वर्ष में 7 मरीजो की मौत अस्पताल पहुंचने के दौरान रास्ते मे हो गयी है। सदर अस्पताल की चिकित्सा कर्मी ने बताया कि सर्पदंश के मामले में बीते 2 महीने के भीतर काफी मामला आया हैं। जिनका इलाज सदर अस्पताल में किया गया है।

**42 महिला सांप काटने से घायल हुई**

**दो सप्ताह में अचानक बढ़ा केस**

सांप काटने का मामला बीते दो सप्ताह से अचानक से बढ़ गया हैं। इसमे कई मरीजों की मौत हुई है। प्रतिदिन 4 से 5 मरीज भर्ती हो रहे हैं। भर्ती मरीजों के परिजनों ने बताया कि गर्मी और बारिश के जलजमाव के कारण सांप के काटने के मामले बढ़ गया है। खेत में पानी घुस चुका है। रात की कौन कहे दिन में भी सांप घर मे घूमता रहता है ।अधिकतर घटना खेतों में काम कर रहे पशु को चारा देने के क्रम में घटी घटी है। बारिश का मौसम भले ही भीषण गर्मी से राहत दिलाता हो, लेकिन इसमें सांप के काटने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। खेतों में काम करने वाले लोग सांपों का शिकार बनते हैं। उन्होंने बताया कि अधिकतर महिला जो सांप काटने से जख्मी हुए हैं। उसमें अधिकतर लोग खेतों में काम कर रहे गाय को चारा देने के दौरान घटना घटी है। जिसमें से 2 की मौत हो गई। डॉक्टरों का कहना है कि सांप काटने की स्थिति में तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचे और एएसवी यानी एंटी स्नेक वेनेम लगवाकर मरीज की जान बचाएं।

## मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना की शुरुआत

# 475 महिलाओं ने जमा किए आवेदन

- आवेदन में पात्र महिलाओं का राशन कार्ड में नाम होना अनिवार्य है।
- आवेदन निःशुल्क है अगर कोई भी व्यक्ति फार्म भरने या जमा करने के नाम पर पैसा की मांग करता है तो तुरंत इसकी सूचना दें।



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में से एक मईयां सम्मान योजना की शुरूआत हो चुकी है। झारखंड की महिलाओं को सम्मान देने के उद्देश्य से झारखंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गई मईयां सम्मान योजना को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। शनिवार 3 अगस्त से 10 अगस्त तक खरौंधी प्रखंड के सभी नव पंचायतों में मईयां सम्मान योजना को लेकर शिविर लगाया जायेगा। कई जगहों पर फार्म भरने के लिए उपाफोह की स्थिति देखी गई। आवेदन में पात्र महिलाओं का राशन कार्ड में नाम होना अनिवार्य है। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख आभा रानी ने बताया की अब सरकार ने इसमें भी संसोधन कर दिया है। जिन महिलाओं का राशन कार्ड में नाम नही है यदि वो झारखंड की निवासी है या उनका मायका झारखंड में ही है और मायके के राशन कार्ड में उनका नाम है तो उस राशन कार्ड की छायाप्रति के साथ आवेदन जमा करे उन्हें मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का लाभ दिया जाएगा। वैसे महिलाएं भी आवेदन जमा करें। उन्होंने बताया कि इसका आवेदन निःशुल्क है अगर कोई भी व्यक्ति फार्म भरने या जमा करने के नाम पर पैसा की मांग करता है तो तुरंत इसकी सूचना दें। वैसे लोगो पर कार्यवाई होगी। उन्होंने बताया कि यह सरकार का महत्वपूर्ण योजना है। इसमें सभी पात्र महिलाओं को आच्छादित किया जाना है। 10 अगस्त के बाद भी किसी कारणवश छूटे हुए पात्र महिलाओं का आवेदन प्रज्ञा केंद्र में जमा होगा व उन्हें भी लाभ दिया जायेग। उन्होंने सभी पदाधिकारी व कर्मियों को जो इस योजना में कोई भी लापरवाही बरतेंगे उनपर कार्यवाई होगी। बता दें कि इस आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 अगस्त तक है। उसके बाद भी आवेदन लिया जाएगा। गौरतलब है कि इस योजना के तहत झारखंड के 21 से 49 वर्ष तक की महिलाओं को प्रति माह घर का खर्च चलाने के लिए एक हजार रुपये सहायता राशि प्रदान की जाएगी, जो सीधे लाभार्थी महिलाओं के बैंक खाते में भेजी जाएगी। वहीं महिलाओं का कहना है कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्म सम्मान, आत्मनिर्भर व सशक्तिकरण पर बढ़ावा देने के लिए यह नई योजना है। प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार ने शिविर का निरीक्षण कर कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया।

**पात्र महिलाएं फार्म निश्चित भरें : धर्मराज**

जिला परिषद धर्मराज पासवान ने सभी शिविरों में घूम-घूम कर जायजा लिया व कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पात्र महिलाओं का फार्म लेने को कहा। उन्होंने लोगों से कहा की आवेदन का मूल प्रति होना आवश्यक नही हैं। आप आवेदन का छायाप्रति भी लगा सकते हैं। एवं बिचौलियों से सावधान रहना है। आवेदन पूर्ण रूप से निःशुल्क है किसी भी चरण में एक भी पैसा नहीं लगेगा।

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा का मुख्य उद्देश्य समाज में बिखराव पैदा करना : राजेश ठाकुर

**श्री बंशीधर नगर।** सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव के पहले झारखंड में वातावरण में आग फैलाने के लिए बेचैन है। आपसी एकता और मजबूती से ही भाजपा द्वारा सूबे में फैलाएं जा रही नकारात्मक अभियान का मुकाबला किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा तनाव फैलने की तैयारी में है, लेकिन हमें सौहार्दपूर्ण वातावरण में रहना है। भाजपा के झूठ का पदार्फाश लोगों के बीच नहीं किया तो जनता उनके फैलाई जा रहे झूठे जाल में फंस जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विधानसभा के समय को बर्बाद किया और संसदीय परंपरा को तार-तार किया। विधानसभा का सत्र भाजपा के कारण हंगामा में गुजर गया। उन्होंने कहा कि विधायक भानू प्रताप शाही सड़क पर जनता के मुद्दों पर सोने का काम नहीं करते हैं और विधानसभा में सोकर सस्ती लोकप्रियता पाने का नाटक करते हैं। ऐसे में उनके नाटकीय खेल को जनता जान चुकी है। उनके नाटक करने से कोई फायदा होने वाला नहीं है। मौके पर जिलाध्यक्ष ओबेदुल्ला हक अंसारी, वरीय उपाध्यक्ष शैलेश चौबे, जिला महासचिव ओम प्रकाश चौक,राजेश रजक,युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर अजीत तिवारी, मीडिया प्रभारी मुशाहिद हसन आदि मौजूद थे।

### बाढ़ ने मचायी तबाही, प्रशासन ने पुल पर आवागमन किया बंद

**मझिआंव।** मझिआंव प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार की रात्रि से हो रही भारी बारिश से जहां एक ओर धान रोपनी शुरू होने से किसानों के चेहरों पर खुशी देखी जा रही है, वहीं दूसरी ओर लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इधर लगातार हो रही भारी वर्षा से शनिवार को सुबह से ही मझिआंव स्थित कोयल नदी का जल स्तर बढ़ने लगा है। यह स्थिति दोपहर बाद चार बजे तक देखी गई। इस दौरान प्रशासन ने गहिड़ी स्थित कोयल नदी के पुल का भी निरीक्षण किया। वहां पर नदी के बाढ़ के दबाव से पुल में कंपन पाया गया। इसके बाद सावधानी के तौर पर पुल पर आड़े तिरछे ट्रैक्टर खड़ा कर पुल पर आवागमन को अस्थाई तौर पर रोक दिया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि पुल में हो रहे कंपन के कारण किसी संभावित खतरे को देखते हुए बंद किया गया है। जैसे ही नदी का जलस्तर कम हो जायेगा वैसे ही बैरिकेटिंग हटा दी जायेगी। इधर कोयल नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का पानी स्थानीय राधाकृष्ण मंदिर, कन्या मध्य विद्यालय होते बाजार मुख्य पथ तक पहुंच गया है। मझिआंव खुर्द का देवी मंडप सहित यज्ञशाला भी पानी में डूब गया है। जिसे देखने के लिए पूरे दिन लोगों का तांता लगा रहा। इधर बीडीओ सतीश भगत, सीओ शंभू राम को भी मझिआंव व आस पास बाढ़ वाले इलाके में निरीक्षण करते देखा गया।

### राजीव रंजन भाजयुमो के प्रदेश मंत्री बने



**गढ़वा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड के पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री राजीव रंजन को भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड का प्रदेश मंत्री बनाए गए। भाजपा युवा मोर्चा झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष शंशाक राज ने मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की नई सूची कल जारी की है। जिसमे राजीव रंजन जो गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड के सरकोनी गांव के मूल निवासी है। उन्हें प्रदेश मंत्री बनाया गया है। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा गढ़वा से हुई। वर्ष 2010 से अभाविप के संपर्क मे आए और वर्ष 2016 से 2024 तक पूर्णकालिक कार्यकर्ता रहे। पूर्व में सरगुजा विश्वविद्यालय के निर्वाचित छात्रसंघ सचिव (अभाविप), महानगर संगठन मंत्री, जिला संगठन मंत्री, विभाग संगठन मंत्री, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सहित प्रदेश संगठन मंत्री जैसे दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। प्रदेश संगठन मंत्री रहते पूरे प्रदेश भर में संगठन कार्य को गति देते हुए सामाजिक उत्तरदायित्व का भी निर्वहन किया। पूरे जिले भर मे हर्ष का माहौल है।

### उमस भरी गर्मी से बढ़ी बीमारियां, निजी व सरकारी अस्पतालों में लग रही मरीजों की भीड़

**गढ़वा।** जिले में इन दिनों मौसम में आए बदलाव से बीमारी की संख्या लगातार बढ़ रही है। कभी हल्की वर्षा तो कभी तेज धूप के कारण उमस के कारण लोगों की तबीयत बिगड़ रही है। हालांकि गुरुवार को अच्छी वर्षा के बाद गर्मी से लोगों को कुछ राहत जरूर मिली। जबकि मौसमी बीमारी की चपेट में आकर लोग इलाज कराने के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। जिले के सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ देखी जा रही है। चिकित्सकों की मानें तो इस मौसम में अधिकतर लोगों को पेट दर्द, उल्टी, लूज मोशन, डायरिया, बीपी लो होना, यूरिन इंफेक्शन आदि समस्याएं आ रही हैं। इस संबंध में डा. अरसद अंसारी बताते हैं कि ऐसा मौसम बैक्टीरिया के लिए अनुकूल है। उमस भरी गर्मी के कारण बैक्टीरिया बहुत जल्दी ग्रोथ करता है। ऐसे मौसम में हमेशा ही ताजा भोजन लेना चाहिए। खासकर, डेयरी प्रोडक्ट का उपयोग तो उसे बनाने के छह घंटे में ही कर लें। क्योंकि दूध से बने खाद्य पदार्थों में बैक्टीरिया जल्द ग्रोथ कर जाता है। ऐसे खाद्य पदार्थों को खाने के बाद बीमार होने की अत्यधिक संभावना रहती है। मौसम के प्रभाव से बचने के लिए ताजा भोजन करने के साथ स्वच्छ पानी का ही उपयोग करें। पानी अधिक मात्रा में पीएं। होटलों में खाने से परहेज करें। जिस मिठाई आदि पर मक्खी बैठे हों, उसे कतई नहीं खाएं। जबकि अपने घरों में भोजन को जाली में या ठीक तरीके से ढंक कर रखें, ताकि उस पर मक्खियां नहीं बैठें। डा. अरसद अंसारी ने बताया कि बीमार होने पर बिना देर किए चिकित्सक से मिलकर इलाज शुरू कराएं। डायरिया का लक्षण जैसे ही आए तो इलाज शुरू करना बहुत जरूरी है। नहीं तो देर होने पर लोग सिवियर डायरिया से ग्रस्त हो जा रहे हैं। ऐसे मरीजों में सोडियम एवं पोटाशियम डाउन हो जा रहा है। उन्होंने बताया कि डायबिटीज के मरीजों को भी विशेष एहतियात बरतने की जरूरत है। इस मौसम में शुगर लेबल को समय समय पर चेक कराते रहना चाहिए।

### बाढ़ के पानी से हल्दी का फसल बर्बाद

**कांडी।** प्रखण्ड क्षेत्र में पिछले 20 घण्टे से हो रही लगातार वारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। लोग घरों में दुबके हैं। कोयल व पंडी नदी में बाढ़ आ गयी है। सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल पर पंडी नदी उफान पर है। नदी में बने पुल को छूती हुई बाढ़ का पानी बह रहा है। साथ ही भगवती मंदिर के गर्भ गृह में भी चार फीट पानी भर गया है। मंदिर के पुजारी आदित्य पाठक ने बताया कि सुबह की पूजा ऊपर से ही किया गया है।अगर शाम तक बाढ़ की पानी से पुल भर जाता है तो मंदिर में संध्या आरती करने में परेशानी होगी। पंडी नदी में आई बाढ़ का पानी हेंठार क्षेत्र के खेतों में भी फैल गया है। उधर कोयल नदी में भी बाढ़ की स्थिति उतपन्न हो गयी है। कोयल नदी के दोनों किनारों तक पानी भर गया है। खरौंधा पंचायत के गांव जयनगरा के खेतों में लगी व्यवसायिक फसल हल्दी बाढ़ के पानी में डूब गया है। पीड़ित ने बताया कि नीलगाय व सुअर द्वारा दूसरे फसल बर्बाद किए जाने के कारण अब हमलोग हल्दी की खेती करते हैं। किसान दिलीप मेहता ,संजय मेहता,रंजन मेहता,बिगन मेहता,सुमंत मेहता,गुप्तेश्वर मेहता ,जय कुमार ने बताया कि हम सभी अपने एक एक एकड़ खेतों में हल्दी का फसल लगाएं हैं, लेकिन कोयल नदी में आई बाढ़ में सारा फसल डूब कर बर्बाद हो गया है। लाखों रुपये के फसल बर्बाद होने का अनुमान है। सोन नदी की स्थिति अभी ठीक है।

# बदरा से कहीं खुशी, कहीं गम




**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत बासकरचा मोड़ से कुडो नदी स्थित पुल गढ़बुढ़नी और दुरूप पंचायत के दर्जनों गांव को जोड़ती है। इस रूट में दो यात्री बस का परिचालन होता है। लेकिन अप्रोच डेमेज होने के कारण बस परिचालन तीन दिनों से बंद है। इस संबंध में योजना के सवेदक ने बताया कि नया पुल निर्माण हुआ है।अप्रोच पर मिट्टी भरा गया है।अक्सर पहली बारिश में अप्रोच को कुछ बहुत नुकसान होता है। घबराने की बात नहीं है। बारिश कम होते ही मरम्मत कर ठीक कर दिया जाएगा।

मोड़ तक 30 किलोमीटर सड़क व नये पुल का निर्माण कार्य बरसात से पहले ही पूरा किया गया है।इस योजना अन्तर्गत बराही नदी स्थित नव निर्माण पुल के अप्रोच भारी बारिश के कारण बह गए। जिससे अप्रोच को काफी नुकसान हुआ है। जिस कारण इस बराही नदी स्थित पुल से यात्री बस सहित कई अन्य भारी वाहन का परिचालन ठप हो गया है। बराही


महुआडांड़ प्रखंड में धन रोपनी करते लोग...

## बारिश से मक्का की खेती को नुकसान,

## खेत हुए जलमग्न

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड में दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से किसान काफी खुश है। वहीं दूसरी ओर किसान चिचिंत हैं। लगातार बारिश से धान की खेती के लिए पानी अच्छी है, लेकिन मक्का की खेती को काफी नुकसान हो रहा है। मक्का के पौधा भारी में जमीन की ओर झुक जा रहे है। लगातार बारिश से कई खेत जलमग्न हो गये हैं। जहां पानी कम होने के बाद ही खेती किया जा सकता है।


## दो दिनों से हो बारिश से प्रखंड में बिजली सप्लाई बाधित

**महुआडांड़।** प्रखंड में हो रही लगातार बारिश से बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित है। दो दिन हो जाने के बाद भी प्रखंड के लोगों को बिजली आपूर्ति नहीं हो सकी है। बिजली उपभोक्ता दो दिन से अंधेरे में रहने को मजबूर है। इस संबंध में बिजली विभाग के जेई ने बताया की भारी बारिश से कई जगह बिजली का तार में फॉल्ट आ गया है। युद्ध स्तर पर खराब तार,



## भारी बारिश में पहाड़ी नदी उफान पर

**महुआडांड़।** प्रखंड में दर्जनों पहाड़ी नदी है। जिसमें मुख्यतः बुढ़ा नदी, हामी,राजडण्डा,बोहटा सहित कई अन्य नदी है। दो दिन से हो रहे लगातार भारी बारिश से सभी नदी उफान पर है। बुढ़ा नदी,बोहटा,सुग्गाबांध नदी अपने विकराल रूप में खतरे के निशान के उपर से बह रहा है।



## न्यूज बॉक्स

### बारियातू : मुख्यमंत्री मंईयां योजना शिविर में साईट प्रॉब्लम, फॉर्म नहीं हुआ ऑनलाइन

**बारियातू।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ देने के उदेश्य से शिविर का आयोजन किया गया। बारियातू, सिबला, अमरवाडीह, डाढा, फूलसु, साल्वे, बालूभांग,टोटी व अमरवाडीह पंचायत मे प्रखंड कर्मियों ने मुख्यमंत्री मंईयां योजना का लाभ दिलाने के लिए फॉर्म ऑनलाइन के लिए सारा दिन सभी पंचायत भवन मे बैठे रहे। गांव टोले से आये ग्रामीण महिला ऑनलाइन के लिए सारा दिन परेशान रहें, लेकिन एक भी फॉर्म ऑनलाइन नहीं भरा जा सका। दिन भर परेशान हुए महिला पंचायत मुखिया और ब्लॉक कर्मी पर गुस्सा निकालते दिखी। हालांकि उक्त संबंध में बात करने पर बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने कहा कि पूरा क्षेत्र का यही हाल है।

### मयूरहंड : मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत आवेदन नहीं हो पाया ऑनलाइन

**मयूरहंड (चतरा)।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत पहले दिन शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में आवेदन ऑनलाईन के लिए कैंप आयोजित की गई थी। परंतु सर्वर नहीं रहने के कारण आवेदकों का आवेदन ऑनलाईन नहीं हो पाया। आवेदक सर्वर आने के इंतजार में दिन भर भूखे प्यासे पंचायत सचिवालय कैंप में डटे रहे। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में लगभग 900 आवेदन प्राप्त किया गया है। उक्त सभी आवेदकों को पुनः पंचायत सचिवालय आना होगा तभी ऑनलाईन प्रक्रिया पूरी हो पाएगी।आवेदन ऑनलाईन करने में लाभुक का फोटो सूट व थंब इंप्रेशन करना पड़ता है तभी ओटीपी के माध्यम से प्रक्रिया पूरी हो पाती है।

### कुंदा : मंईयां सम्मान पेंशन योजना का नहीं खुला पोर्टल, महिलाएं दिखी परेशान

**कुंदा (चतरा)।** झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना मंईयां सम्मान पेंशन योजना के तहत शनिवार को प्रखण्ड के सभी पंचायतो में शिविर लगाया गया,लेकिन योजना का ऑनलाइन पोर्टल नहीं खुलने के कारण ऑपरेटर परेशान दिखे। इसके साथ ही फार्म भरने को लेकर महिलाएं भी पूरे दिन परेशान रही। वहीं शिविर में भारी संख्या में महिला पहुंचे थे, लेकीन योजना का लाभ लिए बिना ही घर लौट गये। महिलाओं ने बताया की यह महत्वकांक्षी योजना के शुरू होने से महिलाओं में एक आशा और उम्मीद जगी थी।ज्ञात हो गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए सरकार ने हाल ही में महिलाओं के लिए नई योजना शुरू की हैं। इस मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत महिलाओं के बैंक खातों में सरकार हर महीने 1000 रुपए देने का एलान किया। वहीं महिलाओं ने सरकार से ऑफलाइन फार्म भरने की मांग की है।

### कर्मचारियों ने झारखंड सरकार के हृदय परिवर्तन के लिए पूजा पाठ व दुआ की, 7 को करेंगे हवन

**लातेहार।** हड़ताली अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) ने अपनी मांगों को लेकर झारखंड सरकार का हृदय परिवर्तन करने को लेकर धार्मिक स्थलों पर जाकर पूजा पाठ व दुआ मांगी। जिला अध्यक्ष सूरजा कुजूर ने कहा कि कर्मचारियों के पास अब कोई विकल्प नहीं रह गया है। वह झारखंड सरकार की हृदय परिवर्तन के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए एक सप्ताह का हृदय परिवर्तन सप्ताह मनाने का निर्णय लिया है। एक अगस्त को सरना स्थल व दो अगस्त को मस्जिद में प्रार्थना की गयी। तीन अगस्त को चर्च व गिरजाघर में प्रार्थना की गयी। पांच अगस्त को मंदिर में, छह अगस्त को गुरूद्वारा जाकर सरकार के हृदय परिवर्तन के लिए प्रार्थना की जायेगी। सात अगस्त को हड़ताली कर्मचारी झारखंड सरकार के हृदय परिवर्तन के लिए हवन कार्यक्रम करेंगे। मौके पर सचिव मनोज पासवान, कोषाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सच्चिदानंद कुमार, संरक्षक गोवर्धन राम, देवनाथ उरांव, आशीष कुमार, बृजकिशोर तिवारी, जयकुमार सिंह, विजय कुमार रजक, महेंद्र सिंह, पंकज शाहदेव, अशोक पासवान, अखिलेश टोप्पो, रामनरेश राम, पुष्पेंद्र पांडेय, अनिमेष कुमार समेत संघ के सभी कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में नहीं हुआ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

**महुआडांड़।** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरने को लेकर प्रखंड के सभी पंचायत भवन में युवती और महिलाओं की उमड़ी भीड़। योजना अन्तर्गत पहले दिन एक भी आवेदन का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया। दिन भर बेवसाइट का सर्वर डाउन रहा। सैकड़ों की संख्या में युवती और महिलाएं पंचायत भवन से निराशा होकर लौटी। विभिन्न गांव से आये महिलाएं भारी बारिश में काफी दिक्कत का सामना करके पहुंची थी पंचायत भवन।

### वाहन के धक्के से महिला घायल

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित छठ तालाब के पास रांची चतरा मुख्य मार्ग में शुक्रवार देर शाम अज्ञात वाहन के धक्के से 75 वर्षीय महिला मंजू देवी पति भुजा उरांव ग्राम कोमर बालूमाथ घायल हो गई। उसे बालूमाथ पुलिस पेट्रोलिंग वाहन के द्वारा बालूमाथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गंभीर अवस्था में भर्ती कराया गया। वहां पर चिकित्सक सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के शिविर में उमड़ी ग्रामीणों का भींड़

**बालूमाथ।** झारखंड सरकार झारखंड की महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव के देख रेख में विभिन्न पंचायत भवनों में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से पंचायत की मुखिया, प्रज्ञा केंद्र संचालक, सहिया,आंगनबाड़ी सेविका आदि मौजूद थे। पंचायत भवन में शिविर का आयोजन लगभग 10:00 बजे शुरू हो गया था। शुरूआत से ही इस योजना से जुड़ने के लिए गांव के 500 से भी अधिक महिलाएं एक शिविर में फार्म सहित अपना जरूरी दस्तावेज के साथ पहुंचे। इस योजना को लेने के लिए लोगों में काफी उत्साह देखी गई। शिविर में आए जनप्रतिनिधि, प्रज्ञा केंद्र संचालक, आंगनबाड़ी सेविका द्वारा ग्रामीणों से आवेदन लिया गया। पर चार बजने तक सिर्फ एक फॉर्म ऑनलाइन हुए। कारण पूछे जाने पर सर्वर त्रुटि बताई गई। बता दे कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना का शिविर 3 अगस्त से लगातार 10 अगस्त तक लगाई जाएगी। बालूमाथ पंचायत भवन शेरेगड़ा, गणेशपु,चेताग, धाधु,मारंगा, लोईया सहित प्रखंड के विभिन्न पंचायत भवनों में लगाया गया। शिविर को बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव निरीक्षण करते नजर आए।

## बीएसएनएल का टावर नहीं होने से ग्रामीण परेशान



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र मे बीएसएनएल टावर नहीं लगाए जाने के कारण लोग परेशान हैं। ग्रामीण कुंवर प्रसाद,विजय राम, जतरु भुइयाँ,ओम प्रकाश, महेंद्र प्रसाद, घनश्याम ठाकुर, शंकर यादव, पवन यादव, राजकिशोर उरांव, कमलदेव पासवान, नवीन ठाकुर, अंजर, अवध प्रसाद, जीतेन्द्र पासवान सहित कई ग्रामीणों ने कहा कि बारियातू प्रखंड मुख्यालय होने के बावजूद भी बीएसएनएल टॉवर नहीं लगाया गया है, जिससे बीएसएनएल सिम का उपयोग करना मुश्किल हो गया है। वहां घनी आबादी है। बारियातू मुख्यालय, नचना, बारिखाप, गाड़ी, लोदमदाग, साल्वे सहित अन्य गांव मुहल्ले मे बीएसएनएल का नेटवर्क काम नहीं करता है। दिन प्रतिदिन जीओ और एयरटेल का रिचार्ज महंगा होते जा रहा है, जिससे लोगों को रिचार्ज करना मुश्किल हो गया है। एयरटेल मे रिचार्ज खत्म होते ही एक सप्ताह से इंकमिंग भी बंद हो जाता है। बीएसएनएल का नेटवर्क रहने से बीएसएनएल का सिम उपयोग किया जा सकता था जो यहां इतनी आबादी रहने के बावजूद भी नेटवर्क नहीं लगाया गया है। कुंवर प्रसाद ने कहा की यदि टॉवर लगाने के लिए सरकार को जमीन चाहिए तो जमीन भी उपलब्ध करा दिया जायेगा।

## बाल कल्याण को लेकर जिला स्तरीय जन सुनवाई का आयोजन

**लातेहार।** नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय जन सुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में ज्यूरी सदस्य के रूप में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, श्रम अधीक्षक लातेहार, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, एवं नगर प्रशासक लातेहार उपस्थित थे। जन सुनवाई में सामाजिक अंकेक्षण इकाई के डीआरपी प्रवीण कुमार कर्ण के द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, बाल देखभाल संस्थान रोज, एवं चाइल्ड लाईन में सामाजिक अंकेक्षण के दौरान प्रतिवेदन को ज्यूरी सदस्य के सामने प्रस्तुत किया गया। ज्यूरी सदस्यों ने निर्णय लिया कि प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जो कमी रह गई है उसमे गुणात्मक सुधार कर विभाग को प्रतिवेदन दिया जाएगा। सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, सदस्य बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई के सभी कर्मी, चाइल्ड लाईन, रोज बाल गृह के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए शुरू की गई मईयां सम्मान योजना

**लातेहार।** राज्य सरकार के महत्वकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना शिविर का शनिवार से पूरे जिले में प्रारंभ हो गया है। यह शिविर आज से लेकर आगामी 10 अगस्त तक जिले के सभी पंचायत और लातेहार नप क्षेत्र के चिन्हित स्थलों में सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक संचालित होगा। शिविर में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो इसे लेकर जिला प्रशासन के द्वारा वरीय अधिकारी घूम-घूम कर जमीनी स्थिति का मुआयना कर रहे हैं और जहां भी वे कमिया देख रहे हैं उसे दुरूस्त करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक प्रभात रंजन ने कहा की मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में एक है। इस योजना के अंतर्गत राज्य की 21 से 50 वर्ष तक की उम्र की महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की राशि उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। इस राशि का उपयोग अपनी जरूरतों को पूरी करने के लिए करें और साथ ही ऐसी योग्य माताओं-बहनों को भी बताएं, ताकि उन्हें भी आर्थिक सहायता प्राप्त हो सके। निरीक्षण के दौरान सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक प्रभात रंजन के साथ, लातेहार के अंचल पदाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, लातेहार नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन भी मौजूद रहे।

## झारखंड पिछड़ा आयोग के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** झारखंड पिछड़ा आयोग के सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुलाकात की।आयोग के सदस्य होटवाग लातेहार के लक्ष्मण यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में झारखंड में बिहार मध्य प्रदेश तामिलनाडू व आंध्र प्रदेश की तरह पृथक पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय व निदेशालय का गठन किया जाना चाहिए। झारखंड में अभी तक पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए अलग से मंत्रालय व निदेशालय का गठन नहीं हो पाया है। ज्ञापन में कहा गया है कि झारखंड राज्य की तकरीब 52 प्रतिशत आबादी पिछड़ा वर्ग का है। उन्होंने बताया कि 25 मई को झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की संपन्न बैठक में झारखंड राज्य में पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय विभाग एवं निदेशालय का गठन करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। कहा गया कि भारतीय संविधान की धारा 15 (4) एवं 29 (2) में स्पष्ट उल्लेख है कि सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक दृष्टि से पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए विशेष प्रावधान कर सकती है। यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री ने पिछड़े वर्गों के हित के लिए इस पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्ववासन दिया है। प्रतिनिधि मंडल में आयोग के अन्य सदस्य केशव महतो, कमलेश, नंद किशोर मेहता शामिल थे।

## प्रगतिशील शिक्षक संघ ने नए जिला शिक्षा अधीक्षक का किया स्वागत

**लातेहार।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल शनिवार को जिले के नए जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी ऋषिकेश कुमार को गुलदस्ता व पौधा देकर स्वागत किया। प्रतिनिधि मंडल ने नए जिला शिक्षा अधीक्षक से उम्मीद जताया कि उनके नेतृत्व में लातेहार जिला के शिक्षकों की समस्याओं का समाधान होगा। शिक्षक प्रतिनिधियों के द्वारा पदाधिकारी द्वय से अनुरोध किया गया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान विद्यालय के बुनियादी आवश्यकताओं और शिक्षक की मजबूरी का आकलन कर उसका निदान करने का प्रयास करें। संघ ने जिला शिक्षा अधीक्षक को भरोसा दिलाया कि छात्र व शिक्षा हित में विभाग के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य करेंगी।

# शिविर में उमड़ी भीड़, नेटवर्क नहीं रहने से निराश लौटे लाभुक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां समान योजना का भारी बारिश के बाद शनिवार को सुबह दस बजे से विधिवत शुरूआत प्रखंड मुख्यालय के बरवाडीह पंचायत सचिवालय में हुई। प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, सीओ मनोज कुमार, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, मुखिया कालो देवी समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में मुख्य रूप से पंचायत की मुखिया, प्रज्ञा केंद्र संचालक सहिया,आंगनबाड़ी सेविका आदि मौजूद थे। पंचायत भवन में आयोजित शिविर में पंचायत के सभी गांव से काफी संख्या में महिला लाभुक पहुंचे थे, लेकिन सर्वर नही रहने के कारण लोगों को निराशा का सामना करना पड़ा। काफी देर तक लोग सर्वर आने के इंतजार में जमे रहे, लेकिन उसे निराशा ही हाथ लगी। इस संबंध में बीडीओ ने सभी लाभुक महिलाओं को योजना की जानकारी देते हुई कहा की सर्वर नही रहने से निराश होने की जरूरत नहीं है। रविवार से लेकर 10अगस्त तक लाभुक महिलाओं का आवेदन जमा कर सकते है। इसके अलावा प्रखंड के सभी पंचायत में मुखिया व अन्य पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा शिविर का उद्घाटन किया गया, लेकिन सभी पंचायत में सर्वर नहीं रहने के कारण लोगों को निराशा हुई। पंचायतों में योजना का लाभ लेने के लिए काफी संख्या में महिलाएं जुटी थी। बीडीओ ने प्रखंड के सभी पंचायत का बारी बारी से निरीक्षण कर शिविर का जायजा लिया। शिविर में पंचायत के मुखिया,पंचायत सचिव समेत सभी जनप्रतिनिधि शामिल थे।




### फार्म लेने के लिए परेशान रहे लाभुक

सरकार के निर्देश के आलोक में सभी लाभुक को आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा डोर टू डोर फार्म वितरण करना था, लेकिन सेविका द्वारा फार्म वितरण नहीं किए जाने से लाभुक महिलाओं को फार्म लेने के लिए परेशान रहीं।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा (जिला स्थापना शाखा)

### -: नियुक्ति संबंधी सूचना :-

चतरा जिला अंतर्गत ग्रामीण चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र दिनांक 31.08.2024 के अपराहन् 05:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। नियुक्ति संबंधी विस्तृत सूचना एवं शर्त्त की विवरणिका चतरा जिला के विभागीय वेबसाईट https://chatra.nic.in/ पर देखा जा सकता है।

PR 331722 District(24-25)#D

उपायुक्त,
चतरा

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा। (समाज कल्याण शाखा)

### –::आम सूचना::–

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या–1406 दिनांक–01.07.2024 एवं पत्रांक–1716 दिनांक–26.07.2024 के द्वारा राज्य सरकार द्वारा 21–50 वर्ष की महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु **झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना** का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसके तहत लाभुकों को प्रतिमाह रु0 1,000/– की दर से आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

योग्य लाभुकों को सुगमता पूर्वक लाभान्वित करने के निमित्त विभागीय निर्देशानुसार नगरपालिका क्षेत्र में दिनांक–03.08.2024 से दिनांक–10.08.2024 तक विभिन्न चिन्हित स्थलों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

सभी योग्य आवेदिकाओं द्वारा निर्धारित शिविर स्थल (संलग्न) पर उपस्थित होकर आवेदन पत्र जमा किया जा सकता है।

वार्डवार शिविर आयोजन हेतु चयनित स्थल

| क्र0 | वार्ड नं0 | स्थल का नाम | कैंप तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 01 एवं 13 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गीता आश्रम, चतरा | 03.08.2024 से 10.08.2024 तक |
| 2 | 02 एवं 03 | अटल क्लिनिक, आश्रय गृह डोमसीटवा, चतरा | 03.08.2024 से 10.08.2024 तक |
| 3 | 04 एवं 05 | मध्य विद्यालय, दिभा मुहल्ला, चतरा | 03.08.2024 से 10.08.2024 तक |
| 4 | 06 एवं 07 | महादेवी वर्मा इन्टर महाविद्यालय, छठ तालाब, चतरा | 03.08.2024 से 10.08.2024 तक |
| 5 | 8 | अराजपत्रित कर्मचारी संघ भवन, जतराहीबाग, चतरा | 03.08.2024 से 10.08.2024 तक |
| 6 | 09 एवं 10 | प्राथमिक विद्यालय, बाईपास नगवां, चतरा | 03.08.2024 से 10.08.2024 तक |
| 7 | 11 | जलछाजन भवन, गंदौरी मंदिर के पास, चतरा | 03.08.2024 से 10.08.2024 तक |
| 8 | 12 एवं 16 | उत्क्रमित विद्यालय, दीवानखाना, बाजार टांड़, चतरा | 03.08.2024 से 10.08.2024 तक |
| 9 | 14 एवं 15 | हमिद भवन, अंसार नगर दर्जी मुहल्ला, चतरा | 03.08.2024 से 10.08.2024 तक |
| 10 | 17 एवं 18 | मध्य विद्यालय, ग्वालटोली, चतरा | 03.08.2024 से 10.08.2024 तक |
| 11 | 19 एवं 20 | रा0 उर्दु मध्य विद्यालय, लाईन मुहल्ला, चतरा | 03.08.2024 से 10.08.2024 तक |
| 12 | 21 एवं 22 | मध्य विद्यालय, किशुनपुर, चतरा | 03.08.2024 से 10.08.2024 तक |

PR 331714 (Social Welfare,Women and Child Development) 24-25 (D)


उपायुक्त,
चतरा।

# लोहरदगा-कुजरा पथ पर नदी पर बने पुल का पिलर धंसा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

राज्य के कई जिलों में लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने लोहरदगा में बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया हुआ है। लगातार बारिश से खेत खलिहानों में पानी जमा हो गया है। जिले के लोगों को जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। भारी बारिश में लोहरदगा-कुजरा पथ पर नदी में बने पुल का पिलर धंस गया। जिससे वाहनों का परिचालन ठप हो गया है। वहीं लोहरदगा-घाघरा एनएच पथ-143 में कंडरा के समीप डायवर्सन बहने से आवागमन प्रभावित हुआ है। इस रास्ते बिहार, आड़िशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, मुंबई के लिए जाने वाले भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी गई है। वहीं दूसरी ओर लोहरदगा-घाघरा एनएच पथ-143 में प्रतिदिन 1500 बॉक्साइट ट्रकों का परिचालन होता है, डायवर्सन के बहने से ट्रकों का परिचालन भी बंद हो गया है। दूसरी ओर लोहरदगा जिले के किस्को के नवाडीह कुंबाटोली गांव जाने वाली सड़क में पुल का संपर्क पथ बह गया है। जिससे स्थानीय को आवागमन करने में परेशानी हो रही है। लोहरदगा जिले के भक्सो कोयल नदी का जलस्तर बढ़ने से भक्सो कोयल नदी में स्थित इंटेक वेल पानी में पूरी तरह से डूब गया है। जिसके कारण जलापूर्ति ठप पड़ गई है। इस बारिश से लोहरदगा शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल रहा।

**कैरो/लोहरदगा।** क्षेत्र में लगातार तेज बारिश होने के कारण नदी-नालों में उफान है। वहीं नदी पर बने रपटे के ऊपर से पानी बहने लगा, जिससे कई गांव का संपर्क मुख्यालय से टूट गया। पुल में पानी का बहाव तेज होने के कारण दोनों तरफ के लोग निकलने के लिए खड़े रहे है। आप इन तस्वीरों में देख सकते है कि किस तरह नदी के ऊपर से पानी बह रहा है, जिससे लोग निकलने के लिए पुल के दोनो तरफ खड़े हुए नजर आ रहे है। हालांकि कुछ लोग जान जोखिम में डालकर नदी-नाला पार करते नजर आये।

1


## लोहरदगा में कहर बरपा रही है बारिश

# दक्षिणी कोयल सहित सभी नदियां उफान पर

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

पिछले दो दिनों से लोहरदगा सहित झारखंड में हो रही भारी बारिश की वजह से नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया है। सभी नदियां खतरे के निशान से काफी उपर बह रहे हैं। लोहरदगा-बेड़ो मुख्य मार्ग पर स्थित सिठियो सेरेंगहातू से गुजरनेवाली दक्षिण कोयल नदी पुल के उपर बह रहा है।

लोहरदगा शहरी क्षेत्र स्थित विकटोरिया टैंक बड़ा तालाब में पहाड़ी क्षेत्र से उतरने वाले पानी से बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। सैकड़ों घर जलमग्न होने को हैं। बारिश की वजह से कई लोगों की जान जोखिम में है। कई गरीबों के मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। लोहरदगा शहरी क्षेत्रों में भी कई जगहों पर जलजमाव से लोगों को परेशानी हो रही है। कुल मिलाकर यह बारिश लोहरदगा में कहर बरपा रही है। लोहरदगा जिले तमाम नदियां उफान पर हैं। उनका विकराल रुप देखने को मिल रहा है। दक्षिण कोयल नदी, शंख, फुलझर नदी, बंजारी नदी, उपर तुरियाडीह, हेसाग, गम्हरिया, केरार, हुसरू, सुकरी नदी उफान पर है। पहाड़ी नदियों के तेज बहाव की वजह से नदी और नाले के किनारे लगे सैकड़ों एकड़ पर लगी फसल भी बह गई है। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। धान के खेत बह गए। सब्जी की खेती जिले भर में लगभग नष्ट हो गयी है। बराटपुर, बाघा, लालपुर तिगरा, हरमू, थाना टोली, कोयलाटोली आदि गांव में जलजमाव परेशानी का सबब बन गया है। कुडू प्रखंड में भी कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रहे हैं। हनहट, जिंगी और कोलसिमरी में कोयल का पानी पुल के उपर आ गया है।

इधर लगातार हो रही बारिश के मद्देनजर जिला प्रशासन हाई अलर्ट मोड पर है। कई नदियां उफान पर हैं। दक्षिणी कोयल का पानी पुल से होकर बह रही है। जिले में सभी अंचलाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, जनसेवकों और पंचायत सेवकों को बरसात से हुए नुकसान का आकलन करने को कहा गया है। कई घरों के गिरने की भी सूचना है।

# डायवर्सन बहने पर यातायात हुआ बाधित

2


डायवर्सन बहने से एनएच 143-ए लोहरदगा गुमला मार्ग प्रभावित

3


4


**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**

कंडरा के समीप अर्धनिर्मित पुलिया के पास नाले पर बना डायवर्सन पानी के तेज बहाव के कारण बह गया। जिसे यातायात बाधित हो गया। वही छोटी वाहनों का यातायात वैकल्पिक व्यवस्था मार्ग से कराया गया। विदित हो कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के कंडरा सीमावर्ती एन एच 143 ए लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग पर वर्षों पूर्व से पुलिया निर्माण कार्य संवेदक के द्वारा कराया जा रहा था। जो कार्य काफी धीमी गति से किए जाने का परिणाम आज आमजनों व राहगीरों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार बता दें कि पुलिया निर्माण कार्य आरम्भ होते ही यातायात बाधित न हो इसको लेकर नाले पर पुराने पुलिया को डायवर्सन के रूप में बनाया गया था। जिस पर से सभी प्रकार की वाहनों का परिचालन हो रहा था। लेकिन प्रखंड क्षेत्र में तीन दिनों से रुक रुक कर तेज बारिश के कारण डायवर्सन के ऊपर से नाले की पानी का बहाव आरम्भ हो गया।और धीरे धीरे मिट्टी कटाव के कारण डायवर्सन का कुछ भाग तेज पानी के धार में बह गया।और जल स्तर काफी बढ़ गया। जिससे यातायात बाधित हो गया। और आवागमन में परेशानी हुई। जिसे सुबह से ही भारी वाहनों की परिचालन ठप है। वही डायवर्सन टूटने की सूचना प्रखंड व जिला प्रशासन को मिलते ही क्षेत्र का दौरा कर पदाधिकारियों द्वारा जायजा लिया गया।जबकी ग्रामीणों का कहना है कि यातायात बाधित होने के पीछे संवेदक की लापरवाही का नतीजा है। ग्रामीणों द्वारा कहा जा रहा है। कि वर्षों पूर्व से पुलिया निर्माण कार्य प्रारम्भ हुआ था। जो बहुत ही धीमी गति से होने के कारण आज आवागमन और यातायात बाधित हुआ है। और आमजनों को इस संकट से जूझना पड़ रहा है।

## एक नजर

### जड़ी-बूटी दिवस आज

**लोहरदगा।** लोहरदगा में पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास की जिला इकाई द्वारा 4 अगस्त को आयुर्वेद शिरोमणि आदरणीय बालकृष्ण जी का जन्मदिन जड़ी - बूटी दिवस के रूप मे मनाई जाएगी। जड़ी बूटी दिवस के दिन पतंजलि परिवार द्वारा कृषि बाजार स्थित शिव मंदिर परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित की गई है इस अवसर पर आम जनों के बीच औषधीय पौधों का भी वितरण किया जाएगा। औषधीय पौधों में गिलोय, नागदोन, अर्जुन, आंवला, एलोवेरा आदि मुख्य रूप से होंगे।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के फॉर्म को किया गया ऑनलाइन

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत भवन अरु में मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना का फॉर्म ऑनलाइन किया गया। जीप सदस्य और मुखिया की उपस्थिति में पंचायत के छः आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा अपने अपने आंगनबाड़ी क्षेत्र के 21 से 50 वर्ष तक कि महिलाओं का फॉर्म भरकर मौके पर मौजूद प्रज्ञा केंद्र संचालको से ऑनलाइन कराया गया। वही पंचायत क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र कल्हेपाट अम्बाटोली से 25,आंगनबाड़ी केंद्र फुलवार टोली अरु से 37आंगनबाड़ी केंद्र कल्हेपाट खास से 55,आंगनबाड़ी केंद्र हरिजन टोला अरु से 90,आंगनबाड़ी केंद्र अरु खास से 70 और आंगनबाड़ी केंद्र डांड़ टोली से 10 लोगों का आवेदन ऑनलाइन किया गया।

# दो दर्जन से अधिक कांवरियों का जत्था हुआ रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिला अंतर्गत स्थित भरनो प्रखंड से शनिवार को प्रखंड मुख्यालय से दो दर्जनों से अधिक कांवरियों का जत्था मुरारी केशरी एवं बिट्टू गुप्ता के अगुवाई में हर हर महादेव बोल बम के जयघोष के साथ भरनो से बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुआ।

भरनो भरनो बस्ती स्थित देवी मंडप,श्रीविष्णु मंदिर,एवं स्कूल चौक स्थितशिवालय में दर्शन पूजन के पश्चात कांवरियों का जत्था बोल बम हर महादेव के जयघोष के साथ बाबा धाम देवघर के लिए रवाना हुआ।यह शिव भक्तों का जत्था सुल्तानगंज पहुँचकर वहां कांवर में जल भरकर पैदल यात्रा करते बाबा धाम देवघर पहुंचकर अपने आराध्य बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे।मान्यता है कि बाबा बैजनाथ को जलाभिषेक करने से भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है,यह कांवरियों का जत्था बाबा धाम के निकट बासुकीनाथ सहित अन्य धार्मिक स्थलों का दर्शन भी करेंगे। इस कावरियों के जत्था में मुरारी केशरी, बिट्टू गुप्ता, दुर्गेश केसरी, विनोद केसरी, रविन्द्र केशरी, ज्योतिष केशरी, अंकित मिश्रा, सरोज महतो, सतीश दुबे, अमन ठाकुर, विकाश ठाकुर, गौरव केशरी, निशु केशरी, रवि गुप्ता, रौशन केशरी, सन्तोष केशरी सहित काफी संख्या में भगवान भोलेनाथ के भक्त शामिल है।

### मंईयां सम्मान योजना : 685 महिलाओं ने किया आवेदन

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बिशुनपुर प्रखंड में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत शनिवार को 10 पंचायतों में कैंप लगाकर फॉर्म भरने की शुरूआत की गई कई केंद्रों पर फॉर्म वितरण की शुरूआत जन प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने की बिशुनपुर पंचायत सचिवालय में बालचंद उरांव के द्वारा सभी लाभार्थियों को योजना से अवगत कराया साथ ही धैर्यपूर्वक फॉर्म प्राप्त करने तथा जमा करने की बात कही पहले दिन ही कई केंद्रों पर फॉर्म भरने के लिए महिलाओं की अत्यधिक भीड़ दिखी इस एवं भरने का कार्य प्रभावित हुआ।

# योजना का भरपूर लाभ उठाएं दूसरों को भी बताएं : दिलीप प्रताप

### झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत शिविर आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

राज्य सरकार के महत्वकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शिविर आज शनिवार को प्रारंभ हो गया जो 10 अगस्त 2024 तक सभी पंचायत भवनों और नगर परिषद क्षेत्र के चिन्हित स्थलों में सुबह 10 बजे से 05 बजे तक संचालित होगा। नगर भवन, लोहरदगा में शिविर का शुभारंभ उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में एक है। इस योजना के अंतर्गत राज्य की 21 से 50 वर्ष तक की उम्र की



महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। आज से प्रखण्ड के सभी पंचायतों और वार्ड क्षेत्र में शिविर प्रारंभ हो गया है जो प्रतिदिन संचालित होगा। इस राशि का उपयोग अपनी जरूरतों को पूरी करने के लिए करें और साथ ही ऐसी योग्य माताओं-बहनों को भी बताएं ताकि उन्हें भी आर्थिक सहायता प्राप्त हो सके। मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा प्रमोद दास, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, सदर अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार, वार्ड 04, 05 और 08 की महिलाएं समेत अन्य उपस्थित थे।

**क्या है योजना**

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत झारखंड सरकार महिलाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, महिला सशक्तिकरण,उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने के लिये राज्य के 21 से 50 वर्ष की हर वर्ग की महिलाओं को हर महीने 1000 रु० सरकार के तरफ से दिए जायंगे। लाभुकों को इस योजना के लाभ के लिए 3 से 10 अगस्त 2024 तक विशेष कैम्प लगाया जायेगा। नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में भी फॉर्म निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं।

# एक कनीय अभियंता को उपायुक्त गुमला ने किया कार्य मुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

कुछ दिनों पूर्व मनरेगा योजना के तहत घाघरा प्रखंड के कनिय अभियंता के द्वारा लाभुकों से बिरसा सिंचाई कूप की मापी पुस्त करने हेतु अवैध रूप से राशि की उगाही करने के मामले की जानकारी उपायुक्त को मिली थी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा दिए गए प्रतिवेदन के अनुसार मनरेगा अन्तर्गत बिरसा सिंचाई कूप योजना के लाभुक पवन उराँव से मापी पुस्त बनाने के एवज में 30,000.00 (तीस हजार) रुपए की अवैध उगाही की अनियमितता बरतने के संबंध में प्राप्त लिखित ब्यान एवं अवैध राशि के लेन-देन का साक्ष्य, प्रमाणित के अनुसार कनीय अभियंता (मनरेगा) प्रखण्ड-घाघरा द्वारा अवैध राशि की उगाही की गई है, जो मनरेगा अधिनियम का घोर उल्लंघन है तथा कदाचार की श्रेणी में आता है।

उक्त कृत्य के लिए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर, सरकार के प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, रांची के संकल्प ज्ञापांक 4729 दिनांक 04.06.2007 मनरेगा सेवाशर्त्त, नियुक्ति व कर्त्तव्य नियमावली 2007 कंडिका 11 (च) एवं मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, राँची के पत्रांक (ठ)1482 दिनांक 06.07.2016 के कंडिका 03 के आलोक में कनीय अभियंता (मनरेगा) प्रखण्ड-घाघरा का तत्काल प्रभाव से संविदा रद्द करते हुए कार्यमुक्त किया गया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाएं जिले के नागरिकों के हित के लिए हैं एवं उनके सहयोग के लिए है, एवं लाभुकों को किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए किसी भी व्यक्ति को अवैध रूप से मांग की गई राशि को देने की आवश्यकता नहीं है।

यदि ऐसे मामले संज्ञान में आते हैं तो अवैध राशि की मांग करने वाले व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### संत बियानी के बताए मार्ग पर चलने की है जरूरत

**गुमला ।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित चैनपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच परमवीर अल्बर्ट एक्का कॉलेज व बरवे उच्च विद्यालय में शनिवार को संत जोन मेरी बियानी पर्व सह स्कूल दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। संत बियानी को याद करते हुए चर्च में विनती प्रार्थना की गई। डीन फॉ जिभिरिसानुस किंडो , फादर राजेंद्र तिर्की, फादर ने संयुक्त रूप से संत बियानी की तस्वीर के समीप कैंडल जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पल्ली पुरोहित फादर के नेतृत्व में मिस्सा पूजा संपन्न हुआ।

## न्यूज बॉक्स

### बारिश ने मचाई तबाही, मिट्टी का घर गिरा एक की स्थिति गंभीर

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित भरनो प्रखंड के पंडकी टोली गांव में लगातार हो रही बारिश के कारण किसान दुर्गा उरांव का घर ध्वस्त हो गया । घटना शाम 7 बजे की है जब घर में दुर्गा उरांव के अलावा अन्य सदस्य भी थे। घर का दीवार गिरने से दुर्गा उरांव उम्र 55 वर्ष दब गया। और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों और स्थानीय लोगों ने उसे बाहर निकाला और भरनो अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।



### प्रदेश से मिले दायित्व को अपना सर्वोच्च योगदान देकर पूर्ण करूंगा : अजातशत्रु

**लोहरदगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के झारखण्ड प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु ने उन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी देने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया है। कहा कि संगठन ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है मैं उसका निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगा। अपना सर्वोच्च योगदान संगठन को समर्पित करूंगा। पूर्व में संगठन में कार्यसमिती सदस्य, खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक और प्रदेशमंत्री के रूप में संगठन को अपनी सेवा देता आया हूं। आज संगठन ने एक बार पुनः अब प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवा काल को आगे विस्तार देने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। इस अवसर को प्रदान करने हेतु भारतीय जनता पार्टी के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी, कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर बाऊरी, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, विनय जायसवाल, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, भाजपा राष्ट्रिय मंत्री आशा लकड़ा, लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के पूर्व लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव का आभार व्यक्त किया है।



### विश्व आदिवासी दिवस को लेकर बैठक आज

**लोहरदगा।** राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा के जिलाध्यक्ष सोमदेव उरांव ने कहा कि आगामी 9 अगस्त 2024 को विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर जिला के विभिन्न आदिवासी संगठनों के आगुवागणों के साथ रविवार को एम जी रोड वीर शिवाजी चौक स्थित झखरा कुम्बा लोहरदगा अवश्य बैठक की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति जिलाध्यक्ष सोमदेव उरांव करेंगे। बैठक में जिला के सभी आदिवासी संगठनों के आगुवागणों को शामिल होने की आग्रह किया गया है। सभी के उपस्थित के साथ साथ संयुक्त विचार विमर्श कर आगामी 9 अगस्त 2024 को विश्व आदिवासी दिवस को भव्य रूप से मिलजुलकर मनाया जाएगा।

### जनसंपर्क विभाग के एलईडी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**लोहरदगा।** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के पंचायत स्तर तक प्रचार-प्रसार हेतु शनिवार को उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा जिला जनसंपर्क विभाग के एलईडी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस वाहन के जरिये योजना की सम्पूर्ण जानकारी दी जाएगी। साथ ही वाहन में प्रदर्शित क्यूआर कोड के माध्यम से योजना का फॉर्म डाउनलोड किया जा सकता है। इस मौके पर अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक प्रमोद दास, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य उपस्थित थे।

### मंईयां सम्मान योजना के तहत कैंप का किया गया आयोजन

**कैरो/लोहरदगा।** सरकार के महत्वकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंइया सम्मान योजना के लिये शनिवार से सभी पंचायतों में विशेष कैम्प का आयोजन किया गया जो 10 अगस्त तक चलेगा 21 से 49 वर्ष तक कि महिलाएं सुबह 10 बजते ही अपने-अपने पंचायत भवन पहुंच गए परन्तु सर्वर डाउन होने के कारण पंजीयन नही हो सका देखते ही देखते महिलाओ का भीड़ की जमघट लग गई बहुत मुश्किल से कैरो पंचायत भवन में एक,गजनी में तीन आवेदकों का पंजीयन हो सका बाकी पंचायतों में भी इसी तरह का नजारा रहा कहीं पर भी सर्वर काम नही कर रहा था हार मान कर निराश होकर महिलाएं अपने अपने घरों को लौट गईं।

# ज्वेलरी दुकान में लूट के मामले में 3 गिरफ्तार

- मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और झारखंड की कई जिलों के लिए भी वारंटी हैं
- एक मोटरसाइकिल, एक देसी कट्टा और एक कारतूस बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ने एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के उपस्थिति में अपने कार्यालय कक्ष में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर मीडियाकर्मियों को बताया की गुमला जिला मुख्यालय स्थित मेन रोड गुमला में कनक ज्वेलर्स में लूटपाट करने के इरादे से आए 5 अपराधकर्मियों जब लूटपाट करने में सफल नहीं हुई तो कनक ज्वेलर्स के संचालक प्रकाश कुमार पर जानलेवा हमला और फायरिंग किया गया।



उक्त गोली प्रकाश कुमार के बांये उंगली पर लगी फलस्वरूप वह घायल हो गए और लूटपाट में असफल अपराधी अपने दो मोटरसाइकिलों में सवार होकर भागने में सफल रहे। जिसे गुमला पुलिस एक चैलेंज के रूप में लेते हुए, गुमला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ने अपने इनफॉर्मरों के सहयोग से और पलामू पुलिस के सहयोग से उक्त अपराधियों तक पहुंचने में सफल रहे, और सामना होने पर उक्त अपराधियों द्वारा पुलिस पर गोलियां चलाई गईं। जवाबी कार्रवाई में, एक पुलिसकर्मी और एक अपराधी के बाह में गोली लगने की बात बताई जा रही है और इसी क्रम में तीन अपराध कर्मियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

**पहला** अपराधी, पलामू जिला अंतर्गत स्थित रामगढ़ थाना के मुसूरनु ग्राम निवासी 21 वर्षीय कमलेश यादव उर्फ कमलेश ( पिता - टिमन यादव ) **दूसरा** - अपराधी - पलामू जिला स्थित तरहसी थाना स्थित बेदानी ग्राम निवासी 20 वर्षीय गोल्डन कुमार गोल्डन पासवान ( पिता - अजीत पासवान ) तथा **तीसरा** अपराधकर्मी , राजस्थान स्थित जोधपुर निवासी 20 वर्षीय सुरेंद्र बिश्नोई उर्फ देवराज विश्नोई ( पिता - मांगीलाल बिश्नोई ) दो अन्य अपराध कमी अब तक फरार है। उक्त अपराधकर्मियों का आतंक बंगाल, मध्य प्रदेश , झारखंड की राजधानी रांची, जमशेदपुर टाटा और पलामू जिला काफी प्रभावित था।

# लेडीज यूथ सोसाइटी ने उल्लास के साथ मनाया सावन महोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शहर के मुद्रिका बैंक्वेट हाल में रश्मि अग्रवाल और अंशु खत्री की अगुवाई में लोहरदगा लेडीज युथ सोसाइटी की महिलाओं ने मन भायो सावन कार्यक्रम मनाया।मौके पर सावन के झूले लगाए गए। सभी महिलाएं हरी-हरी साड़ी, चूड़ी, हाथों में मेहंदी, लगाकर कार्यक्रम में सम्मिलित हुई।हरे रंग के श्रृंगार में महिलाओं ने खूब मस्ती की। सावन के गीतों और नृत्य ने उत्सव में और भी उमंग भर दिया।

कार्यक्रम की संचालिका अंजली अग्रवाल ने बताया कि सावन महोत्सव में महिलाओं के लिए कई प्रतियोगिताएं भी रखी गई थी। अतिथि के तौर पर उपस्थित सुषमा सिंह और सुमन रॉय ने कहा कि इस पावन महीने में भगवान शिव की भक्ति हो या सावन महोत्सव, महिलाओं में उमंग देखने को मिलता है। सावन में महिलाएं न केवल भगवान शिव की पूजा करती है, बल्कि इस दौरान सावन महोत्सव का आयोजन कर एक-दूसरे को सावन मास की शुभकामनाएं देती हैं। सावन क्वीन का खिताब वर्षा गोयल को दिया गया। आकांक्षा गोयल उपविजेता रही। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।महोत्सव में विषेष रूप से अंशु खत्री, प्रीति खत्री, अंजलि अग्रवाल, सुनीता मिश्रा, नीति अग्रवाल,नीतू अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, नीलम मेहता, श्वेता मित्तल, संगीता मित्तल, अंजुल गुप्ता, सरिता कुमारी, पूजा गुप्ता, नीतू मित्तल, सोनी अग्रवाल, अन्नू अग्रवाल सहित अन्य महिलाएं उपास्थित रही।

# केंद्रीय मंत्री ने झारखंड में संचालित खादी विकास योजनाओं की समीक्षा की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को रांची स्थित खादी और ग्रामोद्योग आयोग के राज्य कार्यालय का दौरा किया।

यहां केन्द्रीय मंत्री ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, द्वारा वित्तपोषित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की इकाइयों द्वारा बनाए गए मधु के उत्पाद, रेडीमेड गारमेंट के वस्त्र, सेनीटाइजर, डिसवास, क्लाथवॉस, हैंडवॉस, फिनायल एवं गोबर से बनाई गई प्राकृतिक पेंट इत्यादि का निरीक्षण किया। वहीं पीएमईपीपी के लाभुकों से उनकी कार्य प्रगति एवं आय में वृद्धि आदि के बारे में चर्चा एवं मार्गदर्शन किया। तत्पश्चात, केन्द्रीय मंत्री ने राज्य कार्यालय खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा झारखण्ड में संचालित की जा रही खादी विकास योजना एवं ग्रामोद्योग विकास योजना का वित्तीय वर्ष 2023-24 में कार्य प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान योजनाओं को और ज्यादा लाभुकों तक केन्द्रित एवं अधिकाधिक परिणाम मूलक और प्रभावी बनाने हेतु मार्गदर्शन का निर्देश दिए। इसी दौरान मंत्री ने यह भी बताया कि वे शीघ्र ही इकाइयों से सीधे चर्चा करेंगे एवं उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखने के लिए कार्यस्थल का दौरा करेंगे। केन्द्रीय मंत्री ने खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादन एवं बिक्री को और गतिरूप देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सुझाव दिये। उन्हें वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 की भी कार्य योजना के बारे में जानकारी दी गई । केन्द्रीय मंत्री को खा.ग्रा.आ. राज्य निदेशक द्वारा जानकारी दी कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत एवं वोकल फोर लोकल के विजन को गतिरूप दिया जा रहा है। झारखण्ड राज्य की खादी संस्थाओं द्वारा गांव-कस्बों में परंपरागत कत्तिन-बुनकरों एवं कारीगरों के माध्यम से लोक लुभावन खादी वस्त्रों (खादी फोर फैशन- खादी फोर नशन-खादी फोर ट्रान्सफॉरमेशन) का निर्माण करवाया जाता है। इसके तहत हर हाथ को काम, काम का उचित दाम के मंत्र को सफलीभूत किया जा रहा है। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने एम.एस.एम.ई.-डी.एफ.ओ. के संयुक्त निदेशक, एन.एस.आई.सी. के प्रबन्धक के साथ भी उनके कार्यों की विस्तार से समीक्षा की एवं दिशा-निर्देशन तथा मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग, राज्य कार्यालय, रांची, एम.एस.एम.ई.-डी.एफ.ओ. तथा एन.एस.आई.सी. के कर्मचारी भी उपस्थित थे।



# सीसीएल ने सीएसआर के 3 पुरस्कार जीते

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीसीएल ने नई दिल्ली में आईएचडब्ल्यू परिषद द्वारा आयोजित 8वें सीएसआर हेल्थ इम्पैक्ट अवार्ड में 3 पुरस्कार जीते। सीसीएल के अधिकारी ने यह पुरस्कार पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के हाथों प्राप्त किया। सीसीएल ने निम्न तीन श्रेणियों : वर्ष की सबसे नवीन सीएसआर परियोजना में स्वर्ण, सीएसआर खेल संवर्धन परियोजना में स्वर्ण एवं सीएसआर सतत आजीविका परियोजना में कांस्य पुरस्कार जीता। ज्ञात हो कि सीसीएल सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह के मार्गदर्शन में कंपनी हितधारकों के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित हैं। कंपनी शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं सतत विकास को समर्पित कई पहलों का सफलता पूर्वक संचालन करते हुए राष्ट्र की ऊर्जा अवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर है।

# बोकारो में भारी बारिश से पुल बहा

## एक व्यक्ति लापता

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

जिले के बेरमो अनुमंडल के सुदूरवर्ती क्षेत्र ललपनिया एवं डुमरी बिहार स्टेशन, होसिर एवं डुमरी बिहार स्टेशन को जोड़ने वाली बोकारो नदी पुल का बीच का हिस्सा शनिवार को हुए दो दिनों की भारी बारिश में बह गया। दुर्भाग्यवश पुल के ऊपर से गुजर रहे तीन ग्रामीण में से एक ग्रामीण भी पुल के साथ बह गया, जिसका समाचार लिखे जाने तक कोई अता-पता नहीं चल सका। हालांकि, जिला प्रशासन के निर्देश पर स्थानीय एनडीआरएफ की टीम नदी पर पहुंचकर डूबे हुए व्यक्ति के खोजबीन कर रही है। घटना के बाद से परिजनों के साथ स्थानीय ग्रामीण डूबे हुए व्यक्ति के खोजबीन करने की मांग को लेकर ललपनिया गोमिया मुख्य सड़क को जाम कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार यह पुल 2013 में बनकर तैयार हुआ था। पुल के बह जाने से करीब दस गांव की आबादी प्रभावित हो गई। यह पुल हजारीबाग को भी जोड़ता था। जिस वक्त यह घटना घटी उस वक्त पुल के ऊपर से तीन ग्रामीण गुजर रहे थे। उन्हें आभास हुआ कि पुल गिर रहा है। तभी उन्हें भागो-भागो की आवाज सुनाई पड़ी। तीन में से दो ग्रामीण किसी तरह भागने में सफल रहे लेकिन एक ग्रामीण भौरी लाल प्रजापति (55) पुल के साथ बह गया। समाचार लिखे जाने तक भौरीलाल का कोई अता-पता नहीं चल सका था। स्थानीय ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर गोमिया ललपनिया मुख्य सड़क को घन्टों जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण दोनों तरफ से आवागमन बाधित हो गया था। घटना की सूचना मिलते ही गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो, पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद, बेरमो एसडीएम अशोक कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रवीण कुमार, डीसीएलआर सदानंद महतो, गोमिया बीडीओ महादेव कुमार महतो, सीओ प्रदीप महतो, थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता सहित कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन में जुट गए हैं।

स्थानीय विधायक डॉ लम्बोदर महतो के नेतृत्व में परिजन और ग्रामीणों के संग एसडीएम बेरमो, गोमिया बीडीओ एवं सीओ, थाना प्रभारी गोमिया के बीच समझौता वार्ता हुआ। समझौता वार्ता में आश्रित को आपदा प्रबंधन के तहत चार लाख रुपये की राशि दिलाने की अनुशंसा के अलावा सामाजिक सुरक्षा पेंशन, अम्बेडकर आवास, व्यक्ति के पुत्र को ओएनजीसी में नियोजन दिलाने पर सहमति बनी। इसके बाद लगभग आठ घंटे के पश्चात सड़क जाम को हटा दिया गया।


फाईल फोटो

## बोकारो प्रशासन ने बारिश थमने के बाद शहर के विभिन्न स्थानों का लिया जायजा



**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के शनिवार को थमने के बाद उप विकास आयुक्त (डीडीसी) गिरिजा शंकर प्रसाद, अपर समाहर्ता (एसी) मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास (एसडीओ) ओम प्रकाश गुप्ता ने शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। राहत कार्य में जुटे संबंधित अधिकारियों-कर्मियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। डीडीसी, एसी एवं एसडीओ ने बोकारो स्टील सिटी के दुंडी बाग, सेक्टर 12-सेक्टर 09 के इलाकों का निरीक्षण किया। जलजमाव वाले क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं अत्यधिक बारिश के कारण जर्जर क्वार्टरों में रह रहे लोगों को अन्यत्र शिफ्ट करने एवं सिटी क्षेत्र में चल रहें क्वार्टर बिल्डिंग की मरम्मत कार्य में तेजी लाने को बीएसएल टीए डिपार्टमेंट के अधिकारियों को निर्देश दिया।

## गिरिडीह में दीवार गिरने से महिला की मौत

**गिरिडीह।** सरिया थाना इलाके के ग्राम लुतीयानो में शनिवार को मिट्टी की दिवार गिरने से मीना देवी (40) की मौत हो गई। बताया गया कि पिछले दो दिनों से लगातार हो रही वर्षा के कारण घर का एक हिस्सा ध्वस्त हो गया। इस बीच दीवार गिरने की घटना उस समय जब घर के अन्य सदस्य सो रहे थे और महिला शौच के लिए घर से बाहर जा रही थी। सूचना पाकर बगोदर पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो घटनास्थल पर पहुंचे और उपायुक्त गिरिडीह एवं सरिया बीडीओ से फोन पर वार्ता कर आपदा राहत से मिलने वाली मुआवजा की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है।

## जल निकासी नहीं होने से एनएच की स्थिति खराब

**जमशेदपुर।** मयूरभंज जिले के जसीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) बाजार सड़क अभिशाप बन गयी है। जसीपुर बाजार से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग 49 लगभग पूरी तरह से खराब हो गयी है. हल्की बारिश होने पर भी इस राजमार्ग पर पानी जमा हो जाता है। एनएच तालाब बन जाती है। केंद्र सरकार के अधीन इस राजमार्ग पर केवल पैचिंग का काम चल रहा है। कुछ दिनों पहले राज्य सरकार के वन पर्यावरण मंत्री ने खुद सड़क की स्थिति देखी।

## गिरिडीह में अवैध बालू उठाव करने गए चार ट्रैक्टर नदी में फंसे

**गिरिडीह।** गिरिडीह समेत आसपास के क्षेत्रों में पिछले दो दिनों से लगातार रुक-रुक हो रही बारिश के कारण क्षेत्रीय नदियां उफान पर हैं। नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया है। इस बीच शनिवार को अवैध बालू उठाव करने बराकर नदी में गये चार ट्रैक्टर बीच नदी में फंस गए। इनमें से दो ट्रैक्टर पलट गये। जलस्तर बढ़ता देख मजदूर और चालक किसी तरह बाहर निकल आए लेकिन चारों ट्रैक्टर वहीं फंसे हैं। ट्रैक्टर मालिक किसी तरह वाहन बाहर निकालने में जुटे हैं।

## जयदा मंदिर जाने वाली सड़क पर अंधेरा कांवरियों को हो रही परेशानी

**चांडिल।** चांडिल प्रखंड के जयदा स्थित प्राचीन ऐतिहासिक बुढ़ाबाबा शिव मंदिर जाने वाली सड़क पर अंधेरा छाया हुआ है. सड़क पर अंधेरा रहने के कारण कांवरियों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है। विदित हो कि जयदा मंदिर का सौंदर्यीकरण करने के दौरान सरकार ने एनएच 33 से मंदिर तक जाने वाली सड़क पर लाइट लगाई थी। वहीं मंदिर परिसर में भी चारों ओर रोशनी करने के लिए लाइट लगायी गयी थी। कुछ दिन लाइट जली और इसके बाद बंद हो गई। वहीं सड़क किनारे और मंदिर परिसर में लगाई गई लाइट के नहीं जलने से कावंड़ियों में रोष है। कांवड़ियों का कहना है कि जब लाइट जलाना ही नहीं था तो सरकार लाइट लगाकर क्या साबित करना चाह रही है। लाइट पर सरकार इतना खर्च क्यों की। क्या यह जनता के पैसों की बबार्दी नहीं है। शनिवार को जयदा मंदिर में बड़ी संख्या में शिवभक्त कांवड़िया उमड़े थे। इनमें महिला और बच्चों की संख्या भी बहुत थी।

## सावन महोत्सव में रंजीता बनी सावन क्वीन

**चांडिल।** शहर की महिलाओं द्वारा सीतारामडेरा स्थित एक होटल में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया. सावन क्वीन के लिए मंदिरा बोस जज के द्वारा रंजीता जायसवाल को सावन क्वीन घोषित किया गया। तथा प्रथम रनर अनीता गुप्ता एवं द्वितीय रनर रिया बनर्जी को चुना गया। कार्यक्रम में कई तरह के गेम खेले गए। जिसमें बकेट गेम में नूतन शर्मा को प्रथम, पदमा जायसवाल को द्वितीय पुरस्कार मिला। जबकि पासिंग गेम में अलका जायसवाल को प्रथम एवं ललिता मिश्रा को द्वितीय पुरस्कार मिला। इस कार्यक्रम का आयोजन पूनम जायसवाल, चंदन जायसवाल, श्वेता छाबड़ा, तारा साहू एवं विभा जायसवाल के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में बिना प्रसाद, मीना सिंह, सीमा गांधी, श्वेता छाबड़ा, रूबी जायसवाल, अर्चना, टिन्नी आदि ने भाग लिया।

# चौकीदार व दफादार बहाली में एससी और पिछड़ों के पद नहीं, सरकार ले संज्ञान : डॉ लंबोदर महतो




■ **कुरमी /कुड़मी को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की मांग को लेकर दिया धरना**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के छठे दिन पूरे राज्य में चौकीदार एवं दफादार की नियुक्ति में अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति का आरक्षण समाप्त करने की ओर सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने शून्य काल में सदन में कहा कि बोकारो जिले के उपायुक्त द्वारा चौकीदार के पदपर सीधी भर्ती को लेकर निकाले गए विज्ञापन (संख्या 01/ 2024) में अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग में रिक्त पदों को जहां समाप्त कर दिया है वहीं लिखित परीक्षा की पाठ्यक्रम में जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा की सूची से खोरठा भाषा को हटा दिया है। यही नहीं उपायुक्त ने क्षेत्रीय भाषा की सूची में बांग्ला, उर्दू व उड़िया भाषा को शामिल कर दिया गया है।

इसको देखते हुए हमारा सदन के माध्यम से सरकार से यह मांग है कि चौकीदार व दफादार बहाली शर्तों में संशोधन करते हुए अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग में रिक्त पदों की संख्या में वृद्धि की जाए और बोकारो जिला की लिखित परीक्षा हेतु जनजाति व क्षेत्रीय भाषा की सूची में खोरठा भाषा को शामिल किया जाए। इससे पहले उन्होंने सदन के मुख्य द्वार पर कुरमी /कुड़मी को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की मांग को लेकर धरना दिया। इस क्रम में उन्होंने कहा कि कुड़मी जनजाति की अपनी पुरोखोनि कुड़माली भाषा -संस्कृति जन्म, विवाह एवं मृत्यु के रीति रिवाज प्रथागत परंपराएं तथा आदिम स्वशासन व्यवस्था आज भी कायम है परंतु गैर-अनुसूचित जनजाति के रूप में रखकर सरकार इसे पूर्णतः कुड़मी समाज को नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट द्वारा कई मामले में इन्हें स्पष्टतः एबोरजिनल ट्राईव के रूप में मान्यता दी गई है तथा इस समुदाय के नियमों पर संचालित होने की पुष्टि की गई है। अन्य जनजातियों की तरह कुड़मी जनजाति पर भी हिन्दू उत्तराधिकार कानून लागू नहीं होते जो कुड़मी एक जनजाति तो साबित करती है परंतु इसे कई दशकों से अधिसूचित किए जाने पर अनावश्यक अड़ंगा लगाकर रखा गया है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**(अपहृत व्यक्ति रमण सिंह, उम्र करीब–37 वर्ष)**



रंका थाना कांड सं0–120/23 दिनांक–03.08.023 धारा–364, 354, 323, 504, 506, भा0द0वि0 के अपहृत व्यक्ति रमण सिंह, उम्र करीब–37 वर्ष, पे0–जगरनाथ सिंह, सा0–तमगे कला, थाना–रंका, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाले हैं। उक्त अपहृत व्यक्ति रमण सिंह का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त अपहृत व्यक्ति रमण सिंह किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इसके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया** :–लंबाई–05 फीट, 05 इंच, रंग–सांवला, बाल–काला, हल्का मोक्ष, ऑख बड़ा, भाषा–हिन्दी, पहनावा–टी शर्ट–पैंट।


निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 331746 Police(24-25)#D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना।**

(अपहृत व्यक्ति दीपक राम, उम्र –49 वर्ष)



रंका थाना कांड सं0–94/24 दिनांक–18.06.2024 धारा–364, भा0द0वि0 के अपहृत व्यक्ति दीपक राम, उम्र–49 वर्ष, पे0–स्व0 भुखन राम, सा0–भौंरी, थाना–रंका, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाले हैं। प्रासंगिक कांड के वादिनी लिलावती देवी के कोर्ट परिवाद के आधार पर अपने पति दीपक राम के अपहरण के संबंध में कांड दर्ज कराया गया है। उक्त अपहृत व्यक्ति दीपक राम का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त अपहृत व्यक्ति दीपक राम किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इसके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया** :–लंबाई–05 फीट, 06 इंच, रंग–सांवला, पहनावा–चेकदार शर्ट एवं जिंस तथा गले में काला गमछा, पहचान चिन्ह–हॉथ में दीपक राम लिखा टैटू का निशान।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 331741 (Police) 24-25 (D)

**MINOR IRRIGATION DIVISION, CHATRA**

**Very Short e-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. WRD/MID/CHATRA/F2-02/2024-25 Date- 03.08.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of publication of Tender on website | 07.08.2024 at 2.00 pm |
| 2. | Last date/Time for submission of e- Tender bids online | 12.08.2024 upto 5.00 pm |
| 3. | Last date of online submission of Tender fee & EMD | 12.08.2024 upto 5.00 pm |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 13.08.2024 at 2.00 pm |
| 5. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Chatra. |
| 6. | Contact no. of Procurement officer | 9835148687 |
| 7. | E-mail of e-procurement Officer | eemidchat-cemr-jhr@nic.in |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2214784 |

| Sl No. | Group No. | Name of Scheme | Estimated cost | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Renovation of Gangasagar Ahar, Village Mayapur Kala, Block-Hanterganj, Dist.-Chatra | 4085800.00 | 11 Months |
| 2 | 2 | Renovation of Danka Ahar, Village Mirpur, Block-Hanterganj, Dist.-Chatra | 2891300.00 | 11 Months |

Note :- 1. Only e-Tenders will be accepted.
2. Tender Fee and EMD will be received through online mode only, Bidders can use internet banking facility for faster processing of Tender Fee and EMD. Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from https://jharkhandtenders.gov.in portal.
3. Refund will only be issued to originated bank account used for the payment of Tender Fee and EMD, so, Bidder are advised NOT to close Bank Accounts used for online payment /(NEFT/RTGS) of tender fee and EMD.
4. No Hard copy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/valuation, However, Department may ask original document for verification before award of contract.
5. Estimated value may change.
6. Further details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Chatra

PR 331805 (Minor Irrigation) 24-25 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।**
**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या –RDD/SD/GARHWA/01/2024-25_Gr.-03_RE(2ndCall)
PR 331237(Rural Development)24-25*D

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित स्वी0 की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के प्रखण्ड खरौंधी अन्तर्गत ग्राम–खरौंधी के फुलवारी टोला पथ में डोमनी नदी पर पुल निर्माण। | 29825914.00 | 597000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 05.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–05.08.2024 से दिनांक–14.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–16.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे तक।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।

PR 331775 Rural Development(24-25)D

**कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार**

**अतिअल्पकालिन कोटेशन आंमत्रण सूचना सं0 05/2024–25**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निकाय क्षेत्र अन्तर्गत वर्षाऋतु में बढे हुए मच्छरों के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए नगर निकाय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में फौगींग कार्य एवं नालीयों में मच्छरों के लार्वा को मारने हेतु दवा का छीडकाव किया जाना है। जिसके लिय नगर पंचायत लातेहार द्वारा निम्नाकित दवाओं का कय किया जाना है। विवरण निम्नवत है:–

| S.L. NO | DESCRIPTION | QUANTITY | Rate with all Taxes (1litter & 5 litter) |
|---|---|---|---|
| 01 | DELTAMETHRIN 2% W/W/ EW (For Use of Cold Fogging Machine) | As Per Required | |
| 02 | TEMEPHOS 50% EC (Anti Larva Chemical) | As Per Required | |

उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक फर्म /आपूर्तिकर्ता से दिनांक 10.10.2024 के अपराहन् 2.30 बजे तक पूर्ण विवरणी एवं सभी कर सहित अपना कोटेशन नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। कोटेशनदाता से प्राप्त कोटेशन को उसी दिन अपराहन् 3.30 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। कोटेशनदाता को आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों का Presentation निविदा समिति के समक्ष दिनांक 10.08.2024 को अपराहन् 3.30 बजे देना अनिवार्य होगा, आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों की गुणवता अच्छी होने के उपरान्त ही सामग्रियों की आपूर्ति ली जायेगी। कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ अध्यतन आयकर एकनॉलेजमेन्ट, पैन कार्ड एवं GST प्रमाण पत्र 3B Return एवं प्रतिश्ठित प्रतिष्ठान का निबंधन प्रमाण पत्र, आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों का रंगीन कैटलॉग /फोटोग्राफ देना अनिवार्य होगा। साथ ही विपत्र के भुगतान के समय भुगतान की जाने वाली राशि से नियुमानुसार सुरक्षीत जमा राशि की कटौती की जायेगी। कोटेशनदाता से दर प्राप्त होने के उपरांत न्युनतम दरदाता की स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्यादेश निर्गत की जायेगी। कार्यादेश निर्गत की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर उपरोक्त सामग्रियों की आपूर्ति करना आवश्यक होगा। इस संबंध में विशेष जानकारी कार्यालय के कार्य दिवस में जया लक्ष्मी भगत, नगर प्रबंधक, नगर पंचायत लातेहार से प्राप्त की जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 331759 Urban Development(24-25)#D

**ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल, गढ़वा**

**अतिअल्पकालिन निविदा**
**ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–06/2024-25/EE/BCD/GARHWA दिनांक–03.08.2024

1. कार्य का विस्तृत विवरणी

| कम | कार्य का नाम | परिमाण पत्र की राषि |
|---|---|---|
| 1 | Proposed Furnishing of Collectorate Building at Garhwa. | ₹ 4,19,80,100.00 |

2. कार्य पूर्ण की अवधि :– 09 (नौ) माह
3. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 10.08.2024 11:00 बजे
4. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 17.08.2024 11:00 बजे
5. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, :– भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 20.08.2024 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अचंल सं0–02,राँची।
7. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9955921643
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8210456132
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रकिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक– 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

• अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note:- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 331747 (Building)24-25*D

## मित्रता

# 'विलुप्त होती प्रजातियों में सच्चा मित्र भी'

**बात** जब खुशी के मौकों पर किसी के साथ वक्त बिताने की हो, किसी परिचित व्यक्ति, धर्म या राजनीति पर बात कर किसी पर हंसने-हंसाने की हो तो अनगिनत लोग हमारे साथ होते हैं, जिन्हें आस-पास के लोग या हम स्वयं मित्र कहकर संबोधित करते हैं। हमारे असल जीवन में इन दोस्तों कि भूमिका बस इतनी ही है। जब इनके खाली समय में आप इनके साथ वक्त गुजारते हैं तो गुजरते वक्त का अंदाजा भी लगा पाना मुश्किल होता है। ये आपको अपने खाली समय में आपको कॉल कर काफी लम्बे समय तक आपका मनोरंजन करेंगें। देश दुनिया की ताजातरीन खबरों से भी आपको अवगत कराएंगे। कभी-कभी तो आपके जीवन में खुद का या उनके जीवन में आपके अहमियत का एहसास भी कराएंगे। आपसे अपनी अतरंग से अतरंग बातों से भी अवगत कराएंगे। आपसे आपके अंदाज में ही बात करेंगे। सबसे अहम बात कि वह आपकी हर बात में हाँ में हां मिलाने का भरसक प्रयासरत रहेंगे। इन सबके बावजूद भी क्या हम ऐसे लोगो को अपने सच्चे मित्र कि संज्ञा दे सकते हैं? यह बहुत विचारणीय प्रश्न है और मुश्किल भी है। क्यूंकि जैसे ही आपके सामने यह प्रश्न आता है कि आपका सच्चा दोस्त कौन है, अक्सर यही होता है कि आप रुक जाते हैं, मन-मष्तिष्क में उस एक व्यक्ति को ढूंढनें लगते हैं जिसे आप अपना सच्चा मित्र कह सकें। फिर अचानक आप अनायास ही किसी दो -चार का नाम ले लेते हैं या यह बोल कर टाल देते हैं कि या तो सभी सच्चे दोस्त हैं या कोई नहीं। लेकिन क्या यह उस प्रश्न का यथोचित उत्तर है? यह भी एक प्रश्न है। वास्तविकता यह है इस बदलते परिवेश में इस शब्द की वास्तविकता एवं उपयोगिता, दोनों ही अदृश्य होती जा रही है। हम मित्रता कि एक नयी परिभाषा गढ़ रहें हैं। अब चाटुकारिता को ही मित्रता समझा जाने जगा है। जो हंसाने में या आपको अन्य लोगो से श्रेष्टतम दिखाने में सफल होगा, उसे ही वर्त्तमान मानसिकता अपना सच्चा मित्र समझती है। इस बदलती मानसिकता के जनक भी हम स्वयं ही हैं। हम अपने बच्चो को यही सिखा रहे कि कोई किसी का मित्र नहीं होता है, सब मतलबी होते हैं। कोई किसी का नहीं होता। बल्कि यह भी कहते सुना गया है कि यहाँ सगा भाई भी अपना नही होता। हम अपने बच्चों को सिखाते हैं कि किसी से भी ज्यादा नजदीकी बढ़ाने की जरूरत नहीं। कहीं-कहीं तो अपने छोटे बच्चों को अन्य बच्चों के साथ मेलजोल पर भी रोक लगा देते हैं। तो फिर ऐसे परिवेश में मित्रता की भावना का विकास होने की कल्पना भी कैसे कर सकते हैं। बहरहाल, ज्यादा चिंतायुक्त होने की जरूरत नहीं है सांसारिक गतिविधियां तब भी उसी रफ्तार से चलती रहेगी। हां, बीच-बीच में भावनाओं का मजाक होता रहेगा। चोट मिलते रहेंगे और मरहम भी मिलेंगे। लेकिन ये कोई जरूरी नहीं कि जिसके हाथ में मरहम होगा, वह आपका हमदर्द होगा। हो सकता है वह अपनी किसी जरूरत को पूरा करने के लिए ऐसा कर रहा हो। ठीक उसी तरह जैसे कुछ भक्त अपनी मुराद पूरी करवाने की उम्मीद में चढ़ावा चढ़ाते रहते हैं। अंततः यही कहना चाहूंगा एक सच्चा मित्र दुनिया के सभी रिश्तों से ज्यादा सहयोगी साबित होता है।



अमित गुप्ता
शिक्षक सह युवा विचारक

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

# नकारात्मक राजनीति की पीठ पर सवार विपक्ष

एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जितनी जरूरत एक सशक्त सरकार की होती है, उतना ही सशक्त विपक्ष भी जरूरी होता है। विपक्ष लोकतंत्र के वास्तविक सार के संरक्षण और लोगों की आकांक्षाओं व अपेक्षाओं के प्रकटीकरण में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। किंतु, वर्तमान में भारत का विपक्ष झूठ और दुष्प्रचार की राजनीति में गले तक डूबा दिखाई देता है। एक जीवंत लोकतंत्र में विपक्ष एक निगरानीकर्ता के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो सरकार की शक्तियों पर नियंत्रण और संतुलन सुनिश्चित करता है। यह विभिन्न विचारों को व्यक्त करने, समाज के विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करने और सरकार को उसके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराने में सहायक होता है। एक दशक तक लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद रिक्त रहा, क्योंकि सदन में किसी भी पार्टी के पास सदन की कुल सदस्य संख्या के दसवें हिस्से के बराबर सदस्य नहीं थे, जो अब रायबरेली के सांसद राहुल गांधी द्वारा भरा गया है। लेकिन राहुल गांधी विपक्ष के नेता संसदीय सीमाओं, अनुशासन, परंपराओं और कर्तव्यों की लक्ष्मण रेखा प्रतिदिन लांघ रहे हैं। राहुल गांधी संसद में खड़े होकर जो मन में आता है, बोलते हैं। उनके भाषण का कोई सिरा आपस में जुड़ता नहीं है। असल में वो रटी रटाई स्क्रिप्ट को सदन में दोहराते हैं। वो सरकार पर निशाना साधने और उसकी साख को गिराने के एजेंडे को हर दिन आगे बढ़ाते हैं।



डॉ. आशीष वशिष्ठ
स्वतंत्र पत्रकार, लखनऊ

### बयानबाजी का विश्लेषण

चुनाव नतीजों के बाद से ही राहुल गांधी के संसद में दिये गये भाषणों और मीडिया के सामने की गयी बयानबाजी का विश्लेषण करें तो वो सीधे तौर पर देश के हर तबके और वर्ग में असंतोष पैदा करने में जुटे हैं। वो मोदी सरकार की साख पर बट्टा लगाने के मिशन में जुटे हैं। विपक्ष के नेता और विपक्ष की भूमिका के इतर वो हर वो काम कर रहे हैं, जो विशुद्ध तौर पर राजनीति का हिस्सा है। संसदीय व्यवस्था में विपक्ष की भूमिका की बात करें तो विपक्ष सरकार की नीतियों और कार्यों की जांच करता है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होती है। उदाहरण के लिए, भारत में 2जी स्पेक्ट्रम मामले में विपक्ष द्वारा निभाई गई भूमिका ने भ्रष्टाचार और शासन के मुद्दों को उजागर किया। विपक्ष नीतिगत मामलों पर वैकल्पिक दृष्टिकोण भी प्रदान करता है। 2013 में विपक्ष के रूप में भाजपा ने तत्कालीन यूपीए सरकार की आर्थिक नीतियों की प्रभावी ढंग से आलोचना की, जिससे उसे महत्वपूर्ण चुनावी लाभ हुआ। वहीं विपक्ष विविध और अल्पसंख्यक विचारों का प्रतिनिधित्व करता है, जिससे बहुलवादी समाज सुनिश्चित होता है। डीएमके और एआईटीसी जैसी क्षेत्रीय पार्टियां राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्रीय हितों का प्रतिनिधित्व करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इन सबके अलावा विपक्ष विधायी प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे अक्सर कानूनों में सुधार होता है। मौजूदा सरकार के तहत जीएसटी विधेयक में विपक्ष द्वारा सुझाए गए संशोधन इसका एक उदाहरण हैं।



1960 के दशक के आरंभ से भूमि सुधार, औद्योगिक मजदूर वर्ग के अधिकार, बेरोजगारी, खाद्यान्न एवं उनका वितरण, जातीय मांगों और भाषाई अधिकारों जैसे विभिन्न मुद्दों पर पूरे भारत में शक्तिशाली आंदोलनों की शुरूआत हुई। तत्कालीन विपक्ष ने स्वयं को इन सामाजिक आंदोलनों से उल्लेखनीय रूप से संलग्न किया था। इतिहास में संसदीय विपक्ष ने भारत के संसदीय लोकतंत्र को रचनात्मकता और सकारात्मकता प्रदान की थी। वहीं इस बात में दो राय नहीं है कि कमजोर विपक्ष एक कमजोर या गैर-उत्तरदायी सरकार से कहीं अधिक खतरनाक होता है। और एक गैर-उत्तरदायी, अनुशासहीन और संसदीय परंपराओं को न मानने वाला विपक्ष देश को तबाही की रास्ते पर ले जाता है। 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से ही विपक्ष ने इंडी गठबंधन के बैनर तले मोदी सरकार को हर छोटे–बड़े मुद्दे पर घेर रहा है। खासकर देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस संसदीय नियमों, लोकतंत्र की मयार्दाओं और परंपराओं को भूलकर लगातार तीन लोकसभा चुनाव में मिली हार की खीझ उतारती दिख रही है।

पिछले तीन आम चुनाव में ये तो साबित हो चुका है कि सीधी लड़ाई में विपक्ष मोदी को शिकस्त देने में सक्षम नहीं है। विपक्ष के झूठ, दुष्प्रचार और गलत बयानबाजी के बावजूद देश के हर वर्ग का विश्वास मोदी के प्रति कायम है। ऐसे में इंडी गठबंधन ने झूठ, दुष्प्रचार और विवादित मुद्दे उछालने की रणनीति पर काम करना शुरू कर रखा है।

2024 के लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन ने दुष्प्रचार और झूठ का सहारा लिया है। मोदी तीसरी बार सत्ता में आएंगे तो संविधान बदल देंगे। भोली भाली जनता विपक्ष के दुष्प्रचार के दुष्चक्र में फंसी भी। इस चुनाव में विपक्ष की सीटें 2014 और 2019 के चुनाव की तुलना में बढ़ोत्तरी हुई। विपक्ष के झूठ और दुष्प्रचार के बावजूद मोदी के नेतृत्व में देश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी की झोली में सबसे ज्यादा 240 सीटें डाली। जमीनी सच्चाई यह है कि तीसरी बार कांग्रेस विपक्ष में बैठने को मजबूर है। देश की जनता ने उसे सत्ता के लायक नहीं समझा। इस चुनाव में झूठ, षडयंत्र, दुष्प्रचार और पूरी ताकत लगाने के बावजूद विपक्ष सत्ता के करीब नहीं पहुंच पाया। लगातार तीन चुनाव में हार की खीझ, झुंझलाहट, हताशा और निराशा विपक्ष के नेताओं की बयानबाजी में साफ तौर पर झलकती है। विशेषकर गांधी की गतिविधियां, भाषण और बयानबाजी से ऐसा प्रतीत होता है कि वो देश में अराजकता पैदा करना चाहते हैं। राहुल गांधी कभी अग्निवीर और नीट परीक्षा की आड़ में युवाओं को, कभी किसानों को, कभी अल्पसंख्यक समुदायों को, कभी सरकारी कर्मचारियों को, कभी दलित और आदिवासियों के मन में सरकार, संवैधानिक संस्थाओं और व्यवस्था के प्रति रोष, असंतोष और घृणा भरने का काम कर रहे हैं। वो तो देश की जनता इतनी परिपक्व और समझदार है कि वो इनके कुत्सित इरादों ओर नीयत को समझती है। अगर जनता की समझदारी में थोड़ी भी कमी या अपरिपक्वता होती तो चार जून के बाद से अब तक देश में हिंसा और सांप्रदायिक तनाव की कई घटनाएं घट गयी होती। देश में अशांति, असुरक्षा और भय का वातावरण बन गया होता। देश की समझदार और परिपक्व जनता इस समझदारी, धैर्य और अनुशासन के लिये बधाई की पात्र है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## राजनीति

# धामी को आलोचना से कोई फर्क क्यों नहीं पड़ता?

**डबल** इंजन सरकार के नाम पर जहां अन्य प्रदेश सरकारें हांफने लगती हैं वहीं धामी खुलकर बोलते हैं कि हां, उत्तराखंड में मोदी-धामी की डबल इंजन सरकार काम करती है। कहते हैं कैलाश में शिव अपने अराध्य नारायण और लक्ष्मी के साथ में विराजमान हैं जिन्हें बद्री विशाल के नाम से जाना जाता है। बद्री विशाल यानी पांडव अर्जुन, यानी ईश्वर का वो मूर्तिमान रूप जो चारों युगों में यहां विराजमान है। इसने सृष्टि को कई बार बनते बिगड़ते देखा है। 2013 में केदारनाथ में हुए हादसे के बाद ऐसा लगा था मानों अब केदार को फिर से बसा पाना संभव नहीं हो पाएगा, लेकिन हरि और शिव जहां स्वयं विराजमान हों वहां कैसा रुदन? केदार को संवारने जैसे दोनों स्वयं आ गए हों, मोदी और धामी के रूप में। कहते हैं उत्तराखंड में डबल इंजन की सरकार है। सच कहें तो यहां प्राकृतिक रूप से डबल इंजन सरकार है। इस पूरे प्रदेश को बद्री और केदार, शिव और हरि गार्ड करते हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है। और वर्तमान में देखें तो उत्तराखंड में डबल इंजन की सरकार है। मोदी और धामी मिलकर भी गार्ड का काम ही करते हैं। कहते हैं कि आपदा कितनी भी बड़ी क्यों न हो, एक सॉलिड आदमी आपके साथ होना चाहिए। फिर आपदा-वापदा कुछ एक्जिस्ट नहीं करता। उत्तराखंड के लिए पुष्कर सिंह धामी वही सॉलिड आदमी है। इसलिए लाख विपत्तियों के बावजूद ये प्रदेश खड़ा है और मुस्कुरा रहा है। अब तो इस प्रदेश से तरक्की की खुशबू भी आने लगी है। इस सॉलिड आदमी के साथ एक और बहुत सॉलिड आदमी खड़ा है। जैसे कि शिव के साथ हरि। नाम तो जानते ही होंगे। जी हां, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। ये जोड़ी जय और वीरू की जोड़ी नहीं है। ये जोड़ी शिव और हरि की जोड़ी है। इन दोनों ने मिलकर इस प्रदेश को सबसे पहली चीज जो दी है वो है स्थिरता। राजनीति और पत्रकारिता की बात छोड़ भी दें तो ये बात आम लोगों को भी पता है कि उत्तराखंड के आरंभ से ही यहां की सबसे बड़ी कमी रही अस्थिर सरकार। बार-बार सरकार का गिरना इस प्रदेश के लिए घातक साबित होता रहा। एक समय ऐसा आया कि यहां के आला अफसर तक ये कहने लगे कि यहां तो पूर्व मुख्यमंत्री इतने हो गए हैं कि उतना इस प्रदेश को अस्तित्व में आए हुए नहीं हुआ। सोचिए, ये बात क्या हलके में ली जा सकती है। नहीं। अपने आप में यह बात भीतर तक हिला देने वाला है। एक प्रदेश अपने विकास और प्रगति के बारे में क्या सोच पाएगा अगर वहां की सरकार ही टिकाऊ नहीं है।



अर्चना राजहंस
लेखिका, स्वतंत्र पत्रकार हैं



ऐसे आलोचकों की कमी नहीं है, जो धामी की भरपूर निंदा करते हैं। कुछ नहीं तो केदारनाथ धाम के नाम पर ही लपेट लिया जाता है। लेकिन, आपको बता दें कि पिछले 24 सालों में जितने मुख्यमंत्री इस प्रदेश के नाम दर्ज हुए और उन सब ने जनता से जुड़ने के लिए, उन्हें मदद पहुंचाने के लिए जितनी उड़ानें भरी और यात्राएं की धामी अकेले पिछले 3 सालों में उतनी यात्राएं कर चुके हैं और उतने लोगों से मिलकर उनकी समस्या सुलझा चुके हैं। दरअसल, आलोचना और समालोचना में फर्क होता है। एक व्यक्ति की खिंचाई तभी तक हो सकती है जबतक वह व्यक्ति अयोग्य है और दिए गए कार्य में उसकी कोई रुचि नहीं है। अफसरशाही का मारा है। लेकिन, कई बार क्लास के उस बच्चे की तारीफ भी कर दी जानी चाहिए जो बड़े लगन से बेहतर करने का लगातार प्रयास कर रहा है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## संकल्प-विकल्प



# शांति के लिए रामबाण औषधि गणपति अथर्वशीर्ष

**मन** बड़ा प्रबल है, चंद्रमा मन का कारक है। मन का धर्म संकल्प-विकल्प है। मन ही सारे संसार चक्र को चला रहा है। मूलाधार चक्र में सिद्धि-बुद्धि सहित श्रीगणेश विराजमान हैं। श्रीगणपति अथर्वशीर्ष मनमस्तिष्क को शांत रखने की एकमात्र विद्या है।' जिसके सहारे दुःखों की निवृत्ति शीघ्र संभव है, मन का समाहित हो जाना ही परम योग है। ऊं स्वरूप श्रीगणेश आनंदमय, ब्रह्म तथा सच्चिदानंद स्वरूप है। सत-चित और आनंद त्रिगुणों से युक्त गणपति सत्ता, ज्ञान और सुख के रक्षक हैं। 'अ कार' गणेशजी के चरण हैं। 'उ कार' विशाल उदर और 'म कार' मस्तक का महामंडल है, परब्रह्म' परमात्मा श्रीगणेश निर्माण, निराकार और विश्व व्यापी हैं। गणेश शब्द में 'ग कार' जगद्रूप है तथा 'णकार' ब्रह्मवाचक। इस प्रकार सर्वव्यापक श्रीगणेश परब्रह्मा हैं। ऊंकार यह एकाक्षर स्वरूप भूत, भविष्य तथा वर्तमान सभी ऊंकार स्वरूप है। इस प्रकार गणपति अथर्वशीर्ष में ऊंकार और गणपति दोनों एक ही तत्व है, यह बतलाया गया है। सफलता हेतु कार्यारंभ के पूर्व मात्र श्रीगणेश का स्मरण सभी बाधाओं को दूर करता है। इनकी कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। श्री गणेश कष्टों को निवारण कर बिना भेदभाव के सभी का मंगल करते हैं। श्री गणेश कृपा प्राप्ति हेतु श्री गणपति अथर्वशीर्ष प्रमुख सोपान है, क्योंकि यह उपनिषदों का सार है, इसके पठन एवं श्रवण से सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है। यह मन-मस्तिष्क को शांत रखने की एकमात्र विद्या है। जीवन के कुछ संकट, विघ्न शोक एवं मोह का नाश कर अथर्वशीर्ष पारमार्थिक सुख भी प्रदान करता है। अथर्वशीर्ष शब्द में अ+थर्व+शीर्ष इन शब्दों का समावेश है। अ अर्थात अभाव, 'थर्व' अर्थात चंचल एवं 'शीर्ष'अर्थात मस्तिष्क, चंचलता रहित मस्तिष्क, इसका अर्थ हुआ शांत मस्तिष्क। मस्तिष्क को शांत रखने की विद्या स्वयं गणेशजी ने ही अथर्वशीर्ष में बताई है। इसके नित्य एक, पांच अथवा ग्यारह पाठ प्रतिदिन करने का शास्त्रीय विधान है। अथर्वशीर्ष में मात्र दस ऋचाएं हैं। इसमें प्रमुख रूप से बताया गया है कि शरीर के मूलाधार चक्र में स्वयं गणेशजी का निवास है। मूलाधार चक्र शरीर में गुदा के पास है। मूलाधार चक्र आत्मा का भी स्थान है। जो ऊंकार मय है। यहां प्रणव अर्थात ऊंकार स्वरूप गणेशजी विराजमान है। मूलाधार चक्र में ध्यान की स्थिति सर्वसामान्य होती है, जिससे मन मस्तिष्क शांत रहता है। कलियुग के व्यस्त एवं भौतिक जीवन में शीघ्र सफलता एवं विघ्नों का नाश करने वाले श्रीगणेश सर्वाधिक पूजनीय देवता हैं।



आचार्य पं. रामचंद्र शर्मा 'वैदिक'

# कौन कर रहा ओलंपिक आंदोलन को भारत में मजबूत

जो खिलाड़ी ओलंपिक खेलों में पदक प्राप्त करते हैं, वे सारी दुनिया में अपनी छाप छोड़ते हैं। हमारे अपने देश में फिलहाल ओलंपिक खेलों की विभिन्न स्पर्धाओं को खेल प्रेमी ध्यान से देख रहे हैं।

ओलंपिक खेल दुनिया को जोड़ते हैं, यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है। इसके बहाने हर चार सालों के बाद दुनियाभर के खेल प्रेमियों को एक से बढ़कर एक खिलाड़ियों के श्रेष्ठ प्रदर्शन को देखने का मौका भी मिलता है। जो खिलाड़ी ओलंपिक खेलों में पदक प्राप्त करते हैं, वे सारी दुनिया में अपनी छाप छोड़ते हैं। हमारे अपने देश में फिलहाल ओलंपिक खेलों की विभिन्न स्पर्धाओं को खेल प्रेमी ध्यान से देख रहे हैं। लेकिन, कुछ लोग और संस्थाएं भी ओलंपिक आंदोलन को गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती हैं। उनमें राजधानी के सेंट स्टीफंस कॉलेज को स्थापित करने वाली संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) और सीमा सुरक्षा बल यानी बीएसएफ के पूर्व महानिदेशक अश्वनी कुमार जैसे महानुभावों का शानदार योगदान रहा है। जब देश मनु भाकर के कांस्य पदक जीतने पर खुशी मना रहा था, तब राजधानी में ब्रदर्स हाउस में भी मनु भाकर की जीत का जश्न मनाया जा रहा था। वहां रहने वाले ईसाई पादरी इस बात पर और भी खुश थे कि मनु के कोच जसपाल राणा उनसे संबंधित हैं। दरअसल, राणा सेंट स्टीफंस कॉलेज के छात्र रहे हैं, जिसे दिल्ली ब्रदरहुड सोसाइटी (डीबीएस) द्वारा स्थापित किया गया था।



आर.के. सिन्हा
लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं

दिल्ली ब्रदरहुड सोसाइटी (डीबीए) राजधानी में अपने सेंट स्टीफंस कॉलेज और अब हरियाणा में सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल के माध्यम से भारत में खेल संस्कृति विकसित करने में उल्लेखनीय काम करते आ रहे हैं। इस कॉलेज ने कई महान ओलंपिक खिलाड़ियों को तैयार किया। यह शिक्षा, समाज सेवा सेवा और उभरते एथलीटों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध रही है। इस कॉलेज ने ऐसे खिलाड़ियों की फौज निकाली है जिन्होंने ओलंपिक या अन्य खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। डॉ. कर्णी सिंह निश्चित रूप से सेंट स्टीफंस कॉलेज के सबसे प्रसिद्ध ओलंपियन हैं। उन्होंने 1960, 1964, 1968, 1972 और 1980 ओलंपिक में शूटिंग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रसिद्ध खेल प्रशासक और सेंट स्टीफंस कॉलेज के पूर्व छात्र रणधीर सिंह ने भी 1968 से 1984 तक पांच ओलंपिक खेलों में भाग लिया। एक असाधारण निशानेबाज, मनशेर सिंह ने 2004 और 2008 ओलंपिक में भाग लिया। रणधीर सिंह और मनशेर सिंह ने सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ाई की और वहां अपनी शूटिंग कौशल को निखारा। मनशेर 'जॉय' सिंह डबल ट्रैप और ट्रैप में विशेषज्ञ हैं। 2008 के ओलंपिक खेलों में, वे ट्रैप क्वालीफिकेशन में पहले स्थान पर रहे। इसके अलावा, उनके पास एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के अनेक पदक हैं। 1994 में विक्टोरिया, ब्रिटिश कोलंबिया में राष्ट्रमंडल खेलों में, उन्होंने ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी की तरफ से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है कि इनके छात्र न केवल शिक्षा में बल्कि खेल और अन्य गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और आदर्श नागरिक बनें। यह अपने यहां पढ़ने वालों को हर संभव सुविधा प्रदान करते हैं। इसी दृष्टिकोण के साथ, सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल, जो हाल ही में दिल्ली-सोनीपत सीमा पर स्थापित हुआ है, विभिन्न खेलों के लिए आधुनिक सुविधाएँ प्रदान कर रहा है, जिसका उद्देश्य भारत के लिए भविष्य के ओलंपियन तैयार करना है। रोम खेलों के दौरान, सेंट स्टीफंस कॉलेज में गणित के प्रोफेसर रणजीत भाटिया ने मैराथन में भाग लिया था। 2000 के सिडनी ओलंपिक में, सेंट स्टीफंस कॉलेज के पीयूष कुमार ने 4x400 मीटर रिले दौड़ में भाग लिया था, और संदीप सेजवाल ने 100 और 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक तैराकी स्पर्धाओं में भाग लिया था। सेंट स्टीफंस कॉलेज की पूर्व छात्रा, टेबल टेनिस खिलाड़ी नेहा अग्रवाल ने 2008 के बीजिंग ओलंपिक में भाग लिया था।




अब बात कर लें अश्वनी कुमार जी की। वे भारत में ओलंपिक खिलाड़ियों की भावी पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे। वे बीएसएफ के दूसरे महानिदेशक थे। उन्होंने 1972 के म्युनिख ओलंपिक के बाद ओलंपिक खेलों के सुरक्षा पहलुओं की निगरानी की थी। वे मॉन्ट्रियल (1976), मॉस्को (1980), लॉस एंजिल्स (1984), बार्सिलोना (1992), अटलांटा (1996) और सिडनी (2000) खेलों की सुरक्षा टीम का नेतृत्व कर रहे थे। 1972 के म्यूनिख ओलंपिक खेलों में फिलिस्तीनी आतंकवादियों ने ओलंपिक गांव पर हमला करके इजरायली टीम के दो सदस्यों को मार भी डाला था।

म्यूनिख के बाद, ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन ओलंपिक खेलों को बिना किसी अप्रिय घटना के आयोजित करने की मांग उठने लगी थी। तब अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने अश्वनी कुमार से खेलों के सुरक्षा पहलुओं की देखभाल करने का अनुरोध किया। आईओसी को पता था कि वे पुलिसिंग जानते हैं। हॉकी प्रेमी और इम्पीरियल पुलिस (आईपी) अधिकारी (अब भारतीय पुलिस सेवा), अश्वनी कुमार ने म्यूनिख के बाद के ओलंपिक खेलों में, ओलंपिक गांवों और स्टेडियमों सुरक्षा को बढ़ा दिया था। यह भी सच है कि बढ़ी हुई सुरक्षा ने उस उत्सवपूर्ण और खुले माहौल को कम कर दिया जो ओलंपिक का मूल है। लेकिन, म्यूनिख में हादसे के बाद आयोजकों के पास कोई विकल्प भी तो नहीं था।

अश्वनी कुमार को देश ने पहली बार तब जाना था जब उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों के हत्यारे सुच्चा सिंह को नेपाल में जाकर पकड़ा था। कैरों राजधानी में अपने मित्र से मिलकर वापस चडीगढ़ जा रहे थे। रास्ते में सोनीपत के पास राई में उनका सुच्चा सिंह और उनके साथियों ने कत्ल कर दिया था। अश्वनी कुमार नेपाल में सुच्चा सिंह का पीछा करते हुए काफी दूर तक भागे थे। दोनों में हाथापाई हुई। पर अश्वनी कुमार के घूंसों की बौछार ने सुच्चा सिंह को पस्त कर दिया था। इससे पहले भारत सरकार ने उन्हें 1951 में सौराष्ट्र के खूंखार डाकू भूपत गिरोह को खत्म करने के लिए भेजा था। वहां पर भी वे सफल हुए थे। हॉकी में तो मानों उनकी जान बसती थी। उन्होंने अपनी एक बेटी का नाम ही हॉकी रख दिया था। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# मुख्य आरोपित मोईद खान की बेकरी पर चला बुलडोजर

*बेकरी पर छापा मारकर उसे सील कर दिया गया, लाइसेंस भी रद्द किया*

*बच्ची को न्याय नहीं मिला तो सपा कार्यालय पर देंगे धरना : संजय निषाद*




**एजेंसी। अयोध्या**

जिला प्रशासन ने ग्राम भदरसा में नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपित सपा नेता मोईद खान की बेकरी को शनिवार को बुलडोजर से ढहा दिया। मौके पर मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, जिला प्रशासन के अधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, उप जिलाधिकारी सोहावल अशोक कुमार सैनी सहित अर्ध सैनिक बल मौजूद रहे। उप जिलाधिकारी अशोक कुमार ने पत्रकारों को बताया कि बेकरी को ध्वस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम ने आरोपी की संपत्ति की पैमाइश की थी। खाद्य सुरक्षा उपायुक्त ने बेकरी पर छापा मारकर उसे सील कर दिया था। लाइसेंस भी रद्द किया गया है। जिला महिला अस्पताल में पीड़ित के परिजनों को धमकाने के आरोप में कोतवाली नगर में एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने जिला महिला अस्पताल पहुंचकर पीड़ित बच्ची का हालचाल जाना। उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि अगर बच्ची को न्याय नहीं मिला तो हम सपा कार्यालय के सामने धरना देंगे। मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान मंत्री डॉ. निषाद की आंखें भर आईं। इससे पहले पीड़ित परिवार ने शुक्रवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री ने परिवार को हर तरह की सुरक्षा का भरोसा दिलाया था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। आरोप है कि सपा के भदरसा नगर इकाई के अध्यक्ष नेता मोईद खान ने 12 वर्षीय किशोरी को बेकरी में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। बाद में नौकर के साथ मिलकर दुष्कर्म किया। खान ने दुष्कर्म के बाद किशोरी का वीडियो भी बनाया और इसे प्रसारित करने की धमकी देते हुए पीड़िता को चुप करा दिया। मामले में पुलिस ने मोईद खान और नौकर राजू खान को गिरफ्तार कर लिया है।



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अयोध्या गैंगरेप केस में आरोपित के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्रवाई उचित है, सपा का यह कहना कि आरोपित का डीएनए टेस्ट होना चाहिये, इसे क्या समझा जाए। जबकि सपा को बताना चाहिए कि उनकी सरकार में ऐसे आरोपितों के खिलाफ कितने डीएनए हुए टेस्ट हुए हैं। महिला सुरक्षा एवं उत्पीड़न आदि को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच अयोध्या व लखनऊ आदि की घटनाएं अति-दुखद व चिंतित करने वाली हैं।

मायावती, बसपा प्रमुख।



कुकृत्य के मामले में जिन पर भी आरोप लगा है उनका डीएनए टेस्ट कराकर इंसाफ का रास्ता निकाला जाए न कि केवल आरोप लगाकर सियासत की जाए। जो भी दोषी हो उसे कानून के हिसाब से पूरी सजा दी जाए, लेकिन अगर डीएनए के बाद आरोप झूठे साबित हों तो सरकार के संलिप्त अधिकारियों को भी न बख्शा जाए। यही न्याय की मांग है।

अखिलेश यादव, सांसद एवं सपा प्रमुख।

## बिहार में कार से 10 करोड़ रुपये की चरस बरामद, 2 तस्कर गिरफ्तार

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेकपोस्ट से पुलिस ने एक कार से बड़ी मात्रा में चरस बरामद की है। बरामद चरस की कीमत 10 करोड़ रुपए बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, शनिवार को बलथरी चेकपोस्ट पर पुलिस वाहनों की तलाशी कर रही थी। इसी दौरान एक स्विफ्ट कार से कुल 71 किलोग्राम चरस बरामद की गई। बताया गया कि यह चरस 139 पॉकेट में रखी गई था जिसे कार में एक गुप्त तहखाना बनाकर छुपाई गई थी। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि इस सिलसिले में कार में सवार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिनकी पहचान पूर्वी चंपारण जिले के पतौरा निवासी सुदीश कुमार और परसौनी क्षेत्र निवासी मंदीप कुमार के रूप में की गई है। गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ के दौरान यह जानकारी दी गई।

## सपा का मतलब गुंडागर्दी और अपराध को संरक्षण : मौर्य

**एजेंसी। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की आलोचना करते हुए उनकी पार्टी पर सुशासन और विकास को कायम रखने के बजाय गुंडागर्दी को बढ़ावा देने और अपराधियों को बचाने का आरोप लगाया। कांग्रेस के मोहरे सपा प्रमुख अखिलेश यादव भले ही मुंगेरीलाल जैसे सपने देखें, लेकिन ये कभी हकीकत में नहीं बदलेंगे। इसके अलावा, यूपी बीजेपी के वरिष्ठ नेता ने यह भी कहा कि 2027 में होने वाले अगले विधानसभा चुनाव में बीजेपी का प्रतीक कमल फिर से खिलेगा। उन्होंने कहा कि हम 2027 में 2017 दोहराएंगे और कमल खिलाएंगे। गौरतलब है कि मौर्य का यह बयान उनके और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बीच जुबानी जंग की श्रृंखला में ताजा है। यादव ने पहले मौर्य पर निशाना साधते हुए उन्हें मोहरा कहा था, जिसके जवाब में मौर्य ने यादव को कांग्रेस का मोहरा करार दिया और उनसे अपनी पार्टी को विलुप्त होने से बचाने का आग्रह किया। सोशल मीडिया पोस्ट में मौर्य ने कहा था, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव जी, कांग्रेस का मोहरा बन गए हैं।

# बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने ककोलत के नए स्वरूप का किया लोकार्पण

**एजेंसी। नवादा**

बिहार के कश्मीर कहे जाने वाले नवादा के ककोलत जलप्रपात पर शनिवार को सीएम नीतीश कुमार ने पर्यटक सुविधाओं का उद्घाटन किया। इसके साथ ही चार साल बाद ककोलत जलप्रपात एक बार फिर आम पर्यटकों के लिए खुल गया। इको टूरिज्म के रूप में विकसित प्रसिद्ध ककोलत जलप्रपात पर अब बड़ी संख्या में पर्यटक जुटने लगेंगे। इस मौके पर सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि यह काम बिहार के लोगों के लिए किया गया है। राज्य के पर्यटन स्थलों को इस सोच के साथ विकसित किया जा रहा है कि अधिक से अधिक पर्यटक यहां पहुंचें।

**देश भर से नवादा पहुंचेंगे पर्यटक**

ककोलत जलप्रपात पर पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए सौंदर्यीकरण कार्य पूरा होने के बाद शनिवार को इसका विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बिहार सरकार के वन पर्यावरण एवं जिला प्रभारी मंत्री प्रेम कुमार और स्थानीय सांसद विवेक ठाकुर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौके पर मौजूद थे। इस अवसर पर स्थानीय सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार और बिहार सरकार की डबल इंजन सरकार मिलकर काम कर रही है और बिहार में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बेहतर सुविधाओं के साथ पर्यटन स्थलों का विकास कर रही है। अब देश भर से पर्यटक नवादा पहुंचेंगे।

**मन मोह लेगा ककोलत**

पर्यावरण एवं जिला प्रभारी मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह प्रयास सराहनीय है और नवादा जिला और विकसित होगा। सीएम की दूरदर्शी सोच के कारण नवादा में पर्यटन का बड़ा केंद्र उभरा है। ऊंची पहाड़ियों और घने जंगल के बीच बहते झरने का मधुर संगीत पर्यटकों का मन मोह लेगा। ककोलत जलप्रपात का प्राकृतिक जलप्रपात, हरे-भरे जंगल और हरे-भरे पहाड़ राज्य में कश्मीर की वादियों का एहसास कराते हैं।




### प्रसिद्ध ककोलत जलप्रपात और भी हुआ खूबसूरत

ककोलत जलप्रपात की प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ाने के लिए 14 195 करोड़ रुपये की लागत से इसका नव निर्माण किया गया है। जिसके बाद प्रसिद्ध ककोलत जलप्रपात और भी खूबसूरत हो गया है। यहां कई नई और आधुनिक पर्यटक सुविधाएं शुरू की गई हैं। इनमें प्राकृतिक कुंड, चेंजिंग रूम, कैफेटेरिया, प्रशासनिक भवन, पर्यटक सूचना केंद्र, सेफ डिपाजिट बॉक्स, पार्किंग, पेयजल, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र आदि शामिल हैं।

## ताजमहल के अंदर दो युवकों ने चढ़ाया गंगाजल, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**एजेंसी। आगरा**

उत्तर प्रदेश के आगरा में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां पर ताजमहल के अंदर दो युवाकों ने गंगाजल चढ़ाया है। दोनों युवक आज यानी शनिवार को ताजमहल में पहुंचे और मुख्य मकबरे में स्थित तहखाने के दरवाजे पर गंगाजल चढ़ाया। इस पूरे मामले का एक वीडियो सामने आया है।

**तहरीर के आधार पर होगी कार्रवाई :** जानकारी के मुताबिक, आगरा स्थित ताजमहल में दो युवकों ने सावन के महीने में मुख्य मकबरे में स्थित तहखाने के दरवाजे पर गंगाजल चढ़ाया है। अखिल भारत हिन्दू महासभा ने दावा किया है कि तेजोमहालय शिव मंदिर पर गंगाजल चढ़ाया है। गंगाजल चढ़ाते हुए वीडियो बनाकर भी वायरल कर दिया। वहीं, इस मामले में पुलिस ने बताया कि ताजमहल घूमने आए दो युवकों द्वारा बोतल से ताजमहल के अन्दर जल गिराया गया। ये करतूत देखकर सीआईएसएफ द्वारा युवकों को हिरासत में लिया गया। मामले में थाना ताजगंज में दी गई है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### ताजमहल नहीं, ये तेजा महालय है : हिंदू महासभा प्रवक्ता

वहीं, इस पूरे मामले में अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रवक्ता संजय जाट का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि महासभा के दो बब्बर शेर विनेश चौधरी और श्याम ने तेजा महालय में गंगाजल चढ़ाया है। ये हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। ताजमहल नहीं ये तेजा महालय है, जहां आगे भी कांवड़ ले जाकर गंगाजल से शिवजी का अभिषेक करते रहेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### गया में युवक को गोली मारकर 14 लाख रुपये लूटे, दो गिरफ्तार

**गया।** बिहार में अपराध का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गया में अपराधियों ने एक घटना को अंजाम दिया है। गया में दिनदहाड़े अपराधियों ने एयरटेल कंपनी के कर्मचारी को गोली मारकर 14 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। इस घटना के बाद इलाके में हड़कम्प मच गया।

**अपराधियों ने हेलमेट पहन कर घटना को अंजाम दिया :** यह पूरी घटना गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र के नया बाजार के आस-पास की है। अपराधियों ने एयरटेल के कर्मचारी को गोली मारकर 14 लाख रुपए लूट के फरार हो गए। जानकारी के अनुसार अपराधियों ने एयरटेल कर्मचारी के सिर पर सबसे पहले हमला किया, फिर उनके पेट में गोली मारी। जिसके बाद अपराधियों ने 14 लाख रुपय लेकर फरार हो गए हैं। बताया जा रहा है सभी अपराधी बाइक पर सवार थे और हेलमेट पहन कर घटना को अंजाम दिया। घायल कर्मचारी विभु कुमार को मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया गया है।

### एससी आरक्षण में उप-समूह बनाने के फैसले को चुनौती देंगे चिराग पासवान, करेंगे अपील



**पटना।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का विरोध किया, जिसमें राज्यों को अनुसूचित जातियों के आरक्षण के भीतर क्रीमी लेयर बनाए जाने की अनुमति दी गई है। उन्होंने घोषणा की कि उनकी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) इसके खिलाफ अपील करेगी। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी सर्वोच्च न्यायालय से अनुरोध करेगी कि वह अपने हाल के फैसले की समीक्षा करे, जिसमें अनुसूचित जाति कोटे के तहत 15 प्रतिशत उप-समूहों को अनुमति दी गई है। एससी कोटे में क्रीमी लेयर को अनुमति नहीं दी जा सकती। एससी कोटे में उप-समूहों को अनुमति देने से सामाजिक रूप से हाशिए पर पड़े वर्ग के उत्थान का उद्देश्य पूरा नहीं होगा, जो छुआछूत की प्रथा का शिकार रहा है। उन्होंने कहा, अनुसूचित जाति के अधिकांश लोग, यहां तक कि संपन्न परिवारों से आने वाले और शिक्षा तक पहुंच रखने वाले लोग भी अस्पृश्यता का सामना करते हैं। इसलिए, अनुसूचित जाति के भीतर उप-समूहों की अनुमति देना न्यायोचित नहीं है।

### राशन घोटाला : ज्योतिप्रिय पर अनिसुर और अलिफ से 1.64 करोड़ रुपये लेने का आरोप

**कोलकाता।** राशन वितरण घोटाले में तृणमूल नेता अनिसुर रहमान और उनके भाई अलिफ नूर उर्फ मुकुल रहमान से पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक ने दो चरणों में कुल 1.64 करोड़ रुपये लिए थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में यह जानकारी सामने आई है। ईडी की जांच के अनुसार, अनिसुर और अलिफ ने पहले चरण में 94 लाख रुपये नकद ज्योतिप्रिय को सौंपे थे, जिसे बाद में बैंक में जमा किया गया। दूसरे चरण में, ज्योतिप्रिय को 70 लाख रुपये और दिए गए। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि यह राशि नकद दी गई थी या नहीं। ईडी के पास इस लेनदेन से संबंधित पर्याप्त प्रमाण मौजूद हैं, जबकि अनिसुर और अलिफ ने इस लेनदेन की जानकारी देने से इनकार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने लेनदेन से इनकार किया था। इसके अतिरिक्त, ईडी ने यह भी पाया कि राशन मामले में गिरफ्तार बकिबुर रहमान ने भी अनिसुर और अलिफ को 90 लाख रुपये दिए थे। ईडी यह जांच कर रही है कि क्या यह राशि रिश्तेदारी के कारण दी गई थी या राशन घोटाले से कमाए गए धन को स्थानांतरित किया गया था।

## आज का राशिफल

**मेष** — मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**वृषभ** — आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्योक्रमों का आयोजन होगा।

**मिथुन** — विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क** — पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

**कन्या** — पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

**तुला** — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**धनु** — धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मकर** — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करे।

**कुम्भ** — हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें।

**मीन** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। आय के योग बनेंगे। किसी की सफलता से प्रेरित होंगे।

## अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम के भाई ने व्यापारी को दी धमकी

**आजमगढ़।** आजमगढ़ के एक रेस्टोरेंट संचालक को माफिया डॉन अबू सलेम का कथित भाई ने जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। माफिया डॉन अबू सलेम भले ही जेल के अंदर बंद है, लेकिन उसकी हनक अभी भी कायम है। अबू सलेम का नाम लेकर उसका भाई न सिर्फ वसूली कर रहा है बल्कि विरोध करने पर व्यापारी को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर सरायमीर थाने में अबू हाकिम अंसारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# वायनाड में पीड़ितों के लिए 100 घर बनाएगी कर्नाटक सरकार, राहुल गांधी ने जताया आभार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शनिवार को घोषणा की कि भूस्खलन प्रभावित वायनाड में कर्नाटक सरकार पीड़ितों के लिए 100 घरों का निर्माण करेगी। सीएम सिद्दारमैया के इस ऐलान के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उनका आभार जताया है। सिद्दारमैया के पोस्ट का जवाब देते हुए राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मैं वायनाड में इस कठिन समय के दौरान उदार समर्थन के लिए कर्नाटक के लोगों और सरकार का बहुत आभारी हूं। दुखद भूस्खलन के पीड़ितों के लिए 100 घर बनाने की आपकी प्रतिबद्धता पुनर्वास प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीयों की करुणा और एकजुटता ही वह ताकत है, जिसकी वायनाड को अभी जरूरत है। वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कर्नाटक सरकार के इस पहल के सीएम सिद्दारमैया को धन्यवाद कहा है। उन्होंने एक्स पोस्ट पर लिखा, करुणा और मानवता के इस भाव के लिए सीएम सिद्दारमैया और कर्नाटक के लोगों को धन्यवाद देती हूं। सिद्दारमैया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ऐलान करते हुए लिखा, वायनाड में हुए दुखद भूस्खलन के मद्देनजर कर्नाटक केरल के साथ एकजुटता के साथ खड़ा है। मैंने सीएम पिनराई विजयन को समर्थन का भरोसा दिया है और घोषणा की है कि कर्नाटक पीड़ितों के लिए 100 घर बनाएगा।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# अदाणी ग्रुप की अंबुजा सीमेंट्स बिहार में करेगी 1600 करोड़ रुपये का निवेश

**एजेंसी। पटना**



अदाणी ग्रुप की सीमेंट कंपनी अंबुजा सीमेंट्स ने शनिवार को ऐलान किया कि वह बिहार में 6 एमटीपीए की सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट स्थापित करने के लिए 1,600 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। अंबुजा सीमेंट की वारिसलीगंज ग्राइंडिंग यूनिट राज्य के राजस्व में करीब 250 करोड़ रुपये प्रति वर्ष का योगदान देगी। साथ ही इसके जरिए राज्य में 250 प्रत्यक्ष और 1,000 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से कहा गया कि अदाणी ग्रुप द्वारा किया गया यह निवेश बिहार की विकास क्षमता और राज्य के लोगों के लिए सतत विकास को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह प्रोजेक्ट तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। 2.4 एमटीपीए के पहले चरण में 1,100 करोड़ रुपये का निवेश होगा और इसे दिसंबर 2025 में पूरा किया जाएगा। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के प्रबंधक निदेशक (एग्रो, ऑयल एंड गैस) और निदेशक प्रणव अदाणी ने कहा कि यह निवेश राज्य सरकार के विकास के कार्यक्रम और हमारे ग्रोथ प्लान के मुताबिक है। सरकार की ओर से इन्फ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिए जाने के कारण सीमेंट इंडस्ट्री में अच्छे वॉल्यूम देखे जा रहे हैं। अबुंजा सीमेंट देश के विकास के समर्थन के लिए अच्छी स्थिति में है। उन्होंने आगे कहा कि हम इस ओर भविष्य के प्रोजेक्ट्स के लिए राज्य सरकार, प्रशासन और स्थानीय समुदाय के साथ सहयोग करने को तत्पर हैं।

## यूपीआई से एक दिन में हुए 86,207 करोड़ रुपये के लेनदेन

**नई दिल्ली।** स्वदेशी भारतीय पेमेंट सिस्टम यूपीआई का चलन बढ़ता जा रहा है। 1 अगस्त को यूपीआई से कुल 86,207.47 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ और इस दौरान ट्रांजैक्शन की संख्या 49.27 करोड़ रही। नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन की ओर से यह जानकारी दी गई है। इससे पहले एनपीसीआई की ओर से जारी किए गए डेटा में बताया गया था कि जुलाई में यूपीआई से कुल 20.64 लाख करोड़ रुपये के लेनदेन हुए। इसमें सालाना आधार पर 35 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। जून में यह आंकड़ा 20.07 लाख करोड़ रुपये पर था।

# 5 साल में 770 से अधिक अतिरिक्त ट्रेनें चलाई गईं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रेलवे की ओर से बीते पांच वर्षों में 772 अतिरिक्त ट्रेनें रेल नेटवर्क में जोड़ी गई हैं। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी है। वैष्णव की ओर से राज्य सभा में दी गई जानकारी में कहा गया है कि 2019-20 से लेकर 2023-24 के बीच 100 वंदे भारत सहित 772 अतिरिक्त ट्रेनें रेलवे की ओर से चलाई गई हैं। रेलवे मंत्री ने कहा कि सभी सेगमेंट में यात्रियों की जरूरतों को समझते हुए रेलवे द्वारा ये ट्रेनें अलग-अलग कैटेगरी जैसे एक्सप्रेस ट्रेन, सुपरफास्ट ट्रेन, पैसेंजर/एमईएमयू/डीएमएमयू और सबअर्बन कैटेगरी में उतारी गई हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय रेलवे में नई ट्रेन सुविधाओं को लाने को लेकर काम किया जाता है। हालांकि, यह यातायात, परिचालन व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। एक अन्य सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने राज्यसभा में कहा कि रेलवे में सभी ट्रेनों की वेटिंग लिस्ट पोजीशन को समय-समय पर मॉनिटर किया जाता है। परिचालन व्यवहार्यता के आधार पर अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए मौजूदा ट्रेनों के लोड फैक्टर को बढ़ाया जाता है। इसके साथ ही नई ट्रेनों को शुरू और स्पेशल ट्रेनों को चलाया जाता है और मौजूदा ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी को बढ़ाया जाता है। रेलवे की ओर से 'विकल्प' सिस्टम चलाया जा रहा है। इसके तहत किसी विशेष रूट की टिकट बुकिंग के समय विकल्प सिस्टम को चुनने वाले यात्रियों को वेटिंग की स्थिति में उस रूट की किसी दूसरी खाली ट्रेन में सीट दे दी जाती है।

## इंटरनेट का आ रहा हाईस्पीड अवतार ब्रॉडबैंड से 16 लाख गुना होगा तेज

**एजेंसी। नई दिल्ली**



इंटरनेट स्लो चल रहा है, प्लान अभी तो नया लिया है। शायद नेटवर्क में कमी होगी। न जाने कितने ही सवाल मन में घर कर जाते हैं, क्योंकि, घर में इंटरनेट जो नहीं चल रहा है और अगर चल रहा है तो स्लो चल रहा है, जिससे न ही कोई वीडियो देख सकते हैं, और न ही कोई फाइल डाउनलोड कर सकते हैं। लेकिन, आने वाले समय में अगर सबकुछ ठीक रहा तो इंटरनेट की स्पीड 16 लाख गुना ज्यादा तेज हो जाएगी। क्योंकि, एमबीपीएस, जीबीपीएस के बाद अब आ रहा है टीबीपीएस। दरअसल, एक रिपोर्ट के अनुसार शोधकर्ताओं ने इसको लेकर नई खोज की है। इस खोज के अनुसार, प्रति सेकंड इंटरनेट की स्पीड 402 टेराबिट्स पर सेकेंड हो जाएगी। यह सामान्य रुप से घरों में पाए जाने वाले ब्रॉडबैंड के मुकाबले मिलने वाली इंटरनेट से 16 लाख गुना ज्यादा तेज होगी। रिपोर्ट के अनुसार, यह कारनामा एस्टन यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने किया है। खास बात यह है कि उन्होंने इंटरनेट की यह हाई स्पीड मार्केट में मिलने वाली फाइबर-ऑप्टिक केबल का इस्तेमाल कर पाया है। इसी साल मार्च के महीने में वैज्ञानिकों ने एक रिकॉर्ड बनाया। आमतौर पर फाइबर-ऑप्टिक ब्रॉडबैंड कनेक्शन में एक या दो वेवलैंथ्स बैंड का इस्तेमाल होता है। वैज्ञानिकों ने इसी वेवलैंथ्स में 4 से 6 वेवलैंथ्स का इस्तेमाल कर 301 टीबीपीएस की स्पीड पाई। इससे जो स्पीड मिली वह 25 गुना तेज थी। शोध टीम का हिस्सा रहे ह्यइयान फिलिप्स' के अनुसार, हमने जो खोज की। इसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। साथ ही इससे सिंगल फाइबर की क्षमता को बढ़ाने में मदद होगी। अगर इस तकनीक को भविष्य में इस्तेमाल किया गया तो ऑप्टिकल केबल कम्युनिकेशन का विकास तेजी से होगा। साथ ही डेटा सर्विसेज की डिमांड भी तेजी से बढ़ेगी।

# भारत का हॉकी के क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन से मुकाबला



**एजेंसी। पेरिस**

पेरिस ओलांपिक में शानदार प्रदर्शन कर रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम का क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन से रविवार को मुकाबला होगा। रविवार 4 अगस्त को, पूल ए विजेता जर्मनी का क्वार्टर फाइनल मुकाबला रियो 2016 के स्वर्ण पदक विजेता अर्जेंटीना से होगा, जो पूल बी में चौथे स्थान पर रहा, पूल बी टेबल-टॉपर्स और मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम का सामना पूल ए की चौथे स्थान पर रहने वाली टीम स्पेन से होगा।

नीदरलैंड पूल ए में दूसरे स्थान पर रहा और अब अंतिम आठ में उसे पूल बी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला करना होगा, जिसमें पूल बी उपविजेता भारत पूल ए में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेगा।

भारतीय पुरुष टीम ने म्यूनिख 1972 के लगभग 52 साल बाद ऑस्ट्रेलिया पर अपनी पहली ओलंपिक हॉकी जीत हासिल की, क्योंकि टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कूकाबुरास के खिलाफ 3-2 की जीत में दो बार स्कोर करके पूल में दूसरा स्थान सुनिश्चित किया।

**हरमनप्रीत ने कहा**

**हमने (टूर्नामेंट) जीत के साथ शुरू किया था, और हमने फैसला किया कि हम एक विजयी मैच के साथ समापन करेंगे।**



**भारतीय पुरुष टीम ने म्यूनिख 1972 के लगभग 52 साल बाद ऑस्ट्रेलिया पर अपनी पहली ओलंपिक हॉकी जीत हासिल की**

### पदक तालिका

| टीम | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | टोटल |
|---|---|---|---|---|
| 1. चीन | 13 | 9 | 9 | 31 |
| 2. ऑस्ट्रेलिया | 12 | 7 | 5 | 24 |
| 3. फ्रांस | 11 | 13 | 14 | 38 |
| 4. ब्रिटेन | 10 | 10 | 10 | 30 |
| 5. यूएसए | 9 | 19 | 17 | 45 |
| 6. कोरिय | 8 | 5 | 4 | 17 |
| 7. जापान | 8 | 4 | 7 | 19 |
| 8. इटली | 6 | 8 | 4 | 18 |
| 9.नीदरलैंड | 5 | 4 | 4 | 13 |
| 47. भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |

# पेरिस ओलंपिक : क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हुई दीपिका कुमारी



*जर्मन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 6-4 (2-0, 1-1, 2-0, 0-2, 1-1) से जीत हासिल की थी*

**दिन में, दीपिका राउंड 16 बाउट में जर्मनी की मिशेल क्रोपेन को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थीं**

**एजेंसी। पेरिस**

भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी को शनिवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक में व्यक्तिगत महिला तीरंदाजी स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल मैच में दक्षिण कोरिया की सुहयोन नाम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

दीपिका को लेस इनवैलिड्स में क्वार्टर फाइनल मैच में अपने दक्षिण कोरियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 4-6 (2-0, 0-2, 2-0, 0-2, 0-2) से हार का सामना करना पड़ा।

पहले सेट में दीपिका कुमारी ने शानदार शुरूआत की और इसे 28-26 से जीत लिया। भारतीय के तीन हिट 9, 10 और 9 थे।

दीपिका ने दूसरे सेट की शुरूआत 10 के स्कोर के साथ की, लेकिन बाद में वह निरंतरता बनाए रखने में असफल रहीं और अपने दूसरे प्रयास में 6 का स्कोर किया। भारतीय तीरंदाज दूसरा सेट 25-28 से हार गईं।

महत्वपूर्ण तीसरे सेट में, दोनों तीरंदाजों ने 10 लगाकर शुरूआत की। हालांकि, दीपिका के पास आखिरी प्रयास था क्योंकि उन्होंने अपने आखिरी प्रयास में 10 मारकर तीसरा सेट 29-28 से जीत लिया।

दीपिका ने चौथे सेट की अच्छी शुरूआत करते हुए 10 का स्कोर किया लेकिन अपने दूसरे प्रयास में उन्हें 7 पॉइंटर से संतोष करना पड़ा। हालांकि भारतीय तीरंदाज ने तीसरे प्रयास में 10 का स्कोर किया, लेकिन वह कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ 27-29 से सेट हार गईं।


पांचवें सेट की शुरूआत से पहले दोनों तीरंदाज 5-5 की बराबरी पर थे। दीपिका ने अपने तीन प्रयासों में 9 हिट की हैट्रिक बनाई और अंतिम सेट 27-29 से हार गईं।

## 25 मीटर पिस्टल शूटिंग फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं मनु भाकर

**पेरिस।** शनिवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर ऐतिहासिक तीसरा ओलंपिक पदक जीतने से चूक गईं, वह महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल फाइनल में 28 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहीं। वह पहले विश्व रिकॉर्ड धारक (25 मीटर पिस्टल) हंगरी की वेरोनिका मेजर के साथ तीसरे स्थान पर थीं, लेकिन शूट-ऑफ सीरीज में दो अंक गंवाने के बाद हंगरी की वेरोनिका पोडियम पर पहुंच गईं। दक्षिण कोरिया की यांग जिन ने 37 अंकों (शूट-ऑफ - 4-1 के माध्यम से) के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि फ्रांसीसी निशानेबाज कैमिली जेड्रेजेवस्की को रजत मिला। शुक्रवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल शूटिंग क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहने के बाद मनु ने चल रहे ग्रीष्मकालीन खेलों में अपने तीसरे फाइनल में प्रवेश किया था।



## सबालेंका ने अजारेंका को हराकर डीसी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई



**वाशिंगटन।** दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन, आर्यना सबालेंका ने साथी बेलारूसी विक्टोरिया अजारेंका को 6-4, 6-4 से हराकर डीसी ओपन के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। दूसरे सेट में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद, सबालेंका की शक्तिशाली सर्विस और लचीलेपन ने उन्हें जीत की ओर प्रेरित किया। उन्होंने आठ एस लगाए और अजारेंका की गलतियों का फायदा उठाया और अनुभवी खिलाड़ी पर लगातार चौथी जीत के साथ अपने आमने-सामने के रिकॉर्ड को 5-1 तक सुधार लिया। इस साल की शुरूआत में अपना लगातार दूसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाली सबालेंका ने कंधे की चोट के कारण दोनों खिलाड़ियों के विंबलडन से हटने के बाद अपनी बढ़ती फॉर्म और फिटनेस का प्रदर्शन किया। अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हुए, सबालेंका ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। मैं अब तक वास्तव में बहुत अच्छा कर रही हूं। चोट अतीत की बात है। मैं वास्तव में अच्छा महसूस कर रही हूं। इसके बाद, सबालेंका का सामना चेक गणराज्य की मैरी बौजकोवा से होगा, जिन्होंने 19 वर्षीय अमेरिकी रॉबिन मोंटगोमरी को 6-3, 6-1 से हराया। बौजकोवा के साथ अपने पिछले मुकाबले पर विचार करते हुए सबालेंका ने कहा, भले ही हमारी पिछली मुलाकात में स्कोर काफी आसान था, लेकिन यह वास्तव में कठिन लड़ाई थी। यह उतना आसान नहीं था जितना दिखता है। वह एक महान फाइटर है।

महिलाओं के दूसरे सेमीफाइनल में स्पेन की पाउला बडोसा का मुकाबला अमेरिका की कैरोलिन डोलेहाइड से होगा।

## आईबीए एंजेला कैरिनी को 50,000 डॉलर की पुरस्कार राशि देगा



**पेरिस।** इंटरनेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन (आईबीए) ने घोषणा की है कि वह पेरिस ओलंपिक में अल्जीरियाई मुक्केबाज इमाने खलीफ के खिलाफ वेल्टरवेट राउंड-ऑफ-16 मुकाबले से हटने के बाद इटली की एंजेला कैरिनी को 50,000 डॉलर की पुरस्कार राशि देगी। यह मैच, जो केवल 46 सेकंड तक चला, कैरिनी खलीफ के आक्रामक मुक्कों से अभिभूत हो गई, जिसके कारण वह जल्दी बाहर हो गई। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) द्वारा अंतरराष्ट्रीय मान्यता छीन लिए गए आईबीए ने यह भी कहा कि कैरिनी के महासंघ और कोच प्रत्येक को 25,000 डॉलर मिलेंगे। इस घटना ने खेलों में लैंगिक पात्रता पर व्यापक विवाद को जन्म दे दिया है। आईबीए के पात्रता नियमों में असफल होने के कारण 2023 विश्व चैंपियनशिप में दोनों एथलीटों को अयोग्य घोषित किए जाने के बावजूद, खलीफ को ताइवान के डबल विश्व चैंपियन लिन यू-टिंग के साथ पेरिस में प्रतिस्पर्धा करने के लिए मंजूरी दे दी गई थी।

### तजिंदरपाल सिंह तूर का पेरिस ओलंपिक में अभियान समाप्त

**पेरिस।** तजिंदरपाल सिंह तूर के क्वालीफिकेशन राउंड से बाहर होने के बाद चल रहे पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की शॉटपुट स्पर्धा में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। दो बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता, जिन्होंने 21.77 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ शॉटपुट में अपनी क्षमता का दावा किया, अपने खेल से दूर दिखे। शॉटपुट में अक्सर अग्रणी माने जाने वाले तूर ग्रुप ए में 15वें स्थान पर खिसक गए, उन्होंने तीन प्रयासों में 18.05 मीटर का अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया।

## भारतीय तीरंदाज भजन कौर व्यक्तिगत महिला तीरंदाजी स्पर्धा से बाहर



**एजेंसी। पेरिस**

भारतीय तीरंदाज भजन कौर शनिवार को पेरिस ओलंपिक में इंडोनेशिया की दियानंदा चोइरुनिसा से हारने के बाद राउंड ऑफ 16 में व्यक्तिगत महिला तीरंदाजी स्पर्धा से बाहर हो गईं। कौर 5-5 (0-2, 2-0, 0-2, 1-1, 2-0) से बराबरी पर थीं और मैच शूट ऑफ पर था। भारतीय तीरंदाज पूरे मुकाबले में अपनी इंडोनेशियाई प्रतिद्वंद्वी का पीछा कर रही थीं। निर्णायक चौथे सेट में भजन ने अपने अंतिम शॉट में महत्वपूर्ण 10 का तीर मारा जिससे शूट-ऑफ की नौबत आ गई। 18 वर्षीय तीरंदाज शूट-ऑफ में गेम हार गईं क्योंकि वह चोइरुनिसा के 9 के जवाब में 8 हिट करने में सफल रहीं। इस मुकाबले से पहले, दूसरी तीरंदाज दीपिका कुमारी जर्मनी की मिशेल क्रॉपेन के खिलाफ अपने राउंड ऑफ 16 मैच के दौरान एक्शन में थीं। दीपिका ने लेस इनवैलिड्स में राउंड ऑफ 16 के मैच में अपनी जर्मन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 6-4 (2-0, 1-1, 2-0, 0-2, 1-1) से जीत हासिल की। भारतीय तीरंदाज ने पहले सेट में 27-24 से जीत दर्ज करके शानदार प्रदर्शन किया। जबकि उनकी जर्मन प्रतिद्वंद्वी ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और लगातार तीन 9 हिट लगाए। दीपिका ने वापसी की और तीसरा सेट जीतकर मैच में 5-1 की बढ़त ले ली।

## 'मेरे कोचिंग के दिन यहीं खत्म होते हैं' : मथायस बो

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय बैडमिंटन पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के कोच मथायस बो ने कहा है कि उनके कोचिंग के दिन खत्म हो गए हैं और 'कम से कम अभी' वह कहीं और कोचिंग पद पर नहीं रहेंगे। बो की टिप्पणी सात्विक और चिराग के 2024 पेरिस ओलंपिक में पुरुष युगल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में मलेशियाई जोड़ी आरोन चिया और सोह वूई यिक से 21-13, 14-21, 16-21 से हारकर बाहर होने के बाद आई है। मैं स्वयं इस भावना को अच्छी तरह से जानता हूँ। अपने जीवन की सबसे अच्छी स्थिति में रहने के लिए हर दिन खुद को एक सीमा तक धकेलना, और फिर चीजें वैसी नहीं होती जैसी आप उम्मीद करते हैं। मैं जानता हूं कि आप लोग निराश हैं, मैं जानता हूं कि आप भारत के लिए पदक वापस लाना कितना चाहते थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होना था।' लेकिन आपके पास गर्व करने के लिए सब कुछ है, आपने इस ओलंपिक शिविर में कितनी मेहनत की है, चोटों से जूझते हुए, दर्द को कम करने के लिए इंजेक्शन भी लिया, वह समर्पण है, वह जुनून है और वह बहुत सारा दिल है। आपने पिछले वर्षों में बहुत कुछ जीता है और आप भविष्य में भी बहुत कुछ जीतने जा रहे हैं। मेरे लिए, मेरे कोचिंग के दिन यहीं समाप्त होते हैं, मैं कम से कम अभी के लिए भारत या कहीं और जारी नहीं रखूंगा। बो ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, ''मैंने बैडमिंटन हॉल में बहुत अधिक समय बिताया है और कोच बनना भी काफी तनावपूर्ण है, मैं एक थका हुआ बूढ़ा आदमी हूं।' डेनमार्क के पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी बो ने 2012 लंदन ओलंपिक में पुरुष युगल स्पर्धा में रजत पदक जीता था और उनके पास ऑल-इंग्लैंड खिताब भी है। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक से पहले सात्विक और चिराग के साथ अपना कोचिंग कार्यकाल शुरू किया।

## 14 गेंदों में एक भी रन नहीं बना पाने से निराश हूं : रोहित

**कोलंबो ।** श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में जीत की स्थिति में होने के बावजूद भारतीय टीम को टाई से संतोष करना पड़ा। श्रीलंका ने पहले खेलते हुए 230 रन बनाए थे। भारतीय टीम को 14 गेंदों पर एक रन चाहिए था लेकिन अर्शदीप के रूप में आखिरी विकेट गिर जाने के कारण मुकाबला टाई हो गया। मैच के बाद निराश भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को श्रीलंका के खिलाफ मैच में जीत के लिए 14 गेंद में एक रन बना लेना चाहिए था। भारतीय टीम 231 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित की 58 रन की तेज पारी के बावजूद 47.5 ओवरों में 230 रन पर सिमट गई। भारतीय खिलाड़ी श्रीलंका के 4 स्पिनरों के सामने कभी सहज नहीं रहे। कप्तान रोहित ने मैच के बाद कहा कि स्कोर हासिल किया जा सकता था। लेकिन इसके लिए आपको अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी। हमने टुकड़ों में अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन लय नहीं बना पाए। हमने अच्छी शुरूआत की। लेकिन हमें पता था कि स्पिन आने पर खेल बदल जाएगा। हमने कुछ विकेट गंवा दिए और पिछड़ गए। कप्तान ने ज्यादा आलोचना नहीं करते हुए कहा कि हमने अक्षर पटेल और केएल राहुल के बीच साझेदारी से वापसी की। लेकिन इनके आउट होने से फिर संतुलन गड़बड़ा गया।




## फ्रांस ने अर्जेंटीना को हराकर पुरुष फुटबॉल सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**एजेंसी। पेरिस**

फ्रांस शुक्रवार को अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर पेरिस ओलंपिक के पुरुष फुटबॉल सेमीफाइनल में पहुंच गया।

पांचवें मिनट में माइकल ओलिसे के कॉर्नर किक के बाद फ्रांसीसी स्ट्राइकर जीन-फिलिप माटेटा ने हेडर से जोरदार हमला किया, जो मैच का एकमात्र गोल साबित हुआ।

अर्जेंटीना के लिए सबसे अच्छा मौका 36वें मिनट में आया जब एक क्रॉस पर गेंद गोल के सामने अनमार्क सौंगौटौ मगासा को मिली, लेकिन डिफेंडर का क्लोज-रेंज हेडर बार के ऊपर से निकल गया। सेमीफाइनल में फ्रांस का मुकाबला मिस्र से होगा, जिसने पेनल्टी में पराग्वे को हराने में कड़ी मेहनत की। ओवरटाइम में दोनों पक्षों ने 1-1 की बराबरी हासिल की, जिससे खेल शूट-आउट में चला गया। मिस्र ने पेनल्टी किक में 5-4 से जीत हासिल की जब उसके गोलकीपर अला हमजा ने मासेली पेरेज के प्रयास को मौके से बचा लिया।

### लीजेंड्स इंटरकांटिनेंटल टी20 लीग का पहला सीजन 18 अगस्त से होगा शुरू

**नई दिल्ली।** लीजेंड्स इंटरकांटिनेंटल टी20 के पहले सीजन का आयोजन 18 से 30 अगस्त तक होने जा रहा है। टूनार्मेंट के आयोजकों ने शनिवार को यह शेड्यूल जारी किया। इस टूनार्मेंट में सात टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। इन टीमों में इंडो किंग्स, एशियन एवेंजर्स, यूरो रेंजर्स, अमेरिकन मैवेरिक्स, ट्रांस-तस्मान टाइटंस, अफ्रीकन लायंस और कैरिबियन वाइकिंग्स शामिल हैं। लीग के राउंड रॉबिन फॉर्मेट के बाद टॉप चार टीमें नॉकआउट स्टेज में पहुंचेंगी। कुल मिलाकर 24 मैच खेले जाएंगे, जिसमें हर दिन दो मैच होंगे। टूनार्मेंट का आगाज इंडो किंग्स और एशियन एवेंजर्स के बीच होगा।

## कैंची धाम पहुंचे रिंकू सिंह, बाबा नीब करौरी की पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

**बाबा के प्रति आस्था उन्हें कैंची धाम ले आई : रिंकू सिंह**

**एजेंसी। नैनीताल**

भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह शनिवार को नैनीताल स्थित कैंची धाम पहुंचे। रिंकू सिंह ने यहां बाबा नीब करौरी महाराज की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। रिंकू उत्तराखंड मूल के क्रिकेटर आर्यन जुयाल के साथ कैंची धाम पहुंचे और यहां आधे घंटे तक मंदिर में रहने के बाद लौट गये। कैंची धाम पहुंचने पर मंदिर समिति के प्रबंधक प्रदीप साह और ग्राम प्रधान पंकज निगल्टिया ने उन्हें बाबा से जुड़े चमत्कारों और रोमांचक किस्सों से अवगत कराया। रिंकू सिंह ने कहा कि बाबा के प्रति आस्था उन्हें कैंची धाम ले आई। यहां आकर उन्हें बहुत अच्छा लगा। इस दौरान रिंकू सिंह को अपने बीच देख कैंची धाम में मौजूद उनके प्रशंसक खुश हो गए और उन्होंने उनके साथ फोटो और सेल्फी ली।



# मंईयां सम्मान योजना से 50 लाख महिलाएं होंगी आच्छादित : सचिव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना का लाभ 21 वर्ष से 50 वर्ष की महिलाओं को दिया जाएगा। मंईयां योजना के तहत प्रत्येक महिला को सरकार एक हजार रुपए प्रतिमाह देगी। वह आज सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के सभागार में पत्रकारों से बात कर रहे थे। सचिव ने बताया कि मंईयां योजना से महिलाओं को आच्छादित करने के लिए मिशन मोड में काम किया जा रहा है। इस योजना से राज्य की करीब 50 लाख महिलाओं को लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि योजना को सफल बनाने के लिए कैंप का आयोजन जिला स्तर पर किया जा रहा है। इसके लिए विभागीय स्तर पर सभी जिला के डीएसडब्ल्यूओ, एडीएसएस, सीडीपीओ को आदेश दिए गए हैं। जैप आईटी द्वारा इस योजना का पोर्टल तैयार किया गया है। योजना को मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा लॉन्च को गई है और पहले दिन 4 बजे शाम तक कुल 2582 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदन अपलोड करने में नेटवर्क स्लो होने की वजह से कुछ तकनीकी अड़चनें आई थीं जिन्हें दूर कर लिया गया है।



## किसे मिलेगा लाभ

सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि मंईयां योजना का लाभ 21 वर्ष से 50 वर्ष तक की वैसी महिलाओं को मिलेगा जो अन्य किसी पेंशन योजना का लाभ नहीं ले रही हैं। मंईयां समान योजना का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, एपिक कार्ड, आधार लिंक्ड बैंक खाता और झारखंड के निवासी होना जरूरी है। आवेदन फॉर्म ऑनलाइन उपलब्ध हैं और आगामी 21 अगस्त से पोर्टल के माध्यम से आवेदन अगस्त माह के लिए जमा किए जा सकते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से विभाग के अपर सचिव अभय नंदन अंबष्ट, निदेशक शशि प्रकाश झा, सहायक निदेशक प्रियंका श्रीवास्तव, सहायक निदेशक शत्रुंजय कुमार, जैप आईटी निरंजन कुमार, सीएसी से अनुपम उपस्थित थे।

## पोर्टल के माध्यम से ही होगा सत्यापन

मनोज कुमार ने बताया कि जैप आईटी द्वारा तैयार किए गए पोर्टल के माध्यम से ही आवेदन का सत्यापन किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि एक घंटे में ही 36 हजार हिट पोर्टल में प्राप्त हुए हैं। साथ ही एक दिन में करीब 15 लाख हिट हुए हैं। इसलिए हमें उम्मीद है कि मंईयां योजना राज्य की महिलाओं के उत्थान में भी एक कारगर कदम साबित होगी। मनोज कुमार ने बताया कि राज्य के सभी जिलों में कैंप लगाए जा रहे हैं और प्रत्येक कैंप में करीब 800- 1000 लोग आ रहे हैं। साथ ही प्रत्येक जिले में इस योजना की जागरूकता हेतु जागरूकता रथ 2 अगस्त को रवाना किया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दिशा निर्देश में विभागीय स्तर पर मॉनिटरिंग की जा रही है।

# जलमग्न मोहल्लों में दुख बांटने पहुंचे रक्षा राज्य मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



महज एक दिन की बारिश में पूरी रांची जलमग्न हो गई। रांची शहर में हर तरफ पानी ही पानी है। इस बारिश और पानी के बीच शनिवार सुबह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ रांची के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। हर तरफ की स्थिति बहुत भयावह हो चुकी है। केंद्रीय मंत्री ने मोहल्लों के लोगों से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि आश्चर्य इस बात का है कि राहत देने के लिए सरकार-प्रशासन के पास कोई तैयारी नहीं है। रांची के सैंकड़ों परिवार अपने-अपने घरों में कैद हैं। इस दौरान बांधगाड़ी की स्थिति बहुत भयावह दिखी। अपार्टमेंट और सोसाइटीज में रहने वाले सैकड़ो परिवार घरों में बंधक बने हुए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दो दिन से कई मोहल्लों में बिजली-पानी नहीं है। सब त्राहि त्राहि कर रहे हैं। मौके पर मंत्री ने रांची के उपायुक्त और नगर निगम के आयुक्त से बात कर अविलंब राहत पहुंचाने का निर्देश दिया। अधिकारियों से मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्राथमिकता के आधार पर शहर में जल निकासी की समुचित व्यवस्था करें। उससे पहले बच्चों व महिलाओं के खाने की व्यवस्था करें। इनके लिए पीने के पानी की व्यवस्था करें। रांची की ऐसी भयावह स्थिति आज से पहले देखने को नहीं मिली थी। प्रशासन सजगता से कार्य करे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने रातू क्षेत्र में एनएच-75 के मुरगू पुल के बहे हुए डायवर्सन का भी निरीक्षण किया।

## डीएसपीएमयू ने नई शिक्षा नीति के तहत कई पुस्तकों का किया है प्रकाशन : कुलपति

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू), रांची के कुलपति कक्ष में शनिवार को पर्यावरण अध्ययन की एक पाठ्यपुस्तक का विमोचन कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने किया। इस पुस्तक का संपादन डॉ नमिता लाल ने किया है। यह किताब पर्यावरण अध्ययन विभाग, डीएसपीएमयू के संकाय सदस्यों, डॉ देबू मुखर्जी, डॉ अमृता लाल, सोनी कुमारी, संदीप प्रसाद और अनुशील द्वारा लिखित है। यह पुस्तक नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत वैल्यू एडेड पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए लिखी गई है। मौके पर कुलपति डॉ शांडिल्य ने कहा कि गत कुछ दिनों के अंतराल पर डीएसपीएमयू में विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा लिखित कई उपयोगी पुस्तकों का लोकार्पण किया गया है। इन सभी पुस्तकों के प्रकाशन की एक उल्लेखनीय विशेषता यह है।

# झारखंड सरकार के संरक्षण में हो रही हैं आपराधिक घटनाएं : अमर बाउरी

*कानून व्यवस्था दुरुस्त करना छोड़ तुष्टिकरण की राजनीति में जुटी है सरकार*

*7000 दुष्कर्म की घटनाएं अब तक राज्य में हो चुकी हैं, नहीं हो रही कार्रवाई*

*05 हत्याएं प्रतिदिन प्रदेश में हो रही हैं लेकिन सरकार पर नहीं पड़ रहा असर*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने झारखंड सरकार पर कानून व्यवस्था को लेकर कड़ा हमला किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है। राज्य सरकार कानून व्यवस्था दुरुस्त करने की बजाय तुष्टिकरण की राजनीति को धार देने में जुटी है। सरकार ने पूरी कानून व्यवस्था को ताक पर रख दिया है। राज्य में आम से लेकर खास, कोई भी सुरक्षित नहीं है। बाउरी प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान उक्त बातें कहीं। बाउरी ने कहा कि जिन लोगों की हत्या हुई है यह अपने-अपने क्षेत्र के नामचीन हैं। लगातार इस प्रकार की घटना हो रही है और राज्य सरकार विधानसभा के फ्लोर पर झूठे वादों और घोषणाओं को साबित करने में केवल कसीदे पढ़ती रही लेकिन राज्य की लचर कानून व्यवस्था पर एक शब्द भी नहीं बोलना शर्मनाक है। मुख्यमंत्री द्वारा पांचवें विधानसभा के आखिरी सत्र में फिर कई झूठे वादों की झड़ी लगाई गई। लेकिन कानून व्यवस्था पर सरकार की चुप्पी साफ बतलाती है कि सारी घटनाएं राज्य सरकार के संरक्षण में घटित हो रही है। बाउरी ने कहा कि राज्य में अब तक 7000 दुष्कर्म की घटनाएं हो चुकी हैं। प्रदेश में प्रतिदिन पांच हत्याएं हो रही हैं। ये पीड़ित लोग कौन है? ये लोग राज्य के आदिवासी, दलित और मूलवासी ही हैं। यहां कानून व्यवस्था की पूरी तरह धज्जियां उड़ाई जा रही है। पुलिस से आदिवासी संगठनों के नेताओं, कार्यकताओं व छात्रों को पिटवाया जा रहा है क्योंकि घुसपैठियों को और भी प्रबल सुरक्षा देना है। इनको तुष्टीकरण की राजनीति को और भी धार देनी है इसलिए झारखंड के पूरे कानून व्यवस्था को ताक पर रख दिया गया है। बाउरी ने कहा कि स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि अब लोग कहने लगे हैं कि इस अत्याचारी और भ्रष्टाचारी सरकार से कैसे उनका और उनके प्रियजनों का जीवन सुरक्षित बच जाय।

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

Tel :- 06562-231148 Email :- municipalcouncil.medininagar@gmail.com

ज्ञापांक .................... दिनांक ....................

### प्रेस विज्ञप्ति

राज्य में जारी भारी बारिश के पूर्व अनुमान को देखते हुए मेदिनीनगर नगर निगम/जिला अन्तर्गत भारी बारिश के समय किसी प्रकार का आपदा (पेड़ गिरना, बिजली का तार, पानी का बहाव, किसी व्यक्ति को आश्रय एवं अन्य आपदा) की निदान करने हेतु विभिन्न हेल्प लाईन नं0 जारी किया जा रहा है:–

| क्र0 सं0 | विभागीय | स्थल/कर्मचारी का नाम | नोडल पाधिकारी नाम एवं मो0 नं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | मेदिनीनगर नगर निगम अन्तर्गत बस पड़ाव या रेलवे स्टेशन में फसे नागरिक आश्रय लेने हेतु समस्या से शिकायत से संबंधित | 1. सरकारी बस स्टेण्ड आश्रय गृह, राहुल कुमार मो0– 9801919158<br>2. सदीक मंजिल आश्रय गृह, राजन सिंह, मो0– 9661383622 | श्री अभिषेक कुमार नगर मिशन प्रबंधक मो0– 7488317158 |
| 2 | विद्युत आपूर्ति से संबंधित शिकायत हेतु कनीय अभियंता, शहरी से संबंधित शिकायत हेतु। | कनीय अभियंता मो0– 9431707421 | |
| 3 | सामुदायिक भवन में आश्रय लेने हेतु सम्पर्क स्थापित कर सकते है। | सामुदायिक भवन स्टेशन रोड़ के पास श्री सुशील कुमार, जमादार, मो0– 6206096989,<br>सामुदायिक भवन आबादगंज, श्री रूपेश कुमार, जमदार, मो0– 6202704794<br>पम्पु कल हेल्थ सेन्टर, श्री चन्देश्वर राम, जमादार, मो0– 9661182094<br>रेड़मा, पंचायत भवन, श्री राकेश कुमार, जमादार 7033970810<br>चैनपुर पंचायत भवन, श्री आर्यण कुमार, जमादार, मो0– 7667528681 | श्री दिलीप कुमार, नगर प्रबंधक, मो0– 7004196490<br>श्री कुमार अनुराग नगर प्रबंधक, मो0– 7903440688 |
| 4 | पेड़ गिरना/जल जमाव की स्थिति में निगम कंट्रोल रूम में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। | श्री दीपक कुमार हजाम, मो0– 8789588022<br>श्री प्रदीप कुमार, मो0– 9570073050 | मो0 इस्तेयाक शाह, जमादार, मो0– 9708436485<br>श्री बिशुन कुमार, जमादार मो0– 6207450994 |

सभी नागरिको को सूचित किया जाता है कि उक्त गठित टीम से आपदा से संबंधित निराकरण हेतु सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR 331758 (District) 24-25 (D)

## पुल निर्माण को लेकर एनएचएआई लापरवाह और सुस्त

# मुरगू पुल का डायवर्सन दूसरी बार बहा

*यात्रियों और वाहन चालकों को हो रही परेशानी से है बेपरवाह*

*पुल निर्माण में देरी पर एक ही जवाब, कांट्रैक्टर नहीं हो रहे क्वालिफाई*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विगत शुक्रवार को लगातार हो रही बारिश के कारण एनएच-39 पर निमार्णाधीन मुरगू पुल के लिए बना डायवर्सन बह गया। डायवर्सन बहने के पहले ही वाहनों को रोक दिया गया था, क्योंकि यह लगभग बहने के कगार पर था। देर शाम होते-होते डायवर्सन पूरी तरह से बह गया। लेकिन, वाहनों का परिचालन रोक दिए जाने के कारण बड़ा हादसा टल गया। इस पुल निर्माण में आ रही समस्या, डायवर्सन और वहां हो रही दुर्घटनाओं की बात को 'राष्ट्रीय नवीन मेल' समाचार पत्र ने कई बार प्रमुखता से उठाया है। इस समय पुल निर्माण स्थल से थोड़ा आगे जाने पर भी लापरवाही साफ देखी जा सकती है। मांडर मिशन के पास एक किलोमीटर तक सड़क अधूरी है। इस सड़क में एक लेयर ही चढ़ाया गया है। दूसरा लेयर नहीं चढ़ाया गया है। इस कारण सड़क पूरी तरह प्लेन नहीं है और चालकों को वाहन चलाने में काफी परेशानी होती है। इधर, डायवर्सन बहने के बाद प्रशासन द्वारा वाहनों को काठीटांड़ से डायवर्ट किया जा रहा है। वहीं, ब्राम्बे के पास भी वाहनों को डायवर्ट किया जा रहा है। ब्राम्बे से वाहनों को पाली की ओर से होते हुए हाजी चौक रिंग रोड निकाला जा रहा है। एनएच-39 पर मुरगू पुल के निर्माण शुरू होने के ढाई वर्ष के बाद भी यह अभी तक नहीं बना है। पिछले वर्ष भी एक अक्टूबर को डायवर्सन बह गया था। इसके बावजूद एनएचएआई के अधिकारी या सरकार इस पुल को नहीं बनवा सके। लगातार यह दूसरा साल है, जब डायवर्सन बह गया है। लेकिन, एनएचएआई के अधिकारी इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। वे केवल एक ही राग अलाप रहे हैं कि टेंडर भरने वाला क्वालिफाई नहीं कर पा रहा है।

## Govt. of Jharkhand
URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT
GARHWA NAGAR PARISHAD

### Request for Proposal/E-Procurement Notice

REQUEST FOR PROPOSAL NO. GNP/RFP-01/2024-25 Date- 02.08.2024

Request for Proposal are invited on behalf of Garhwa Nagar Parishad (GNP), Jharkhand for work on DBOT basis from reputed and eligible companies / firm/ Consortium/Joint Ventures having sound Technical and financial capability for the following works:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Bio Mining and remediation of Legacy Waste at Garhwa Nagar Parishad |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 3,40,19,235.00 (Three Crore Forty Lakh Ninteen Thousand Two Hundred Thirty Five Rupees) Only |
| 3. | Tender Fee | Rs. 10000.00 (Ten Thousand Only) (Online Mode) |
| 4. | Earnest Money (Rs.) | 341000.00 (Three Lakh Forty One Thousand Rupees ) (Online Mode) |
| 5. | Time of Completion | 18 Months |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 07.08.2024 up to 11:00 AM |
| 7. | Last Date/Time for receipt of E-Tender on Website | 27.08.2024 up to 5:00 PM |
| 8. | Date of Opening E-Tender | 29.08.2024, Time: 11:00 AM |
| 9. | Name & Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa-822114 |
| 10. | Contact No of E-Procurement officer | 9431141644, 8409053313 |
| 11. | Helpline Number of E-Procurement cell | 8409053313 |

Note: 1. Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Officer
PR 331771 Urban Development(24-25)#D Nagar Parishad Garhwa

## कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार

### अतिअल्पकालिन कोटेशन आंमत्रण सूचना सं0 04/2024–25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में कार्यालय उपयोग हेतु लेखन सामग्रियों, सफाई सामग्री के साथ–साथ अन्य कार्यालय सामग्रियों यथा– फलाई लीप, फलैट फाईल, रजिश्टर, गोंद, टैग, कारटीज, A4 पेपर, टेकुआ, टिप्पणी पृश्ट, नारीयल झाड़ु, फुल झाड़ु, हारपीक, फेनाईल, पेन, रिफिल, ब्लुइंक, इत्यादि का क्य किया जाना है। उक्त कार्य हेतु इच्छुक फर्म /आपूर्तिकर्ता से दिनांक 10.08.2024 के अपराहन् 2.30 बजे तक पूर्ण विवरणी एवं सभी कर सहित अपना कोटेशन नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। कोटेशनदाता से प्राप्त कोटेशन को उसी दिन अपराहन् 3.30 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। कोटेशनदाता को आपूर्ति की जाने वाली सभी सामग्रियों का Presentation निविदा समिति के समक्ष दिनांक 10.08.2024 को अपराहन् 3.30 बजे देना अनिवार्य होगा, आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों की गुणवता अच्छी होने के उपरान्त ही सामग्रियों की आपूर्ति ली जायेगी। नगर पंचायत लातेहार द्वारा कार्यालय उपयोग हेतु क्य किये जाने वाले लेखन सामग्रियों, सफाई सामग्री के साथ–साथ अन्य कार्यालय सामग्रियों की सूची कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है, या कार्यालय के सूचना पटट् पर देखी जा सकती है। कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ अध्यतन आयकर एकनॉलेजमेन्ट, पैन कार्ड एवं GST प्रमाण पत्र 3B Return एवं आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों का रंगीन कैटलॉग /फोटोग्राफ देना अनिवार्य होगा। कोटेशनदाता से दर प्राप्त होने के उपरांत न्युनतम दरदाता की स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्यादेश निर्गत की जायेगी। कार्यादेश निर्गत की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर उपरोक्त सामग्रियों की आपूर्ति करना आवश्यक होगा। इस संबंध में क्य किये जाने वाले सामग्रियों की सूची या विशेश जानकारी कार्यालय के कार्य दिवस में राहुल कुमार गुप्ता, लेखापाल, नगर पंचायत लातेहार से प्राप्त की जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 331754 Urban Development(24-25)#D

## पृष्ठ एक का शेष

**वैश्विक भूख और कुपोषण दूर...**

मणिपुर और असम जैसे पूर्वोत्तर राज्यों में उगाए जा रहे काले चावल में औषधीय गुण हैं। इससे किसानों को अच्छा लाभ मिल सकता है। इसी तरह, भारत बाजरे का सबसे बड़ा उत्पादक बनकर उभरा है। इसे सुपर फूड माना जाता है और इसे 'कम पानी और ज्यादा उत्पादन' के सिद्धांत पर उगाया जा रहा है, जो ग्लोबल कुपोषण की समस्या को हल करने में मदद करेगा। भारत ने जी-20 सम्मेलन में भी इस बात पर जोर दिया था कि देश 'एक पृथ्वी-एक परिवार' के सिद्धांत में विश्वास करता है और भूख व कुपोषण को दूर करने में योगदान देने का इच्छुक है। भारत के पास कृषि क्षेत्र में विशाल विशेषज्ञता है। खेती की योजना छह मौसमों को ध्यान में रखकर बनाई जाती है और देश में 50 कृषि-जलवायु क्षेत्र हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा, देश में हर 100 किलोमीटर पर खेती की प्रकृति बदल जाती है। मैदानी, रेगिस्तानी, अर्ध-शुष्क, तटीय और पहाड़ी क्षेत्रों में अलग-अलग कार्य करने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि इस विविधता से भरपूर अनुभव से कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया जा सकता है, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ में, ऐसे समय में जब जलवायु परिवर्तन विश्व में भूख और कुपोषण को समाप्त करने के मार्ग में एक बड़ी बाधा के रूप में चुनौती बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत का कृषि अनुभव इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि दुनिया रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते उपयोग के बीच मानव, पशु और पौधों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए प्रयास कर रही है।

**अयोध्या गैंगरेप के आरोपी...**

है। आगे उसकी मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। वहीं, इस मामले में थानाध्यक्ष पूराकलंदर रतन शर्मा व भदरसा चौकी इंचार्ज अखिलेश गुप्ता को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं, एसडीएम सोहावल राजस्व कर्मियों के साथ आरोपी सपा नेता मोईद खान के घर पहुंचे। आरोपी सपा नेता की जमीन-जायदाद की पैमाइश शुरू हो गई है। पीड़िता की मां ने बताया कि सीएम ने उन्हें आश्वस्त किया है कि आरोपी सपा नेता की संपत्तियों की जांच कराई जाएगी और अवैध संपत्तियों के खिलाफ कठोरता से कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि अयोध्या के पूरा कलंदर थाना क्षेत्र में घटी शर्मनाक घटना में सपा नेता मोईद खान और उसके नौकर पर पिछड़े वर्ग की 12 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का आरोप है। आरोपी मोईद खान फैजाबाद से सपा सांसद अवधेश प्रसाद का करीबी बताया जाता है।

**स्पेशल ब्रांच के सब इंस्पेक्टर...**

जानकारी मिलते ही स्पेशल ब्रांच के आईजी, डीआईजी, रांची पुलिस के डीआईजी, एसएसपी समेत कई अधिकारी रिम्स पहुंचे, जहां उनका शव पोस्टमार्टम के लिए लाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है। अनुपम झारखंड के खूंटी जिले के निवासी थे। उन्होंने बीआईटी सिंदरी से 2014 में बीटेक किया था और इसके बाद पुलिस सेवा में भर्ती हुए थे। वह झारखंड के 2018 बैच के दारोगा थे और उनकी पहचान एक तेज-तर्रार अफसर के रूप में होती थी।

**एसआईटी ने शुरू की...**

एसआईटी का गठन किया था। घटनास्थल पर एफएसएल के विशेषज्ञ दल ने घटनास्थल का मुयायना कर घटना से जुड़े प्रदर्श और खोखा जब्त किये है। घटनास्थल और अपराधियों के आने और जाने के सभी संभावित मार्गों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। अनुसंधान के क्रम में अन्य व्यक्तियों के साथ-साथ उन 14 व्यक्तियों से गहन पूछताछ की जा रही है जो हत्या की घटना से पूर्व मृतक के साथ बर्थडे पार्टी में शामिल थे।

**हेमंत सरकार में गुंडे-अपराधी...**

उन्होंने कहा कि स्पेशल ब्रांच में तैनात सब इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। प्रदेश की राजधानी में आए दिन हो रही ऐसी घटना से राजधानी समेत पूरे प्रदेश में डर का माहौल है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को थाने से पांच सौ मीटर की दूरी पर वकील की हत्या। शनिवार को युवा आदिवासी पुलिस इंस्पेक्टर की गोली मार कर हत्या कर दी गई है, जो अत्यंत दुःखद है। हर रोज ऐसी अनेकों घटनाएं हो रही हैं। चूंकि सरकार संवेदनहीन है, इसलिए चुपचाप बस तमाशा देख रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने राजधानी रॉची तक को अयोग्य अफसरों के हवाले कर बारूद के ढेर पर बैठा दिया। जिस सरकार में वकीलों, पुलिस वालों तक की सरेआम हत्या हो रही है, उस सरकार में आम लोगों के सुरक्षा की उम्मीद कैसे की जा सकती है? हेमंत सरकार में अपराधियों की हिम्मत जिस तरह से बढ़ी है, उससे ऐसा लगता है कि सरकार को हेमंत सोरेन नहीं, बल्कि अपराधी और गुंडे ही संचालित कर रहे हैं।

## JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND
Ph. No.: +91-651-2225878, e-mail Id-juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752,

### e-Procurement Notice
### Tender Notice

NIT No: JUIDCO/NIT/Rehla Bishrampur /UWSS/24/626 Date: 03/08/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Rehla & Bishrampur Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance |
| 2. | Mode of Bid Submission | e-tendering –http://jharkhandtenders.gov.in |
| 3. | Estimated Cost | Rs. 103,73,66,490/- (Rupees One Hundred Three Crore Seventy Three Lakh Sixty Six thousand Four Hundred and Ninenty Only) |
| 4. | Tender Fee and Bid Security | Tender Document Fee – Rs. 25,000/- (Rupees Twenty-Five thousand only) Bid Security – Rs. 1,03,73,665/- (Rupees One crore Three lakh Seventy-Three thousand Six hundred Sixty-Five only) |
| 5. | Date & Time of Publication of Tender on Website | 05th August 2024 at 15:00 hours |
| 6. | Last Date & Time of submission of pre-bid queries | 12th August 2024 till 13:00 hours |
| 7. | Date & Time of pre-bid meeting | 12th August 2024 at 15:00 hours |
| 8. | Last Date & Time of Bid Submission | 27th August 2024 till 17:00 hours |
| 9. | Date & Time of Bid Opening | 28th August 2024 at 17:00 hours |
| 11. | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Pin – 834001. |
| 12. | Helpline No. of e-Procurement Cell | +91 651 2225878/ 9973768183 |

Note: Only e-tenders will be accepted.
Further details are available on the Jharkhand Government e-procurement website http//: jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 331755 (Urban Development and Housing) 24-25 (D)

## कार्यालय– नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर
Email- npsbnagar@gmail.com

### पथ विक्रेताओं के चुनाव संबंधि सूचना

झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) नियमावली 2015 तथा झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) संशोधित नियमावली 2016 के प्रावधानों के अनुसार पथ विक्रेताओं के 12 प्रतिनिधि के चुनाव आयोजन करने हेतु निर्धारित प्रक्रिया के आलोक में निकाय स्तर से निम्नवत समय रेखा (Time Line) निर्धारित की जाती है:–

टाउन वेंडिग समिति के 12 सदस्यों का चुनाव हेतु प्रस्तावित समय रेखा (Time Line):
विभागीय अधिसूचना 2005 दिनांक– 05.04.2016 द्वारा अधिसूचित झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) नियमावली 2015 तथा झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) संषोधित नियमावली 2016 के नियम संख्या 14 के अनुसूची 1 में वर्णित प्रावधानों के आलोक में टाउन वेंडिग समिति के 12 सदस्यों के चुनाव हेतु प्रस्तावित समय रेखा (Time Line):

| क्र0 सं0 | चुनाव संबंधी कार्य के विभिन्न चरण | विवरण | तिथि का निर्धारण अधिसूचना जारी करने की तिथि 03.08.2024 |
|---|---|---|---|
| I | II | III | IV |
| 1 | टाउन वेंडिग समिति के कुल निर्धारित 30 में से 12 सदस्यों के प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया से चुनाव से संबंधित अधिघोषणा जिसमें कोटि/लिंग आरक्षण रोस्टर वर्णित हो। | स्थानीय समाचार पत्रों/सूचना पटट् में प्रदर्षित करते हुए: (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–2) | 05 अगस्त 2024 |
| 2 | क्षेत्रीय स्ट्रट वेंडरों की सूचि का प्रकाशन एवं इसकी प्रति टाउन वेंडिग समिति या स्थानीय प्राधिकरण जैसी स्थिति हो उसे सौंपना/उपलब्ध कराना अर्थात चुनाव घोषित होने के साथ ही। | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–4) | 05 अगस्त 2024 |
| 3 | क्षेत्रीय स्ट्रट वेंडरों की सूचि को नोटिस बोर्ड में प्रदर्षित करना। | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–4) | 10 अगस्त 2024 |
| 4 | नामांकन का कार्य (अंतिम तिथि) | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–3 घ) | 12 अगस्त 2024 |
| 5 | नामांकन पत्रों की जॉच | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–8) | 13 अगस्त 2024 |
| 6 | अंतिम रूप से जॉच किये गये वैध नामांकित पत्रों का प्रकाषन | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–8 उपकंडिका–10) | 14 अगस्त 2024 |
| 7 | नाम वापसी लेने के समय | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–10) | 17 अगस्त 2024 |
| 8 | अंतिम सूचि का प्रकाषन | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–10) | 20 अगस्त 2024 |
| 8.1 | अगर अंतिम सूचि आरक्षण रोस्टर अनुरूप 12 सदस्यों के रहने पर र्निविरोध की घोषणा | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–21) | 21 अगस्त 2024 |
| 9 | मतदान की तिथि | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–3 घ) | 22 अगस्त 2024 |
| 10 | मतगणना की तिथि | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–20) | 23 अगस्त 2024 |
| 11 | चुनाव परिणाम की घोषणा एवं विजयी प्रमाण पत्र वितरण | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–20) | 24 अगस्त 2024 |
| 12 | चुनाव परिणाम की अधिसूचना जारी करना | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–24) | 27 अगस्त 2024 |
| 13 | सरकार/विभाग को सूचित करना | (नियम–14 के अनुसूचि–1 कंडिका–24) | 27 अगस्त 2024 |

प्रशासक
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 331773 (Urban Development)24-25*D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## ब्रिफ न्यूज

### सोमालिया में आत्मघाती हमले में 32 लोगों की मौत, 63 घायल



**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में समुद्र तट के निकट एक होटल में शुक्रवार रात एक आत्मघाती हमले और गोलीबारी में कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई और 63 लोग घायल हो गए। पुलिस और चश्मदीद लोगों के मुताबिक आत्मघाती हमलावर ने लीडो बीच पर बम विस्फोट किया, जिसके बाद बंदूकधारी हमलावरों ने इलाके में गोलीबारी शुरू कर दी। यह समुद्र तट व्यापारियों और अन्य लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। यहां पहले भी हमले हो चुके हैं। पुलिस के अनुसार इनमें से कई घायलों की हालत अत्यंत गंभीर है।

### बांग्लादेश में फिर से विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ

**ढाका।** बांग्लादेश में आरक्षण के विरोध में शुक्रवार से एकबार फिर से विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। यह विरोध प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी सरकार के खिलाफ है। यह विरोध प्रदर्शन देशभर में बड़े पैमाने पर हिंसात्मक घटना बढ़ने और 200 से अधिक लोगों की मौत के बाद थमा था। फिर से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन हाल की घटना में मारे गए लोगों के इंसाफ की मांग को लेकर किया जा रहा है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका के विभिन्न हिस्सों में दो हजार से अधिक प्रदर्शनकारी एकत्र हुए, जिनमें से कुछ लोग तानाशाह मुदार्बाद और पीड़ितों के लिए इंसाफ के नारे लगा रहे थे, जबकि पुलिस अधिकारी उनके चारों ओर घेरा बनाकर खड़े थे।

### इजराइल पर ईरान आक्रमण की तैयारी में, अमेरिका चौकन्ना

**तेहरान/वाशिंगटन।** इजराइल के ईरान में घुसकर अपने सबसे कट्टर दुश्मन हमास के शीर्ष नेता इस्माइल हानिया को मौत के घाट उतारने से समूचे पश्चिम एशिया में तनाव उत्पन्न हो गया है। हानिया की मौत से ईरान तमतमाया हुआ है। वह इजराइल पर बड़े आक्रमण की तैयारी में है। इस घटनाक्रम से अमेरिका चौकन्ना हो गया है। पेंटागन ने पश्चिम एशिया में मौजूद अपने युद्धपोत यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट की जगह लेने के लिए अपने युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को भेजा है। इस युद्धपोत के साथ ही लड़ाकू विमानों से सुसज्जित स्ट्राइक ग्रुप को भी पश्चिम एशिया में भेजा है। अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन की उप सचिव सबरीना सिंह ने बयान में कहा है, रक्षा विभाग लगातार ऐसे कदम उठाता रहेगा, जिससे ईरान और उसके सहयोगियों के क्षेत्रीय तनाव बढ़ाने की संभावना को कम किया जा सके।

# एससी आरक्षण में उप-समूह बनाने के फैसले को देंगे चुनौती : चिराग

एजेंसी



- एससी कोटे में क्रीमी लेयर को अनुमति स्वीकार नहीं, फैसले में अस्पृश्यता शब्द का उल्लेख तक नहीं
- जाति जनगणना हो लेकिन रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हो, आंकड़ों का इस्तेमाल नीतियां बनाने में किया जाए

**पटना।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का विरोध किया, जिसमें राज्यों को अनुसूचित जातियों के आरक्षण के भीतर क्रीमी लेयर बनाए जाने की अनुमति दी गई है। चिराग पासवान ने कहा कि उनकी पार्टी जल्दी ही इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका डालने जा रही है। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी सर्वोच्च न्यायालय से अनुरोध करेगी कि वह अपने हाल के फैसले की समीक्षा करे, जिसमें अनुसूचित जाति कोटे के तहत 15 प्रतिशत उप-समूहों को अनुमति दी गई है। एससी कोटे में क्रीमी लेयर को अनुमति नहीं दी जा सकती। एससी कोटे में उप-समूहों को अनुमति देने से सामाजिक रूप से हाशिए पर पड़े वर्ग के उत्थान का उद्देश्य पूरा नहीं होगा, जो छुआछूत की प्रथा का शिकार रहा है। चिराग पासवान ने आश्चर्य व्यक्त किया कि शीर्ष अदालत के फैसले में अस्पृश्यता शब्द का उल्लेख तक नहीं है। उन्होंने कहा, अनुसूचित जाति के अधिकांश लोग, यहां तक कि संपन्न परिवारों से आने वाले और शिक्षा तक पहुंच रखने वाले लोग भी अस्पृश्यता का सामना करते हैं। इसलिए, अनुसूचित जाति के भीतर उप-समूहों की अनुमति देना न्यायोचित नहीं है। जाति जनगणना की मांग को लेकर चिराग पासवान ने कहा कि मुझे लगता है कि हमें जाति जनगणना करानी चाहिए। हम इसके समर्थन में हैं। लेकिन मेरा मानना है कि इसके निष्कर्षों को सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए। एकत्रित आंकड़ों का इस्तेमाल सरकार को नीतियां बनाने में करना चाहिए।

गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन और सरकारी नौकरियों में कम प्रतिनिधित्व के आधार पर अनुसूचित जातियों (एससी) के भीतर जातियों को उप-वगीर्कृत करने की अनुमति दी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि 15 फीसदी एससी कोटे का बड़ा हिस्सा पिछड़ों को मिले।

# वायनाड भूस्खलन में मृतकों की संख्या बढ़कर 380 हुई

*146 शवों की पहचान हो चुकी है, मृतकों में 30 बच्चे भी शामिल हैं*

एजेंसी



**वायनाड।** केरल के वायनाड में हुए भस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 380 हो गई और 206 लोग अभी भी लापता हैं। रेस्क्यू टीम का शनिवार को पांचवें दिन भी ऑपरेशन जारी है। रक्षा बलों, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, अग्निशमन सेवा और स्वयंसेवकों के 1,500 से अधिक कर्मियों वाली बचाव टीम ने शनिवार सुबह चार सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों चूरलमाला, वेल्लारीमाला, मुंडकाईल और पुंचिरीमाडोम में तलाशी शुरू कर दी है।

अब तक 146 शवों की पहचान हो चुकी है। मृतकों में 30 बच्चे भी शामिल हैं। मलबे से बड़ी संख्या में क्षत-विक्षत शरीर के अंग भी बरामद किये गए हैं। यहां लगभग 100 राहत शिविर हैं, जिनमें लगभग 9,500 लोगों को स्थानांतरित किया गया है। जिले के विभिन्न अस्पतालों में 84 लोग भर्ती हैं। 122 टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल और कन्नूर इकाई से जुड़े अभिनेता मोहनलाल अपनी इकाई के साथ शनिवार सुबह प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे।

सैन्य वर्दी पहने मोहनलाल सबसे पहले मैप्पडी में स्थित बेस कैम्प पहुंचे और रक्षा बलों से मुलाकात की। फिर वह चूरलमाला पहुंचे और बचाव दल के साथ बातचीत की।

## रीवा में स्कूल की दीवार गिरने से कई बच्चे दबे, 4 की मौत



*स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चे घर जाने के लिए निकल रहे थे, उसी समय जर्जर दीवार बच्चों के ऊपर गिरी, जिसमें कई बच्चे और एक महिला भी दब गई*


एजेंसी

**रीवा।** मध्य प्रदेश के रीवा में शनिवार को दर्दनाक हादसा हो गया। जिले के गढ़ कस्बे में संचालित प्राइवेट पब्लिक स्कूल की जर्जर दीवार गिरने से एक महिला समेत कई बच्चे मलबे में दब गए। इसमें 4 बच्चों की मौत हो गई, जबकि अन्य बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया। राहत और बचाव कार्य तेजी से चल रहा है।

जानकारी अनुसार घटना गढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ नईगढ़ी मोड़ पर हुआ। यहां के एक प्राइवेट सनराइज पब्लिक स्कूल की दीवाल ढह गई। स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चे घर जाने के लिए निकल रहे थे, उसी समय जर्जर दीवार बच्चों के ऊपर गिरी। जिसमें कई बच्चे और एक महिला भी दब गई। इनमें से चार बच्चे अंशिका गुप्ता (5), मान्या गुप्ता (7), सिद्धार्थ गुप्ता (5) और अनुज प्रजापति की मौत हो गई।

## बीजेपी विधायकों व एमएलसी के विरोध के कारण यूपी नजूल भूमि विधेयक अटका

- नवेंदु सिंह



**लखनऊ।** विधानसभा में कल पास होने के बाद आज विधेयक विधान परिषद में फंस गया। विधेयक को फंसाने का काम किया सत्तारूढ़ दल के प्रदेश अध्यक्ष ने। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य भूपेन्द्र चौधरी ने विधेयक को लेकर परिषद में असहमति जतायी।

भूपेंद्र चौधरी ने कहा, अभी इस मुद्दे पर सहमति नहीं है, इसलिए इसे प्रवर समिति में भेजा जाये, विधान परिषद में बताया गया कि विधान सभा में बीजेपी विधायकों ने विधेयक का विरोध किया था। मालूम हो कि विधानसभा में विपक्ष कल इस विधेयक का बीजेपी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, हर्ष वाजपेयी और रघुराज प्रताप सिंह 'राजा भैया' ने विरोध किया था। पार्टी में एक राय न होने पर भूपेंद्र चौधरी ने इसे प्रवर समिति को भेजने का अनुरोध किया, सभापति ने भूपेंद्र चौधरी का अनुरोध को मंजूर कर लिया। पार्टी में एक राय न होने पर भूपेंद्र चौधरी ने इसे प्रवर समिति को भेजने का अनुरोध किया, सभापति ने भूपेंद्र चौधरी का अनुरोध को मंजूर कर लिया। अब विधेयक प्रवर समिति में भेज दिया गया है।

अमूमन किसी विधेयक पर संशोधन हमेशा विपक्ष मांगता है। 'नजूल भूमि विधेयक' एक ऐसा विधेयक बन गया है जिसे लेकर सत्ता पक्ष ही संशोधन मांग रहा है। कुछ जानकार लोगों का मानना है कि इसे फिलहाल होल्ड करने की सहमति सरकार की लगती है, अब ये बिल अटक गया लगता है।

## उबलते कड़ाहे में गिरा सेवादार, 70 प्रतिशत झुलसा

**चंडीगढ़।** अमृतसर स्थित दरबार साहिब के लंगर हाल में शुक्रवार रात को सेवादार बलबीर सिंह उबलते हुए कड़ाहे में गिर गया। आसपास मौजूद अन्य सेवादारों ने उसे तुरंत कड़ाहे से निकाला। उसे अमृतसर के वल्ला स्थित शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के श्री गुरु रामदास अस्पताल में दाखिल कराया गया। वह गुरदासपुर के धालीवाल का रहने वाला है। दरबार साहिब में रोजाना औसतन एक लाख लोगों के लिए लंगर तैयार होता है। बलबीर सिंह लगभग दस साल से सेवा करने के लिए दरबार साहिब आ रहा था। रात करीब 12:30 बजे बड़े कड़ाहों में आलुओं को उबाला जा रहा था। आलू उबाल रहा बलबीर सिंह पैर फिसलने के कारण अचानक कड़ाहे में गिर गया।

## पंजाब के मुख्यमंत्री मान को पेरिस, स्पीकर को अमेरिका जाने की नहीं मिली इजाजत

**चंडीगढ।** विदेश मंत्रालय ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पेरिस और विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवा को अमेरिका जाने की इजाजत नहीं दी है। विदेश मंत्रालय के इस फैसले को लेकर आम आदमी पार्टी की पंजाब प्रदेश इकाई ने केंद्र सरकार की आलोचना की है। मुख्यमंत्री मान 10 सदस्यीय प्रतिनिधीमंडल के साथ पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम का हौसला बढ़ाने के लिए जाना चाहते थे। हॉकी टीम 4 अगस्त को ओलिंपिक में क्वार्टर फाइनल मैच खेलेगी। टीम में ज्यादातर खिलाड़ी पंजाब के हैं। मान 3 अगस्त की रात को पेरिस के लिए फ्लाइट पकड़ना चाहते थे ताकि भारतीय हॉकी टीम के मैच के लिए समय पर पहुंच सकें। वह 9 अगस्त तक विदेश में रहते। विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां को भी विदेश जाने की अनुमति नहीं मिली। स्पीकर को एक सम्मेलन में भाग लेना था।

## नार्को-आतंकवाद से जुड़े छह कर्मचारियों को सरकार ने नौकरी से निकाला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने नार्को-आतंकवाद से जुड़े होने के आरोप में छह कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि पांच पुलिसकर्मियों और एक शिक्षक को नशा बिक्री के जरिए आतंकी वित्तपोषण में शामिल होने के आरोप में नौकरी से निकाल दिया गया है।

## एजुकेशन/करियर

# विदेशी विश्वविद्यालय में नामांकन के लिए देना होता है टोफेल टेस्ट

**रजनीश।** टेस्ट ऑफ इंगिलिश एज ए फोरेन लेंग्वेज को ही (टोफल) के नाम से जाना जाता है। यह एक टेस्ट है जो छात्रों के अंग्रेजी भाषा के कौशल को मापता है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे विदेश की यूनिवर्सिटीज या ग्रेजुएट स्कूल में पढ़ने के लिए काफी हैं। यह उन लोगों के लिए है जिनकी पहली भाषा अंग्रेजी नहीं है, लेकिन वे एक अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय में पढ़ना चाहते चाहते हैं। यह टेस्ट मापता है कि एक व्यक्ति शैक्षिक कार्य को करने के लिए सुनना, पढ़ना, बोलना और लेखन कौशल का कितनी अच्छी तरह उपयोग करता है। इस टेस्ट में 150 से अधिक देशों में 10,000 से अधिक कॉलेज, विश्वविद्यालय और एजेंसियांद्वारा स्वीकार किया जाता है। टोफल दुनिया में सबसे व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त अंग्रेजी परीक्षा है। 1962 में, अमेरिकी विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के इच्छुक गैर झ देशी स्पीकर्स के लिए अंग्रेजी भाषा प्रवीणता सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रीय परिषद का गठन किया गया था। इस परिषद में 30 सरकारी और प्राइवेट आगेर्नाइजेशन ने प्रतिनिधित्व किया था। इस परिषद ने 1963-1965 के समय के लिए टोफल टेस्ट के विकास और प्रशासन की सिफारिश की। टोफल टेस्टिंग पहली बार 1964 में मॉडर्न लैंग्वेज एसोसिएशन द्वारा फोर्ड फाउंडेशन और डैनफोर्थ फाउंडेशन के अनुदान (ग्रांट) से फाइनेंस किया गया था। तब से आज तक अंग्रेजी भाषा प्रवीणता का आकलन करने के लिए यह एक लोकप्रिय प्रतियोगी परीक्षा है।

**टोफेल टेस्ट दो प्रकार के होते हैं :** इंटरनेट वेस्ड टेस्ट उन छात्रों के लिए ऑनलाइन टेस्ट है, जो किसी कारण से परीक्षा केंद्र जाने में असमर्थ होते हैं। इसके अलावा अपनी सुविधा में आसानी के कारण भी छात्र इंटरनेट वेस्ड टेस्ट को चुनते हैं। पेपर बेस्ड टेस्ट ऑफलाइन परीक्षा मोड में होता है, इस टेस्ट के लिए कागज और पेन का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है। टोफल पेपर-आधारित टेस्ट उन क्षेत्रों में आयोजित की जाती है जिनमें कंप्यूटर या बुनियादी इंटरनेट सुविधा की कमी होती है।

**टोफेल के लिए योग्यता :** टोफल जानने के साथ-साथ यह जानना जरूरी है कि इस टेस्ट के लिए जरूरी योग्यता क्या है। टोफल टेस्ट में अपीयर होने के लिए छात्रों को कुछ जरूरी शर्तों को पूरा करना होता है।

**जिसके बारे में नीचे दिया गया है**

टोफल टेस्ट के लिए कोई निश्चित आयु सीमा निर्धारित नहीं है।

उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 स्तर की योग्यता होनी चाहिए।

**टोफेल टेस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन कैसे करते हैं :** टोफल टेस्ट टेस्ट को छात्र साल भर में कभी भी दे सकते हैं। आप अपनी जरूरत के अनुसार टेस्ट की तारीख और केंद्र चुन सकते हैं।





### टोफेल अंक स्वीकार करने वाले शीर्ष विश्वविद्यालय

हावर्ड यूनिवर्सिटी, स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय, प्रिंसटन विश्वविद्यालय, लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, इंपीरियल कॉलेज लंदन, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, मेलबर्न विश्वविद्यालय, सिडनी विश्वविद्यालय, क्वींसलैंड विश्वविद्यालय, टोरंटो विश्वविद्यालय, मैकगिल विश्वविद्यालय, मैकमास्टर विश्वविद्यालय, ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय, टोई ओहोमाई प्रौद्योगिकी संस्थान, ऑकलैंड विश्वविद्यालय, प्रौद्योगिकी के ऑकलैंड विश्वविद्यालय, विक्टोरिया यूनिवर्सिटी ऑफ वेलिंगटन

### समझाने के लिए नीचे कुछ महत्वपूर्ण बिंदु दिए हैं

**ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करें:** यह रजिस्ट्रेशन का सबसे आम और आसान तरीका है। रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन सुविधाएं 24 घंटे खुली हैं। ध्यान रहे कि आपको टोफल टेस्ट टेस्ट की तारीख से कम से कम 7 दिन पहले ही रजिस्ट्रेशन द्वारा सीट बुक करनी होगी।

**कॉल द्वारा रजिस्ट्रेशन करें:** आवेदक फोन के माध्यम से भी रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। भारतीय परीक्षार्थी के लिए टोफल टेस्ट रजिस्ट्रेशन नंबर 91-124-4147700 है।

- मेल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करें: ईमेल के द्वारा भी आप रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके लिए, आपको ऑफिशियल टोफल टेस्ट वेबसाइट से फॉर्म डाउनलोड करना होगा, इसे सही विवरण के साथ भरना होगा और अपना फॉर्म परीक्षा की तारीख से कम से कम 4 हफ्ते पहले भेजना होगा।

**टोफल टेस्ट ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन :** परीक्षार्थियों को रजिस्ट्रेशन पते पर मेल के माध्यम से टोफल टेस्ट पंजीकरण फॉर्म भेजना होगा। टोफल टेस्ट के लिए ऑफलाइन प्रक्रिया इस प्रकार है:

- उम्मीदवार को सबसे पहले टोफल रजिस्ट्रेशन फॉर्म डाउनलोड करना होगा।
- उम्मीदवारों को रजिस्ट्रेशन फॉर्म को मैन्युअल रूप से भरने के लिए आवश्यक विशिष्ट कोड (ऑनलाइन उपलब्ध) भरना होगा।
- फॉर्म में उल्लिखित विकल्पों में से कोई भी भुगतान शुरू कर सकता है।
- फॉर्म भरने के बाद, उम्मीदवार को फॉर्म को आरआरसी (क्षेत्रीय पंजीकृत केंद्र) पर भेजना होगा।

## टोफेल सिलेबस

*टोफेल के तमाम सिलेबस के बारे में नीचे विस्तार से बताया गया है–*

**पढ़ना :** टोफल टेस्ट में इंग्लिश के लंबे पैराग्राफ दिए जाते हैं जिनके बारे में आपको अच्छी तरह से समझना काफी ज्यादा जरूरी होता है। इसके अलावा इन पैराग्राफ में आपको कठिन शब्द के साथ गलत वाक्य दिए जाते हैं और आपको इनको ठीक करना होता है। इस टेस्ट की तैयारी के लिए अक्सर कहा जाता है कि आप जितना ज्यादा अंग्रेजी अखबार पढ़ सकते हैं उतना ही आपको लाभ मिलेगा। रीडिंग भाग में पूछे जाने वाले प्रश्नों की संख्या प्रत्येक भाग में 12-14 से घटाकर 10 कर दी गई है।

- रीडिंग भाग में तीन भागों का एक सेट होता है, जिस पर प्रश्न आधारित होते हैं।
- पारंपरिक एमसीक्यू चार विकल्प और एक सही उत्तर के साथ दिया जाता है।
- बहुविकल्पीय फॉर्मेट में वाक्य एक साथ होते हैं जिसमें प्रश्न परीक्षार्थी को दिए गए चार विकल्पों में से सबसे अच्छा वाक्यांश चुनने के लिए कहा जाता है जो वाक्य से मिलता जुलता हो।
- ऐसे प्रश्न जिनमें चार से अधिक विकल्प और एकाधिक सही उत्तर होते हैं, इस प्रकार का एक प्रश्न प्रत्येक परिच्छेद में आता है।

**बोलना (मौखिक) :** अंग्रेजी भाषा के इस सेक्शन में, सबसे ज्यादा जोर इस बात पर किया जाता है कि इंग्लिश में आपकी कैसी गति है, यह पूरी परीक्षा का सबसे कठिन खंड है क्योंकि इसमें जल्दी सोचना और उसके अनुसार उत्तर देने की आवश्यकता होती है। मौखिक भाग यह आकलन करने का प्रयास करता है कि क्या कोई व्यक्ति कक्षा स्तर के साथ-साथ असली जीवन में अंग्रेजी में बातचीत करने और समझने में सहज है या नहीं। परीक्षार्थी को अपने व्यक्तिगत अनुभव से बोलना, राय देना और तर्क देना आवश्यक है।

- इसके अंतर्गत छात्रों को अपने विचारों और अनुभव के बारे में बोलने के लिए कहा जाता है। इसमें परिचयात्मक प्रश्न होते हैं जो यह आकलन करने के लिए पूछे जाते हैं कि कोई व्यक्ति अपना परिचय कैसे देता है, उनका रवैया, बोलने की शैली आदि कैसी हैं।
- इंटीग्रेटेड स्पीकिंग का काम अन्य कार्यों से अलग होता हैं क्योंकि इसमें अंग्रेजी के दो या दो से अधिक कौशल जैसे पढ़ना और सुनना को शामिल हैं।

**सुनना :** टोफल लिसनिंग खंड का मकसद इस बात का पता लगाना है कि टेस्ट देने वाले छात्रों बोली जाने वाली इंग्लिश को कितनी अच्छी तरह सुनते और समझते है। आमतौर पर, यह सेक्शन मूल्यांकनकर्ता मूल्यांकन पर जोर देता है। यह विभिन्न विषयों के बीच संबंध बनाने, निष्कर्ष निकालने, निर्णय लेने की क्षमता की जांच करता है।

- पारंपरिक एमसीक्यू जिनमें चार विकल्प होते हैं और एक सही उत्तर होता है।
- एमसीक्यू लेकिन चार से अधिक विकल्प और एक से अधिक सही उत्तर के साथ।
- ऐसे प्रश्नों का क्रम देना जो परीक्षार्थियों से रिकॉर्डिंग में घटित घटनाओं के अनुसार दी गई घटनाओं को व्यवस्थित करने के लिए कहते हैं।
- मिलान करने वाले प्रश्न जिनके लिए परीक्षार्थियों को प्रासंगिक पाठ, वस्तुओं और वाक्यांशों के साथ श्रेणियों का मिलान करने की आवश्यकता होती है।

**लिखना :** टोफल परीक्षा के इस भाग में सही, त्रुटि रहित और कोहेरेंट पैसेज लिखने का टेस्ट लिया जाता है। अक्सर, एक अकादमिक माहौल में, आपको किसी विषय के आधार पर संक्षेप, नोट्स तैयार करने, निबंध और पेपर लिखने की आवश्यकता होगी। यह खंड विचार वाक्यांश के कौशल का आकलन करता है, जानकारी के टुकड़े के बीच संबंध बनाता है, धारणाओं की तुलना, तर्क-निर्माण और निष्कर्ष की तुलना करता है। इस सेक्शन में दो प्रकार के कामों के बारे में नीचे दिया गया है।

- **इंटीग्रेटेड लिखित टेस्ट:** 20 मिनट की रिकॉर्डिंग सुनकर परीक्षार्थी को 200-300 अंश पढ़ने होते हैं। इसके आधार पर उन्हें यह लिखना होगा कि दोनों एक दूसरे से कैसे जुड़े हैं। नोट लेने की अनुमति है। कोई सही या गलत उत्तर नहीं है। सुझाई गई शब्द सीमा 150-225 शब्द है लेकिन आप जितना चाहें उतना लिख सकते हैं क्योंकि कोई दंड नहीं है।
- **आश्रित लिखित टेस्ट:** यह एक अनुभव आधारित निबंध है। एक मुद्दा या विषय प्रदान किया जाता है जिस पर परीक्षार्थी कम से कम 300 शब्दों में अपनी राय व्यक्त करता है। मूल्यांकनकर्ता व्याकरण के कौशल, एक संगठित तरीके से लेखन, साक्ष्य के साथ दावे का समर्थन करने की क्षमता, विवरण, वाक्य निर्माण, निष्कर्ष आदि का आकलन करने का प्रयास करते हैं।